हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 26.04.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 269 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों और 'डायन प्रथा' जैसी कुरीतियों पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन, जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा

# डायन प्रथा अंधविश्वास नहीं पितृसत्तात्मक हिंसा का रूप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड न्यायिक अकादमी के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में शनिवार को महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों और 'डायन प्रथा' जैसी कुरीतियों पर केंद्रित एक राज्य स्तरीय कोलोकीयम (विद्वत संगोष्ठी) का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने स्पष्ट रूप से कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाज की गहरी संरचनात्मक समस्या है।



### संविधान और वास्तविकता के बीच का अंतर पाटना जरूरी

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान का अनुच्छेद 14, 15 और 21 हर महिला को गरिमापूर्ण जीवन और समानता का अधिकार देता है। हालांकि, धरातल पर इन अधिकारों और इनके क्रियान्वयन के बीच एक बड़ा अंतर है। उन्होंने झारखंड में व्याप्त डायन प्रथा को 'अमानवीय' बताते हुए कहा, यह केवल अंधविश्वास नहीं है, बल्कि यह सामाजिक असमानता और पितृसत्ता से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। इसे रोकने के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और संवेदनशील कानून-व्यवस्था की अनिवार्य आवश्यकता है।

**सम्मान व सहायता**

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवी संस्थाओं की महिलाओं, दुर्घटना पीड़ित परिवारों और ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही महिला को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।



**पुनर्वास पर केंद्रित हो न्याय की प्रक्रिया**

संगोष्ठी में इस बात को रेखांकित किया गया कि न्याय का अर्थ केवल अपराधी को सजा देना नहीं, बल्कि पीड़ित का पुनर्वास होना चाहिए। विधिक सेवा संस्थानों को गाँव स्तर तक पहुँचकर पीड़ितों को कानूनी सहायता और मुआवजा दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया।

### कानून के क्रियान्वयन में है कमी : जस्टिस अमानुल्लाह

विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने मॉब लिंचिंग और अन्य अपराधों पर चर्चा करते हुए कहा कि चुनौती कानून की कमी नहीं, बल्कि उसके सही क्रियान्वयन की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई गाइडलाइन्स का अगर जिला स्तर पर प्रभावी ढंग से पालन हो, तो अपराधों में बड़ी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने 'फायर फाइटिंग' (घटना के बाद जागने) की धारणा को बदलकर प्रो-एक्टिव कार्यप्रणाली अपनाने पर जोर दिया। झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति महेश शरदचंद्र सोनक, न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद समेत कई विधिक विशेषज्ञ शामिल हुए। प्रथम सत्र का समापन महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण सचिव उमाशंकर सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एक नजर

### 7 करोड़ की हेरोइन के साथ 5 गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम में कामरूप जिले के अमीनगांव में पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लगभग 7 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ के साथ चार महिलाओं समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पांचों तस्करों से गहन पूछताछ कर रही है। असम पुलिस मुख्यालय के सीपीआरओ ने शनिवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने मणिपुर के चुराचांदपुर निवासी मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल डेमथांग हाओकिप (36) को उसके अन्य चार महिला तस्करों के साथ अमीनगांव में गिरफ्तार किया। चारों महिला अमीनगांव में नशीले पदार्थों की डिलीवरी करने पहुंची थी, जहां से उसे निचले असम के विभिन्न ज़िलों में भेजा जाना था।

### स्कॉर्पियो-ट्रेलर की टक्कर में 5 की मौत

**मऊ :** उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद में थाना दोहरीघाट क्षेत्र के बरसातपुर अहिरानी हाईवे पर बीते दिन सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के मुताबिक, एक स्कॉर्पियो वाहन (जेएच 21 जी 3927) अनियंत्रित होकर अपनी लेन से निकलकर दूसरी लेन में पहुंच गया और सामने से आ रही ट्रेलर (बी आर 28जीबी 2171) से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में वाहन में मौजूद एक पालतू कुत्ते की भी जान चली गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### सांसद अमृतपाल सिंह को वापस भेजा गया डिब्रूगढ़ जेल

**डिब्रूगढ़ (असम) :** 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख और खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह को शनिवार को डिब्रूगढ़ पुलिस स्टेशन में दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल पुनः भेज दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून/राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत उनकी हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद पंजाब पुलिस द्वारा उन्हें दोबारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद, शुक्रवार को सांसद को एक स्थानीय अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। यह मामला फरवरी, 2024 में जेल की एनएसए सेल से कुछ गैर-कानूनी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद होने से जुड़ा है।

ईरान-अमेरिका बातचीत पर संशय बरकरार, अराघची बोले

## नहीं होगी परमाणु वार्ता



एजेंसी


**इस्लामाबाद :** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही तनातनी और बातचीत की अटकलों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार, 25 अप्रैल को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर से मुलाकात की है। यह अहम मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका के साथ दूसरे दौर की बातचीत को लेकर पूरी दुनिया में भारी सस्पेंस बना हुआ है। इस मुलाकात को लेकर ईरान ने अपनी स्थिति बिल्कुल साफ कर दी है। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने स्पष्ट किया है कि अराघची के पाकिस्तान दौरे का परमाणु वार्ता से कोई लेना-देना नहीं है। खुद अराघची ने भी बताया है कि उनकी इस यात्रा का मुख्य मकसद द्विपक्षीय मामलों पर अपने सहयोगियों के साथ तालमेल बिठाना और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा करना है। पाकिस्तान के बाद वह ओमान और रूस की यात्रा पर भी जाएंगे। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका के वार्ताकारों के साथ सीधे तौर पर कोई भी बैठक तय नहीं है।

### नीति आयोग के उपाध्यक्ष बने अशोक लाहिड़ी

**नयी दिल्ली :** वरिष्ठ अर्थशास्त्री लाहिड़ी को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही आयोग की नई पूर्णकालिक टीम की भी घोषणा की गई है। नई टीम में राजीव गौबा, प्रो. केवी राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नीति आयोग भारत की नीति-निर्माण संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है, जो सहकारी संघवाद, सुधारों और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस बीच प्रो. गोबर्धन दास ने सोशल मीडिया पर अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त किया।

### 6 पाक तस्करों को 20 साल की कैद व जुर्माना

**कच्छ :** कच्छ के जखौ समुद्री तट पर वर्ष 2021 में पकड़े गए अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी के चर्चित मामले में भुज की स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट ने कड़ा फैसला सुनाया है। भारतीय समुद्री सीमा के जरिए करीब 380 करोड़ की हेरोइन देश में घुसाने की साजिश रचने वाले 6 पाकिस्तानी नागरिकों को कोर्ट ने 20 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला दिसंबर 2021 में सामने आया था, जब गुजरात एटीएस को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से अल हुसैनी नाम की एक नाव भारी मात्रा में हेरोइन लेकर भारतीय जलसीमा की ओर बढ़ रही है।



### पंजाब किंग्स का ऐतिहासिक रनचेज 265 रनों के लक्ष्य को किया हासिल

**नयी दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 35वें मुकाबले में एक हाई-स्कोरिंग थ्रिलर देखने को मिला, जहां पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों के विशाल लक्ष्य को 18.5 ओवर में हासिल कर इतिहास रच दिया। यह मैच सिर्फ बल्लेबाजी के तूफान के लिए ही नहीं, बल्कि लुंगी एनगिडी की दर्दनाक चोट के कारण भी चर्चा में रहा। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट पर 264 रन का पहाड़ खड़ा किया। कप्तान केएल राहुल ने 67 गेंदों पर नाबाद 152 रन की ऐतिहासिक पारी खेली, जबकि नीतिश राणा ने 91 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया।

## हाथी के हमले से मां-बेटी की मौत

**दो बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल**



एजेंसी

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड के हाड़ात गांव में शनिवार तड़के जंगली हाथी के हमले से सनसनी फैल गई। रात करीब तीन बजे गांव में घुसे एक जंगली हाथी ने एक परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें मां और बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के दो बुजुर्ग सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।
ग्रामीणों के अनुसार, हाथी अचानक गांव में घुस आया और सीधे मोहनलाल महतो के घर को निशाना बनाया। रात के सन्नाटे में हुए इस हमले से परिवार को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हाथी ने घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया और वहां मौजूद लोगों को कुचल दिया। हाथी के इस हमले में 35 वर्षीय चाइना देवी और उनकी 13 वर्षीय पुत्री अमिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों को हाथी ने बुरी तरह कुचल दिया था।
मां-बेटी की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।
वहीं, परिवार के मुखिया 72 वर्षीय मोहनलाल महतो और 70 वर्षीय सांतुला देवी भी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## संजय सिंह ने केजरीवाल के आवास की तस्वीरों को बताया फर्जी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा अरविंद केजरीवाल की जारी कथित तस्वीरों को फर्जी और बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि जो तस्वीरें केजरीवाल के आवास से जुड़ी बताई जा रही हैं, जो फर्जी हैं।
संजय सिंह ने पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा द्वारा जारी की गई सभी तस्वीरें झूठी हैं और इनका मकसद केजरीवाल की छवि खराब करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार या कोई भी टीवी चैनल यदि ऐसी तस्वीरें प्रसारित करता है तो आआपा उसके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराएगी। सिंह ने मांग की कि उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आवास भी जनता के लिए खोले जाएं, साथ ही केजरीवाल का घर भी जनता के लिए खोला जाए, ताकि लोग खुद जाकर सच्चाई देख सकें और फैसला कर सकें कि किसका आवास कितना भव्य है।

# ममता बनर्जी का भाजपा पर तीखा हमला, बोलीं केंद्रीय ताकत के भरोसे चुनाव जीतना चाहती है पार्टी

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी शीर्षन्य बंद्योपाध्याय के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), केंद्रीय नेतृत्व और चुनावी रणनीति को लेकर तीखा हमला बोला।
ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए केंद्रीय एजेंसियों, सुरक्षा बलों और संसाधनों का इस्तेमाल कर रही है।



उन्होंने कहा कि कई मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर चुनाव प्रचार में लगाए गए हैं, लेकिन जनता इसका जवाब मतदान से देगी।
उन्होंने नंदीग्राम और भवानीपुर का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष वोटिंग प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन जनता ऐसे प्रयासों को सफल नहीं होने देगी। सभा में रोजगार और उद्योग के मुद्दे भी उठाए। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी घटी है और राज्य में लगातार उद्योग स्थापित हो रहे हैं। कहा कि हावड़ा से बर्धमान तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे विकास और औद्योगिक विस्तार साफ दिखाई देता है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदमोटर क्षेत्र की जमीन पर नए कारखाने लगाए गए हैं और आने वाले समय में वहां बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में कई औद्योगिक गलियारे विकसित किए जा रहे हैं और बड़े निवेश आने वाले हैं।
केंद्र सरकार की योजनाओं पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव के समय घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन पूरे देश में समान रूप से लाभ नहीं दिया जाता। उन्होंने पेट्रोल कीमतों और महंगाई का मुद्दा भी उठाया। इस दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी संयम बरतने की अपील की और कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं को स्वतंत्र वातावरण मिलना चाहिए।

अमित शाह ने पूर्वी बर्धमान के जमालपुर में जनसभा को किया संबोधित, कहा

## चार मई को खिलाएंगे जीत की मिठाई

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पूर्व बर्धमान जिले के जमालपुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का दावा किया।
अमित शाह ने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा को 110 से अधिक सीटों पर बढ़त मिलेगी और आगामी चार मई को जीत के बाद बर्धमान का प्रसिद्ध सीताभोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खिलाकर जीत का जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने



जमालपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील भी की।
सभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में राज्य में महिलाओं के खिलाफ सबसे अधिक अत्याचार हुए हैं। उन्होंने आरजी कर और संदेशखाली जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।
केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश के 20 राज्यों में भाजपा की सरकार है और कहीं भी महिलाओं को शाम सात बजे के बाद घर से बाहर न निकलने जैसी स्थिति नहीं है। उन्होंने दावा किया कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो महिलाएं आधी रात को भी सुरक्षित बाहर निकल सकेंगी।
अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस पर चुनाव के दौरान हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को डराया नहीं जा सकता तथा कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### नया बीईओ को बुकें देकर किया सम्मानित



**बरही :** बरही प्रखंड संसाधन केंद्र में वर्तमान राकेश कुमार को स्थानांतरित कर दिया गया है। उनके स्थान पर नव पदस्थापित बीईईओ विजय कुमार को पदस्थापित किया गया। शनिवार को बीआरसी भवन में बीपीएम अरूण कुमार मेहता के नेतृत्व में नव पदस्थापित बीईईओ विजय कुमार को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीआरपी गुलाब चंद्र, प्रकाश,वीरेंद्र कुमार,गंगाधर रजक, द्वारका प्रसाद चौधरी ,बीआरपी रवि चौरसिया एवं शीला कुमारी मौजूद थे।

### बस में बच्चों को बैठा रहे खलासी को हाइवा ने रौंदा, मौके पर मौत

**पलामू :** जिले के रेहला थाना क्षेत्र स्थित कधवन गांव में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां स्कूली बच्चों को बस में बैठा रहे खलासी को एक तेज रफ्तार हाइवा ने कुचल दिया, जिससे खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बस में चढ़ रहे बच्चे बाल-बाल बच गए। मृतक की पहचान रेहला निवासी नूर मोहम्मद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, कधवन गांव में दो स्कूल बसें खड़ी थीं और बच्चे उनमें चढ़ रहे थे। इसी दौरान नूर मोहम्मद एक बस में बच्चों को बैठा रहे थे। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार में आ रहा हाइवा अनियंत्रित हो गया और एक बस को टक्कर मार दी। इस दौरान नूर मोहम्मद हाईवा की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आनन-फानन में उन्हें एमएमसीएच लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एमएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया।

### आदिम जनजाति परहिया परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग के लिए बढ़ाया हाथ

**लातेहार :** कहते हैं कि अगर चारों ओर से मदद के हाथ उठने लगें तो मुश्किल राह भी आसान हो जाती है। लातेहार के श्री तीर्थ यात्रा न्यास के स्वयंसेवकों ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। दरअसल मनिका प्रखंड स्थित लंका उच्चवाल ग्राम के परहिया टोला निवासी रामलाल परहिया की बेटी का विवाह 30 अप्रैल को है। वह एक सामाजिक व्यक्ति हैं और सभी के दुख में शरीक होते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों ने भी उनकी बेटी की शादी में सहयोग का हाथ बढ़ाया है। स्वयंसेवक वीरेंद्र प्रसाद व रामेश उरांव परहिया के घर पहुंचे और उनकी बेटी की शादी के लिए वस्त्र, अन्न के अलावा आर्थिक मदद की। वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि सामुहिक पहल से ही समाज में एकरूपता लायी जा सकती है। उन्होने कहा कि समाज में रहने वाले हर एक व्यक्ति को समाज के जरूरतमंद की मदद करना चाहिए। किसी के कन्या दान में सहयोगी बनने से बढ़ कर कोई पुनित कार्य नहीं है। साथ ही रमेश उरांव ने भी समाज में परिवर्तन लाने के लिए पहले स्वयं आगे आने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर आप पहल करते हैं तो दूसरे लोग भी इससे प्रेरित होगें। इस पुनित कार्य में लातेहार के बज्रांग देव सेवा संस्थान के संस्थापक सह मनोकामना सिद्धि हनुमान मंदिर के पुजारी त्रिभुवन पांडेय ने भी वस्त्र दान किया। इसके अलावा उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जलता के प्रधानाध्यापक आशीष पांडेय ने अंशदान दे कर अपने सामाजिक दायित्व का निवर्हन किया इस कार्य से उनकी सराहना हो रही है।

# भामाशाह विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, बेहतर प्रदर्शन वाले प्रतिभागी पुरस्कृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के द्वारा सत्र 2025-26 में झारखण्ड अधिविध परिषद (जैक) एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहनों के प्रतिभा के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विदित हो कि जैक द्वारा आयोजित परीक्षा में कुल 77 भैया बहनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। सभी 77 भैया बहनों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, परिवार, एवं समाज का मान बढ़ाया। जिसमें बहन राधिका कुमारी 90.80%, लक्ष्मी कुमारी 89%, नेहा कुमारी 88.80% प्राप्तांक रहा। वही सीबीएसई द्वारा आयोजित परीक्षा में कुल 43भैया बहनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।




सभी प्रतिभागियों ने प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया। भैया गौरव कुमार 94.60%, बहन तृप्ति शाहा 89%, बहन आंशिक गुप्ता 86.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार,एवं समाज का मान बढ़ाया। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि सभी भैया बहनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन इनके सतत अभ्यास कठोर मेहनत एवं अनुशासन आचार्यों का समुचित मार्गदर्शन एवं इनके अभिभावक का सहयोग एवं विश्वास का परिणाम है। इन्होंने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप अपने जीवन में सफलताओं की पराकाष्ठा को प्राप्त करें। विद्यालय प्रवंधकारिणी समिति के पदेन सदस्य सह साहू समाज मुखिया सुरेश साव जी ने कहा कि भैया बहनों के इस प्रदर्शन से हमसभी प्रसन्न है। भैया बहनों के सफलता प्राप्ति पर इन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य की का कुशल नेतृत्व का यह परिणाम है कि अल्प संसाधन में भी बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवा रहे हैं। उपर्युक्त मौके पर उत्तीर्ण भैया बहन अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहे वही विद्यालय के सभी आचार्य जी/दीदी जी ने इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान किया।

## जैक दसवीं बोर्ड में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही की उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही की छात्राओं ने माध्यमिक परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष कुल 247 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 190 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी, 49 ने द्वितीय श्रेणी, और 8 छात्राओं ने मार्जिनल श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं में नीतू कुमारी ने 91.00% अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर सोनम कुमारी रहीं, जिन्होंने 85.40% अंक प्राप्त किए, जबकि प्रतिमा कुमारी ने 84.80% अंक के साथ तीसरा स्थान अपने नाम किया। इसके साथ ही राज रानी गुप्ता, नैना कुमारी-84.40% ,मधु कुमारी, अल्फिया परवीन निशु कुमारी, कोमल कुमारी 84.00%, साबू परवीन 83.60%,भूमि कुमारी 82.20%, सोनी कुमारी, रिशु कुमारी 82.00%,



पीहू कुमारी- 81.60%, दिव्या कुमारी , नौशीन नूर-81.00% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य रविकांत ओम ने कहा, यह परिणाम विद्यालय और छात्राओं की मेहनत का प्रमाण है। हम सभी छात्राओं को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देते हैं। विद्यालय के स्टाफ और प्रबंधन ने इस सफल परीक्षा परिणाम के लिए छात्रों और शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत की सराहना की। आगे की शिक्षा की दिशा में इन छात्राओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न मार्गदर्शन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## माउंट ऑलिवेट स्कूल गुड़ियो के शशि वर्मा ने 472 अंक लाकर बने प्रखंड टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बिजैया पंचायत के गुड़ियो में संचालित माउंट ओलिवेट स्कूल के छात्रों ने जैक बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। परीक्षा परिणाम के बाद विद्यालय में उत्साह का माहौल है। विद्यालय के छात्र शशि वर्मा ने 472 अंक लाकर बरही प्रखंड टॉपर बने, जबकि सुमन ठाकुर ने 458 अंक लाकर द्वितीय स्थान, अजमत हुसैन ने 456 अंक लाकर तृतीय स्थान, फरहान खान एवं सुनील यादव ने 453 अंक लाकर चौथा स्थान प्राप्त किया। सौरव कुमार ने 452 अंक लाकर पांचवा स्थान प्राप्त किया । वहीं मो मोहसिम ने 450 अंक लाकर छठा स्थान प्राप्त किया, सचिन कुमार यादव एवं संदीप कुमार 447 अंक



लाकर सातवां स्थान प्राप्त किया। उदय कुमार 446 अंक लाकर आठवां स्थान, आशीष यादव ने 443 अंक लाकर नौवां स्थान, अफसर हुसैन एवं कोमल रानी ने 441 अंक लाकर दसवां स्थान, मो समीर ने 440 अंक लाकर ग्यारहवां स्थान, सृष्टि कुमारी ने 439 अंक लाकर बारहवां स्थान, संदीप कुमार यादव ने 438 अंक प्राप्त कर तेरहवां स्थान, पीयूष कुमार एवं निरंजन ठाकुर ने 437 अंक लाकर चौदहवां स्थान, काजल कुमारी ने 433 अंक लाकर पंद्रहवां स्थान, अनिका कुमारी ने 430 अंक लाकर सोलहवां स्थान प्राप्त किया, जबकि सुमिता कुमारी, मनीषा कुमारी और जिज्ञाशा कुमारी ने 426 अंक लाकर सतरहवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव ने जैक बोर्ड की परीक्षा में सफल सभी छात्र - छात्राओं को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। श्री यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

## 18 घंटे में चार सड़क हादसे, बच्चे समेत पांच घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 18 घंटे के भीतर अलग-अलग स्थानों पर हुए चार सड़क दुर्घटनाओं में एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पहली घटना शुक्रवार देर शाम बसरिया स्थित कठम्बा मोड़ के पास हुई। जानकारी के अनुसार 10 वर्षीय रंजीत कुमार उर्फ अनमोल, पिता नागेश्वर भुइयां, समोसा खरीदकर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान ग्राम हथिया की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बच्चे को स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक प्राथमिक विद्यालय जागोडीह का कक्षा पांचवीं का छात्र था। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद कुछ लोगों



ने सहयोग का भरोसा दिया था, लेकिन अब पीछे हट रहे हैं। मामले में चौपारण थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की गई है। दूसरी घटना शुक्रवार शाम दादपुर नहर के समीप हुई, जहां रामपुर भगवानपुर निवासी जावेद घायल हो गए। तीसरी घटना शनिवार सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच शहीद भगत सिंह स्कूल मोड़ के पास हुई। बाइक सवार तबरेज आलम (पिता शमशेर) और मो० सुहैल (पिता मुमताज) इंडेन गैस सिलेंडर लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से बालू खाली कर लौट रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए, जिनमें मो० सुहैल की हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। चौथी घटना शनिवार शाम बिगहा बाजार के पास हुई, जहां बाइक सवार दो युवकों की पिकअप वैन से टक्कर हो गई। दोनों युवक जोकट गांव के बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई करने तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

## झारखंड पात्रता परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए एसडीओ ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** जेपीएससी झारखंड पात्रता परीक्षा के कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए एसडीओ जोहन टुडू की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और गश्ती सह उड़नदस्ता दंडाधिकारी की बैठक हुई। एसडीओ ने झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम की जानकारी देते हुए परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। एसडीओ ने सभी दंडाधिकारियों से कहा कि परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा सामग्री उपलब्ध कराना है और परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को सीलबंद कर सीधे कोषागार में जमा कराना है। जेपीएससी झारखंड पात्रता परीक्षा के लिए बरही अनुमंडल में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरही, मीडिल स्कूल बरही, डीएवी पब्लिक




स्कूल बरही, प्लस टू हाई स्कूल बरही, आरएनवाईएम कालेज बरही, श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा बरही, बरही इंटर कालेज, प्लस टू हाई स्कूल पदमा, मां विंध्यवासिनी कालेज पदमा, प्लस टू हाई स्कूल चौपारण, मीडिल स्कूल दादपुर, सुंदरलाल जैन हाई स्कूल सिंघरावां, अमोली अपूर्वा हाई स्कूल मानगढ़ चौपारण, प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरकट्ठा। सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

# ग्रामीणों ने लगाया अवैध मुर्गा फार्म खोलकर गंदगी एवं प्रदूषण फैलाने का आरोप, बच्चों की शिक्षा प्रभावित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**इचाक :** हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परासी पांडेय पोखर के ग्रामीणों ने अवैध मुर्गा फार्म के संचालन के खिलाफ ने आवाज उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि बड़काखुर्द निवासी नरेश मेहता द्वारा इस पोल्ट्री फार्म को चलाया जा रहा है। इस पोल्ट्री फार्म के कारण उनके जीवन में कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिसमें गंदगी, प्रदूषण और स्वास्थ्य संकट शामिल हैं। ग्राम परासी के पाण्डे पोखर क्षेत्र के निवासी, जो वर्षों से इस स्थान पर रह रहे हैं, ने उपायुक्त महोदय को एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि मुर्गा फार्म का संचालन अवैध है और इससे निकलने वाली गंदगी के कारण उनके



आस-पास की स्थिति गंभीर हो गई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि फार्म से निकलने वाली दुर्गंध और गंदगी ने उनके जीवन को प्रभावित किया है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उसी पोल्ट्री फार्म के बगल में विद्यालय भी संचालित है । पोल्ट्री फार्म के कारण बच्चों को भी परेशानी हो रही है। उनकी शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि फार्म संचालक स्वच्छता मानकों का पालन नहीं कर रहा है। इससे न केवल पर्यावरण में प्रदूषण बढ़ रहा है, बल्कि जीवाणु जनित बीमारियों का फैलाव भी हो रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई परिवारों के सदस्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जो इस फार्म के कारण उत्पन्न हो रहे हैं। स्थानीय निवासी गजेंद्र पंडित ने कहा, ₹हम अपने बच्चों की स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पोल्ट्री संचालक को सफाई के लिए कहने पर गाली गलौज एवं धमकी देता है। उन्होंने बताया कि हम प्रशासन से गुजारिश करते हैं कि इस अवैध फार्म के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। यदि हमारी आवाज को नजरअंदाज किया गया, तो हमें और कठोर कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने का विचार कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से इस मामले पर क्या कदम उठाए जाएंगे, यह देखना अभी बाकी है। ग्राम पंचायत परासी के निवासियों ने उपायुक्त महोदय से मांग की है कि अवैध मुर्गा फार्म के संचालन को तुरंत बंद किया जाए और इसके संचालक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। मांग करने वालो में गजेंद्र कुमार, शक्ति कुमार, रमेश चंद्र साव, जगरनाथ पादव, मुकेश कुमार, अनिता देदी, ज्योति कुमारी, नमीता देवी, गणेश कुमार, दिनेश कुमार,मनीष कुमार, बाली राम, राज कुमार, कृष्णा कुमार,राजेश कुमार, कैलाश यादव,सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### केदारुत मुखिया सरिता देवी ने विद्यार्थियों के बीच किया पोशाक का वितरण



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय केदारुत में वर्ग तृतीय से सातवीं तक के 60 छात्र-छात्राओं के बीच बैग और किताब का वितरण किया गया। वर्ग पहला और दूसरा के 15 छात्र-छात्राओं पोशाक दिया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए मध्याह्न भोजन, पोशाक, छात्रवृत्ति व पुस्तक आदि दिया जाता है। उन्होंने कहा कि नियमित विद्यालय आकर पठन-पाठन कर। कहा कि इस जीवन में शिक्षा का बहुत ही महत्व है। पोशाक मिलने से छात्र-छात्राओं में हर्ष देखा गया। मौके पर मुखिया सरिता देवी, प्रधानाध्यापक मिथलेश प्रसाद, शिक्षक निरंजन प्रसाद, विमला तूरी, वार्ड सदस्य अंजू देवी सहित कई अभिभावक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नारी सुरक्षा वंदन को लेकर भाजपा का आक्रोश पदयात्रा, शामिल हुए विधायक



**बरही :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर शनिवार को रांची में महिला आक्रोश पद यात्रा का आयोजन किया गया।इस पदयात्रा में बरही विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं के साथ भाजपाई शामिल हुए।यह पद यात्रा मोराबादी मैदान से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं और नेताओं ने भाग लिया।पद यात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने किया। इस पद यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने राज्य में बढ़ती महिला अपराध की घटनाओं को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पद यात्रा के दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा पूरी तरह से खतरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में लगातार बढ़ रहे अपराधों के बावजूद सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी जब तक राज्य की बेटियां सुरक्षित नहीं होंगी, तब तक विकास की बात बेमानी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं और कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने मांग की कि महिला अपराधों पर रोक लगाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, अन्यथा भाजपा आंदोलन को और तेज करेगी। इस पद यात्रा में बरही विधानसभा से रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, नागेश्वर रजक, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कांति देवी, चौपारण से मंडल अध्यक्ष रेवा शंकर साव, जिला परिषद सदस्य सह मंडल अध्यक्ष आरती कौशल,सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीआरसी परिसर में नव बीईईओ विजय कुमार का सम्मान समारोह, शिक्षकों ने किया स्वागत



**चौपारण :** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के रूप में नव पदस्थापित विजय कुमार के चौपारण आगमन पर बीआरसी कार्यालय परिसर में शिक्षकों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों ने नए पदाधिकारी से प्रखंड की शिक्षा व्यवस्था में सुधार, विद्यालयों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि की उम्मीद जताई। शिक्षकों ने कहा कि बेहतर समन्वय और सहयोग से चौपारण प्रखंड शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। अपने संबोधन में बीईईओ विजय कुमार ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए वे सभी के साथ मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने शिक्षकों से ईमानदारी, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए काम करने का आह्वान किया। समारोह में कई शिक्षक, प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक एवं शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के टॉपर छात्र हुए सम्मानि




**लातेहार :** लातेहार शहर में स्टेडियम के पास स्थित जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में इस वर्ष जैक 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के टॉप 5 छात्रों को सम्मोनित किया गया। पहले छात्रों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। इसके बाद जिला टॉपर करण कुमार के अलावा प्रीतम कुमार गुप्ताय, उज्जवल कुमार सोनी, प्रितम कुमार व नेहा कुमार को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न, प्रमाणपत्र व उपहार भेंट किये गये। प्राचार्य तृप्ति भारती ने अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम करने वालों को मंजिल अवश्य मिलती है। शिक्षा से बड़ी कोई पूंजी नहीं है। यह एक ऐसी पूंजी है जिसे कोई आपसे नहीं छीन सकता है। उन्हों ने विद्यार्थियों को मन लगा कर आगे की पढ़ाई करने व विद्यालय का नाम रोशन करने की सीख दी। साथ ही उन बच्चों का भी हौसला बढ़ाया जिन्होंने परीक्षा में कम अंक लाये हैं। विद्यालय के प्रबंधक पीके गुप्ता ने छात्रों को आगे भी सफलता की कामना की। मौके पर वरीय शिक्षक नरेंद्र पांडेय, दशरथ सिंह, एवलिन मिंज, सौम्याह मिश्रा, आकृति कुमारी, अभय पाठक व रूपेश सर समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकायें व विद्यार्थी मौजूद थे।

## परंपरागत खेती से आधुनिक खेती की ओर

# 25 ग्रामीण बने लखपति किसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से 18 गांवों के 25 किसानों ने आधुनिक खेती को अपनाकर लखपति किसान बनने की प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। पहले परंपरागत खेती पर निर्भर ये किसान आज उन्नत तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं। इसमें उनकी सोच और उषा मार्टिन के सहयोग की अहम भूमिका रहीं।

फाउंडेशन के तहत किसानों को ड्रिप सिंचाई, सोलर लाइट, उन्नत बीज, फूलों के पौधे, ग्राफ्टेड पौधे, कीट नियंत्रण हेतु सोलर ट्रैप तथा पॉलीहाउस/पॉलीशेड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को खेती की समस्याओं के समाधान, उत्पादन बढ़ाने के उपाय और बाजार से जुड़ाव पर विशेष मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

इन किसानों ने फूलों, फलों और सब्जियों के साथ-साथ तरबूज, खरबूज, स्ट्रॉबेरी तथा अन्य नकदी फसलों की खेती शुरू की है। इसके परिणामस्वरूप उनकी आय में तेजी से वृद्धि हुई है और वे आर्थिक रूप से सशक्त बने हैं।

उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव डॉ. मयंक मुरारी के मार्गदर्शन में संचालित इस पहल को विशेष गति मिली है। उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों, उन्नत फसल प्रबंधन तथा बाजार से जुड़ने के तरीकों पर निरंतर मार्गदर्शन दिया है। उनके प्रयासों से किसानों में नई सोच विकसित हुई है और वे परंपरागत खेती से आगे बढ़कर आय बढ़ाने वाले विकल्प अपना रहे हैं।

एनआरएम कोऑर्डिनेटर मेवालाल महतो के अनुसार, इस वर्ष सात गांवों में 25 किसानों को लखपति बनाया गया है। उन्होंने बताया कि हाई वैल्यू खेती कम जमीन में अधिक आय देने में सक्षम है। पॉलीशेड नेट में टमाटर, बैंगन, शिमला मिर्च, खीरा और फूलगोभी जैसी फसलों की खेती कर किसान बेहतर उत्पादन और अधिक लाभ कमा रहे हैं। माइक्रोन्यूट्रिएंट्स और संतुलित उर्वरकों के उपयोग से उत्पादन में 20 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि संभव हुई है।

इसके अलावा, किसानों ने आम, अमरूद, नींबू, ड्रैगन फ्रूट और एवोकाडो जैसे फलदार पौधे भी लगाए हैं, जिनसे आने वाले वर्षों में नियमित आय प्राप्त होगी।

### किसानों की जुबानी सफलता की कहानी

सुदीप पाहन (लुपुंग गांव) ने बताया कि वे तरबूज, ग्राफ्टेड टमाटर और फूलगोभी की खेती कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण की मदद से उनकी उपज और आय दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

दिलीप महतो (उलातु गांव) ने पॉलीहाउस के माध्यम से उन्नत खेती शुरू की है। उन्हें सोलर स्ट्रीट लाइट, कीट नियंत्रण के लिए सोलर ट्रैप और उन्नत बीज की सुविधा मिली, जिससे उनकी खेती अधिक सुरक्षित और लाभकारी बन गई है।

ईश्वर महतो (बेरवारी गांव) ने पॉलीशेड नेट, ड्रिप सिंचाई, उन्नत बीज और सोलर ट्रैप का उपयोग कर आधुनिक खेती को अपनाया है। इससे उनकी फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई है और बाजार में उन्हें अच्छे दाम मिल रहे हैं।

इस पहल से न केवल 25 किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि 7 गांवों में खेती के प्रति एक नई सोच विकसित हुई है। अब अन्य किसान भी इससे प्रेरित होकर आधुनिक और लाभकारी खेती की ओर बढ़ रहे हैं।

यह पहल ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता और किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

### किसान की खुशहाली है कंपनी का लक्ष्य -: एन एन झा

उषा मार्टिन का सीएसआर ग्रामीण विकास को समर्पित है। विकास का लाभ गांव-गांव के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। किसान की खुशहाली और संपन्नता के लिए लगातार जारी रहेगा।

## विश्व मलेरिया दिवस पर आईपीएच सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मी हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





### विभिन्न जिलों के मुखियाओं और जेएसएलपीएस की दीदियों को किया गया सम्मानित

**मुखिया/कर्मी :** किरण सोरेन (साहेबगंज), काकुली मुखर्जी (धनबाद), अनुज कुमार सिंह (गढ़वा), शिशिर टोप्पो (सिमडेगा), बुलबुल कुमारी (रामगढ़), रवि कुमार दास (हजारीबाग), सुनीता देवी (लातेहार), जीने लकड़ा (गुमला), नैका सोरेन (पाकुड़), कृष्णा पाहन (रांची) एवं मधु देवी (गिरिडीह)।
**जेएसएलपीएस :** ब्यूटी भट्टाचार्य, शकीला खातून, शिखा कुमारी, मलोरी देवी और संजय कुमार यादव।

**रांची :** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक श्री शशि प्रकाश झा ने वेक्टर जनित रोगों के उन्मूलन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों और मुखियाओं को सम्मानित किया।

अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने पोलियो उन्मूलन का उदाहरण देते हुए कहा, जिस तरह हमने आपसी तालमेल और जन-भागीदारी से पोलियो को हराया, उसी तरह हम मलेरिया को भी राज्य से खत्म करेंगे। उन्होंने मच्छरदानी के नियमित प्रयोग, नालियों की सफाई और मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने पर जोर दिया।

श्री झा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग साल भर में 46 विभिन्न गतिविधियां संचालित करता है। उन्होंने कहा कि बीमारियों की स्क्रीनिंग बढ़ाने के लिए 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, पंचायत स्तर पर मुखियाओं के माध्यम से और सोशल मीडिया पर वीडियो संदेशों के जरिए जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह ने कालाजार मुक्त झारखंड का संकल्प दोहराया। वहीं स्वास्थ्य निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने प्रचार-प्रसार पर बल दिया। मौके पर डॉ. लाल मांझी, डॉ. विजय रजक, डॉ. मुकेश कुमार और पीरामल फाउंडेशन के विकास सिन्हा सहित राज्य भर के लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# आज से गर्मी से राहत के आसार

## कई जिलों में ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में 26 अप्रैल से भीषण गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने 26, 27 और 28 अप्रैल को कई जिलों में गर्जन के साथ ओलावृष्टि, वज्रपात और तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है।

विभाग के अनुसार, इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है, जिससे लोगों को प्रचंड गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

मौसम विभाग ने जिन जिलों में ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना जताई है, उनमें उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्र के कई जिले शामिल हैं। उत्तर-पूर्वी जिलों में देवघर, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा और साहिबगंज शामिल हैं। वहीं मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, रामगढ़, गुमला, हजारीबाग, लोहरदगा, धनबाद और कोडरमा में भी खराब मौसम की संभावना व्यक्त की गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 19.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर मौसम साफ रहा, जिससे लोगों ने भीषण गर्मी का सामना किया। रांची में अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री और न्यूनतम 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 43.6 और न्यूनतम 23.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 43.5 डिग्री और न्यूनतम 25.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 42.4 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सतर्क रहें, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें तथा वज्रपात के समय सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। खासकर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# जेपीएससी : झारखंड पात्रता परीक्षा आज, केंद्रों पर धारा 144 लागू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में करीब 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद रविवार (26 अप्रैल) को झारखंड पात्रता परीक्षा आयोजित होने जा रही है। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित इस परीक्षा में राज्य भर के लगभग 1.75 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

असामाजिक तत्वों द्वारा व्यवस्था भंग करने की आशंका को देखते हुए सदर अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत ने सभी केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू कर दी है।

सरकारी कार्य में लगे कर्मियों और शवयात्रा को छोड़कर, एक स्थान पर 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के जमा होने पर रोक। किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र (लाठी, डंडा, बंदूक, रिवॉल्वर आदि) और लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध। यह आदेश रविवार सुबह 7:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

### सुरक्षा के कड़े घेरे में राजधानी के 117 केंद्र

अकेले रांची जिले में मारवाड़ी कॉलेज समेत कुल 117 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) के निदेशानुसार, सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### बायोमेट्रिक जांच के बाद ही मिलेगा प्रवेश

परीक्षा के लिए राज्य के 6 जिलों—रांची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग और देवघर में कुल 434 केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे ही केंद्रों पर रिपोर्ट करने को कहा गया है। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। इस बार केंद्रों पर सुरक्षा के आधुनिक इंतजाम किए गए हैं; प्रत्येक अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक और आईआरआईएस वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा, जिसके बाद ही उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

# एचईसी टाउनशिप में सीवरेज सफाई का काम ठप, बढ़ा संक्रमण का खतरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची स्थित हेवी इंजीनियर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के आवासीय परिसर में सीवरेज लाइन की नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टाउनशिप की सीवरेज व्यवस्था चरमराने से कई इलाकों में गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि एचईसी प्रबंधन ने सीवरेज सफाई के लिए तैनात सफाईकर्मियों को टाउनशिप से हटाकर प्लांट में पदस्थापित कर दिया है। इसी कारण आवासीय क्षेत्रों में सीवरेज लाइन की नियमित सफाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

उन्होंने बताया कि विशेष रूप से एलटीएल क्वार्टरों में स्थिति बेहद खराब है। यहां सीवरेज लाइन की सफाई लगभग बंद हो चुकी है, जबकि प्रबंधन की ओर से इन क्वार्टरों से प्रतिवर्ष 400 से 1000 रुपये तक शुल्क वसूला जाता है। इसके बावजूद निवासियों को मूलभूत सुविधा नहीं मिल रही है। लालदेव सिंह ने कहा कि पहले गैर-एलटीएल क्वार्टरों की भी निःशुल्क सफाई की व्यवस्था थी, लेकिन अब आम लोगों को अपनी जेब से निजी सफाईकर्मियों को भुगतान कर सफाई करानी पड़ रही है।

# जगन्नाथ मंदिर के गार्ड हत्याकांड का खुलासा दानपेटी चोरी की नीयत से अपराधियों ने की हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची के सुप्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में तैनात गार्ड बिरसा मुंडा की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और हत्या में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि अपराधी चोरी की नीयत से मंदिर परिसर में दाखिल हुए थे। अपराधियों ने मंदिर की दानपेटी से पैसे चुराने की कोशिश की, जिसका विरोध करने पर गार्ड की हत्या कर दी गई। शुरूआती जांच में ही पुलिस को दानपेटी के साथ छेड़छाड़ और नकदी चोरी होने के पुख्ता संकेत मिले थे।

हत्याकांड के सफल खुलासे के बाद शनिवार को रांची एसएसपी राकेश रंजन जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान जगन्नाथ के दरबार में मत्था टेका और पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ सिटी एसपी पारस राणा, डीएसपी पीके मिश्रा और जगन्नाथपुर थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। पूजा के पश्चात एसएसपी ने पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की।

एसएसपी राकेश रंजन ने मंदिर परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि राजधानी के प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर के सभी बड़े मंदिरों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सुरक्षा गार्डों की तैनाती और पुलिस गश्ती को लेकर नई समीक्षा की जा रही है। प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना दोबारा न हो।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में रचनात्मक कौशल और समग्र विकास पर आधारित कार्यक्रम आयोजित, प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा

# समग्र विकास और रचनात्मक कौशल का केंद्र है विद्यालय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** मानवतावादी दृष्टिकोण, समाज और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता तथा बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए कांके रोड स्थित कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल में रचनात्मक कौशल और समग्र विकास पर आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्य ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय इस लक्ष्य को प्राप्त करने का सबसे सशक्त केंद्र है। यदि विद्यालयी स्तर पर बच्चों को सही दिशा, प्रेरणा और प्रशिक्षण दिया जाए, तो उनके समग्र विकास की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

प्राचार्या ने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान शिक्षा नीति लर्निंग बाय डूइंग यानी करके सीखने की अवधारणा को बढ़ावा देती है, जो व्यक्ति और राष्ट्र निर्माण के व्यवहारिक आयामों को मजबूत करती है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यालय के विभिन्न क्लबों के माध्यम से बच्चों के साथ कई रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित कीं। इसमें खेल, फिल्म, ड्रामा, मीडिया, सामान्य ज्ञान, विज्ञान एवं गणित, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण, वैश्विक साझेदारियां, शारीरिक शिक्षा, स्केटिंग, कानूनी साक्षरता और मतदाता जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस गतिविधि के तहत बच्चों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पृथ्वी की रक्षा, जिम्मेदार उपभोग, असमानता का अंत, गरीबी और भूख मिटाने के प्रयास, जलवायु परिवर्तन को रोकने के उपाय तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति जैसे विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने समाज को एक सकारात्मक और सशक्त संदेश दिया।

छोटे बच्चों के लिए आयोजित वाटरमेलन थीम और ग्रीन डे कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा विभिन्न समकालीन विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी तार्किक क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों की सहभागिता रही, जिससे विद्यालय परिसर उत्साह, रचनात्मकता और सीखने के वातावरण से भर गया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री श्याम मंदिर में 197वां भंडारा: भक्तों के बीच बंटा केसरिया लस्सी का प्रसाद



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 197वां श्री श्याम भंडारा श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर बाबा के जयकारों से गुंजायमान रहा। भंडारे की शुरूआत एक भक्त परिवार द्वारा बाबा श्याम को केसरिया लस्सी का विशेष भोग लगाकर की गई। इसके पश्चात प्रथम पूज्य श्री गणेश जी महाराज के जयघोष के साथ भक्तों के बीच प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। भीषण गर्मी के बीच केसरिया लस्सी का प्रसाद पाकर श्रद्धालुओं ने राहत महसूस की। मंदिर में उमड़ी भीड़ का आलम यह था कि हरमू रोड पर भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध की स्थिति के कारण दुनिया भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का संकट गहराया हुआ है। इस वैश्विक परिस्थिति को देखते हुए मंडल ने निर्णय लिया है कि फिलहाल हर शनिवार को दिए जाने वाले भोजन भंडारे को स्थगित रखा जाएगा। इसके स्थान पर फल, शरबत और लस्सी जैसे पेय पदार्थों के भंडारे की व्यवस्था की जा रही है ताकि संसाधनों का संरक्षण हो सके।

### मंत्री दीपिका पांडेय को सखी मंडल की महिलाओं ने दिया तरबूज, मंत्री ने की सराहना



**रांची :** ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका सिंह पांडेय के रांची स्थित आवास पर शनिवार को तोरपा प्रखंड की सखी मंडल से जुड़ी कई महिलाओं ने मुलाकात की। इस दौरान महिलाओं ने मंत्री को खूद से उपजाई हुई तरबुज भेंट की। मंत्री ने महिलाओं के इस कार्य उपलब्धियों की जमकर सराहना की। मुलाकात के दौरान सखी मंडल की दीदियों ने जैविक खेती और जैविक संसाधन केंद्र के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में उनके जैविक संसाधन केंद्र की आय 50 हजार रुपये से बढ़कर 6 लाख रुपये से अधिक हो गई है, जो उनकी मेहनत और संगठित प्रयास का परिणाम है। इस अवसर पर मंत्री ने कहा जैविक तरबूज की खेती के माध्यम से महिलाएं न सिर्फ अपनी आय बढ़ा रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही हैं। यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की ओर से महिलाओं के उत्पादों को उचित बाजार मूल्य दिलाने और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सखी मंडल की कई महिलाएं मौजूद थे।

### झारखंड वित्त सेवा के प्रशिक्षणरत पदाधिकारियों ने किया विधानसभा का भ्रमण

**रांची :** झारखंड वित्त सेवा और सहकारिता सेवा के प्रशिक्षणरत पदाधिकारियों ने शनिवार को झारखंड विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा की कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मौके पर पदाधिकारियों को बताया गया कि सत्र के दौरान विधानसभा कैसे संचालित होती है। समितियों का गठन और उनका कार्य किस प्रकार होता है। इसके साथ ही विधायी प्रक्रिया की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। भ्रमण के क्रम में पदाधिकारियों ने विधानसभा के सभा कक्ष, पुस्तकालय और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद सभी पदाधिकारी विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाएंगे, जहां जनप्रतिनिधियों सांसद, विधायक और अन्य नेताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में संतुलन और शिष्टाचार को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अधिकारियों को हर परिस्थिति में संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने वारंट ऑफ प्रीसिडेंस के तहत राज्य के प्रोटोकॉल और पदानुक्रम की जानकारी देते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की सलाह दी। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष ने सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर्तव्यों के निर्वहन का संदेश दिया।

### मुरी शहरी जलापूर्ति योजना बंद होने से ग्रामीण परेशान

**सिल्ली :** मुरी शहरी जलापूर्ति योजना की ओर से चार दिनों से पानी सप्लाई बंद पड़ा हुआ है। वहीं मुरी आसपास के क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशान उठानी पड़ रही है। एक ओर भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं और दूसरी ओर जलापूर्ति विभाग की उदासीनता से ग्रामीण जल के लिए बेहाल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पानी सप्लाई नहीं होने से किसी प्रकार काफी मशक्कत करने के बाद पानी की व्यवस्था कर पा रहे हैं। वहीं लोग दूर-दराज से बाल्टी एवं अन्य बर्तनों के सहारे पानी लाते हुए नजर आ रहे हैं। प्रचंड गर्मी के कारण घरों से निकलना काफी मुश्किल है परंतु पानी के बिना जीवन जी पाना नामुमकीन है लोग मजबूरी में पानी की व्यवस्था को लेकर घूमते नजर आते हैं।

### रांची विवि के सभी आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से खबरों का सटीकता से हो प्रकाशन : कुलपति

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी सभागार में कुलपति की अध्यक्षता में प्लेसमेंट सेल और पीआरओ सेल की समीक्षा बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय की पिछले वर्षों की उपलब्धियों का आकलन करना और भविष्य की कार्य योजना तैयार करना था। प्लेसमेंट सेल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ सुमित कुमार डे ने कुलपति के समक्ष पिछले चार वर्षों के प्लेसमेंट रिकॉर्ड का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कुलपति ने पिछले चार वर्षों के प्लेसमेंट ग्राफ और विद्यार्थियों के चयन पर संतोष व्यक्त किया। मौके पर कुलपति ने प्लेसमेंट सेल को और अधिक सक्रिय बनाने का निर्देश दिया। ताकि प्रतिष्ठित कंपनियां कैंपस में आएं और विद्यार्थियों को बेहतर पैकेज और अवसर प्राप्त हों। साथ ही उन्होंने मीडिया और सोशल मीडिया पर सक्रियता का निर्देश दिया। पीआरओ सेल की बैठक के दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय की छवि और सूचना तंत्र को मजबूत करने पर विशेष चर्चा की।

## एक नजर

### घर में सो रही महिला को सांप ने डसा, मौत

**मरकच्चो** : नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदरवर्ती पंचायत डगरनवां के फुटलाही में शनिवार अहले सुबह जहरीला सांप काटने से एक महिला की मौत हो गई है। मृतिका की पहचान सोनिया मुर्मू उम्र 25 वर्ष पति शंकर हेमब्रम के रुप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोनिया मुर्मू अपने घर के जमीन पर सोई थी। इसी दौरान शनिवार 5 बजे सुबह जहरीला सांप काट लिया जहाँ सोनिया चिल्लाने लगी जिसके बाद परिजन और आसपास के लोग पहुंचे और आनन – फानन में गिरिडीह जिला के धनवार प्रखंड के बेलाटांड अस्पताल ले गए जहाँ रास्ते में हीं दम तोड़ दिया। इधर घटना की सूचना मिलते हीं नवलशाही पुलिस शव को अपने कब्जे में लेने के लिए घटना स्थल पर पहुंची, परंतु घटना स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और शव ले जाने के लिए बिरोध करने लगे। हलांकि समझाने बुझाने के बाद बहुत मुश्किल से शव को नवलशाही पुलिस अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्डम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा। इधर परिजनों का रो – रो कर बुरा हाल है।

### डोमचांच अस्पताल में ओपीडी-इमरजेंसी पंजीकरण शुल्क ₹5 लागू

**कोडरमा** : उपायुक्त कोडरमा के ज्ञापांक संख्या-138 दिनांक-22.02.2026 असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा के डायरी संख्या-606 दिनांक-24.02.2026 को मिले निर्देश के आलोक में दिनांक-27.04.2026 से रेफरल अस्पताल( अनुमंडल अस्पताल) डोमचांच में ओपीडी सेवा एवं इमरजेंसी सेवा में पंजीकरण हेतु 5 प्रति पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशीष राज ने बताया कि अस्पताल के बेहतर सुविधा व विकास के लिए यह व्यवस्था की गई ताकि आम रोगियों रोगियों और भी बेहतर सुविधा अस्पताल प्रबंधन की ओर से मिल पाए।

### मलेरिया उन्मूलन में कोडरमा को राज्यस्तरीय सम्मान

**कोडरमा** : स्वास्थ्य सेवाओं और जन-जागरूकता के क्षेत्र में कोडरमा जिले ने राज्य स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराया है। मलेरिया उन्मूलन की दिशा में जिले द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए जिला को राज्य स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है। जिले में मलेरिया नियंत्रण के लिए चलाए गए प्रभावी अभियानों और आंकड़ों में आई कमी को देखते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने कोडरमा को उत्कृष्ट कार्य की श्रेणी में (एनुअल परजीवी इंडेक्स – अढक) में निरंतर कमी एवं अन्य क्षेत्रों में किए गए कार्य हेतु पुरस्कृत किया है। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा यह सम्मान जिला प्रशासन और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम वर्क का परिणाम है। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने कहा कि यह पुरस्कार हमारी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। प्रखंड स्तर पर किए गए कार्य हेतु एमटीएस विवेकानंद शर्मा, एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार एवं मोहम्मद सत्तार अंसारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । इस उपलब्धि के बीच, जन-जागरूकता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 45वीं बटालियन एनसीसी कोडरमा द्वारा एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली को सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली झुमरी तिलैया के महाराणा प्रताप चौक से शुरू होकर झंडा चौक होते हुए सीएचसी ब्लॉक, कोडरमा तक पहुँची।

# जमीन घोटाले में महिला गिरफ्तार फर्जी कागजात से करोड़ों की हेराफेरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाने में शुक्रवार को राजस्थान के चुरू जिले के राजगढ़ थाने की पुलिस एक मामले की तहकीकात करने के लिए पहुंची। इस दौरान राजगढ़ पुलिस ने तिलैया थाना क्षेत्र के अड्डी बांग्ला की रहने वाली संगीता देवी नाम की एक महिला को हिरासत में लिया और तिलैया थाने पहुंच गई। मामले की जानकारी देते हुए राजगढ़ थाने के एसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि संगीता देवी जो कि झुमरी तिलैया के अड्डी बांग्ला के रहने वाले महावीर राजगढ़िया की धर्मपत्नी है, इन्होंने चुरू जिले के राजगढ़ थाना अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्र में करोड़ों रुपए के जमीन को गलत कागजात बनाकर बेच आई हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में राजगढ़ के महेंद्र जनोंदिया नामक एक वार्ड पार्षद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

एसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि राजगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले राजेश कुमार नामक एक व्यक्ति ने 2022 के अक्टूबर माह में राजगढ़ थाने में जमीन फजीर्वाड़ा की एक शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद इसकी तहकीकात शुरू की गई। तहकीकात के दौरान जो तथ्य सामने आए वह हैरान करने वाले थे। उन्होंने बताया कि दरअसल राजगढ़ थाना क्षेत्र में एक प्लॉट है जिसका रकवा 1337.67 वर्ग फीट है। इस भूमि की वास्तविक कीमत करीब डेढ करोड रुपए की थी, लेकिन इस भूमि के सही रैयत का पता नहीं चल पा रहा था। इसी दौरान महेंद्र जनोंदिया और मनोज कुमार को पता चला कि जमीन किसी मंगलचंद धनोदिया के परिवार की है। जिसमें संगीता नामक एक महिला है, जो जीवित है बाकी सभी लोगों की मृत्यु हो चुकी है। फिर क्या मनोज और महेंद्र ने एक ऐसी महिला की तलाश शुरू की जिसका नाम संगीता और पति का नाम महावीर हो। इसी दौरान झुमरीतिलैया के रहने वाली संगीता देवी 2022 में राजस्थान के सबसे बड़े तीर्थ स्थान में से एक सालासर धाम दर्शन के लिए गई हुई थी। इस दौरान दर्शन करने के क्रम में संगीता की मुलाकात मनोज से हुई। बातचीत में मनोज ने इनका नाम पूछा। जिसमें इन्होंने जैसे ही अपना नाम संगीता और पति का नाम महावीर बताया, मनोज की बांछे खिल गई। इसके पश्चात मनोज इन्हें वहां के पार्षद महेंद्र जनोंदिया के पास ले गई। यहीं से उस भूमि के फजीर्वाड़ा की कहानी शुरू हुई। महेंद्र और मनोज ने मिलकर संगीता को लाखों रुपए का लालच दिया और जमीन बेचने की बात कही। जिसके पश्चात एक फर्जी वंशावली तैयार की गई, जिसमें संगीता को मंगलचंद नामक एक व्यक्ति की विधवा बहु बनाया गया और यह जमीन संगीता से मनोज ने पावर ऑफ अटॉर्नी के रूप में खरीद ली। पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार मनोज ने बताया कि इस काम के लिए संगीता को 11 लाख रुपए दिए गए। जबकि संगीता का साफ-साफ कहना है कि उसे मात्र 11000 रुपए ही प्राप्त हुए हैं। इधर पुलिस इन्वेस्टिगेशन में यह बातें सामने आई कि पावर ऑफ अटॉर्नी लेने के पश्चात मनोज ने वह जमीन राजेश कुमार को बेच दी।

## झुमरीतिलैया में ट्रैफिक जाम पर सख्ती, नगर परिषद एक्शन मोड में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** शहर की सबसे बड़ी समस्या 'ट्रैफिक जाम' से निपटने के लिए नगर परिषद प्रशासन अब एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने शहर के विभिन्न मुख्य चौकों और सड़कों का व्यापक निरीक्षण किया।अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने सुभाष चौक से अपने निरीक्षण की शुरूआत की, जिसके बाद वे महाराणा प्रताप चौक और वीर कुंवर सिंह चौक समेत अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक जाम के मुख्य कारणों को बारीकी से समझा और स्थानीय लोगों व दुकानदारों से भी संवाद किया। मीडिया से बात करते हुए रमेश हर्षधर ने कहा कि शहर में जाम का एक बड़ा कारण ओवरब्रिज और मुख्य सड़कों पर फोर-व्हीलर की अवैध पार्किंग है। लोग सड़कों पर गाड़ियां खड़ी कर घंटों खरीदारी करने चले जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे वाहनों की फोटो खींचकर सीधे परिवहन कार्यालय भेजी जा रही है और उन पर भारी जुमार्ना लगाया जा रहा है। आने वाले दिनों में इस कार्रवाई में और भी तेजी लाई जाएगी।शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए ऑटो और ई-रिक्शा के लिए विशेष पॉइंट्स (पड़ाव) निर्धारित किए जा रहे हैं। अध्यक्ष ने बताया कि चालकों को निर्देशित किया जाएगा कि वे केवल तय रूट और निर्धारित पॉइंट्स पर ही सवारियां चढ़ाएं या उतारें, ताकि सड़कों पर जाम की स्थिति न बने।निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष के साथ तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार और नगर परिषद के सिटी मैनेजर लीमांशु और रणधीर वर्मा भी मौजूद रहे। रमेश हर्षधर ने तिलैया वासियों से अपील की कि वे भी शहर को जाम मुक्त, स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर परिषद का सहयोग करें।

## कोडरमा जंक्शन पर दर्दनाक हादसा, दो बच्चों की मां की मौत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जंक्शन स्टेशन पर शुक्रवार देर शाम हुए हादसे में 24 वषीर्या महिला की जान चली गई। जानकारी के अनुसार महिला मुस्कान मसी (पति तपन मसी, रामबंध, थाना हीरापुर, वर्धमान) सियालदह-जलियांवाला बाग एक्सप्रेस (12379) के बी-3 कोच में सफर कर रही थी। वह अपने 3 माह के दो जुड़वा शिशुओं और एक भांजी के साथ आसनसोल से दिल्ली जा रही थी। कोडरमा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर ट्रेन रुकने के बाद वह कुछ सामान लेने नीचे उतरी। इसी बीच ट्रेन चल पड़ी। हड़बड़ी में चढ़ने के प्रयास में वह दो नीचे गिरकर ट्रेन के पहिए की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरपीएफ के जवान पहुंचे और दोनों मासूम बच्चों व भांजी को अपने संरक्षण में लेकर परिजनों को सूचना दी। हादसे के कारण उक्त ट्रेन आधे घंटे तक स्टेशन पर खड़ी रही। इस वजह से रांची पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस, गया आसनसोल ईएमयू और झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ।

## बेटी की शादी में सहारा बनी कर्णधार संस्था, पेश मिसाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात



**रामगढ़ :** कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था, रामगढ़ ने समाजसेवा की दिशा में एक और सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में सहयोग देकर संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। संस्था की इस पहल की स्थानीय लोगों ने खुलकर सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। मरार निवासी दिनेश की पुत्री ज्योति की शादी के अवसर पर संस्था ने परिवार को सहयोग प्रदान किया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए यह मदद राहत और खुशी का कारण बनी। संस्था का उद्देश्य जरूरत के समय लोगों के साथ खड़े रहना और समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर अमित गुप्ता के सहयोग से ज्योति को 32 इंच का एलईडी टीवी उपहार स्वरूप भेंट किया गया। शादी के मौके पर मिला यह उपहार परिवार के लिए विशेष खुशी का कारण बना। उपस्थित लोगों ने इस सहयोग की सराहना करते हुए संस्था के प्रयासों को अनुकरणीय बताया। संस्था के संस्थापक विक्रांत गुप्ता ने कहा कि कर्णधार संस्था हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। संस्था का प्रयास है कि समाज के कमजोर वर्गों तक मदद पहुंचाई जाए और हर जरूरतमंद परिवार के चेहरे पर मुस्कान लाई जाए।

## राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के छात्रों का रांची में ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्रों ने 24 अप्रैल 2026 को भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान (आईआईएलएम), रांची में आयोजित कानूनी माप विज्ञान जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। यह शैक्षणिक दौरा छात्रों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विधिक माप विज्ञान, मानकीकरण, माप-तौल प्रणाली और उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी देना था। प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को समझाया गया कि दैनिक जीवन, उद्योग और व्यापार में सही माप-तौल का कितना महत्व है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 53 छात्र शामिल हुए। इनमें इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के 30 छात्र, प्रबंधन विभाग के 13 छात्र तथा कंप्यूटर साइंस एवं टेक्नोलॉजी विभाग के 10 छात्र शामिल थे। विद्यार्थियों में सीखने को लेकर उत्साह देखा गया। छात्रों के साथ इंजीनियरिंग संकाय से डॉ अवनीश कुमार, डॉ विश्वदीपक कुमार, सौरभ कुमार, शैलेंद्र कुमार, सावित्री कुमारी तथा कंप्यूटर एंड टेक्नोलॉजी संकाय से विपुल कुमार उपस्थित रहे। शिक्षकों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और प्रशिक्षण को सफल बनाने में योगदान दिया। आईआईएलएम के विशेषज्ञों ने छात्रों को माप-तौल के नियम, उपकरणों की सटीकता, उपभोक्ता संरक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण और कानूनी मानकों के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

# रजरप्पा धाम को मिलेगा नया स्वरूप: विकास की रफ्तार तेज, श्रद्धालुओं की सुविधा पर प्रशासन का फोकस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड स्थित मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर के प्रस्तावित पुनर्विकास कार्यों को लेकर उपायुक्त ऋतुराज ने शनिवार को मंदिर परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य, वन विभाग, राजस्व विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशों की जानकारी देते हुए मंदिर परिसर के सुनियोजित विकास का खाका प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान मंदिर समिति के सदस्यों और उपस्थित प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याएं, व्यवस्थागत चुनौतियां और सुझाव रखे। उपायुक्त ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बैठक के बाद उपायुक्त ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान प्रस्तावित बस स्टैंड, प्रवेश द्वार, निकास द्वार, घाट निर्माण, दुकानों के पुनर्निर्माण और अन्य आधारभूत सुविधाओं के लिए चिन्हित स्थलों का जायजा लिया गया। अधिकारियों को योजनाओं को गति देने के निर्देश भी दिए गए। मीडिया से बातचीत में उपायुक्त ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के तहत मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाया गया है। जिन दुकानों को हटाया गया है, उन्हें व्यवस्थित रूप से नए स्थानों पर बसाने के लिए खाली जमीनों का चिन्हितीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रजरप्पा मंदिर झारखंड का प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, पार्किंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दौरे के बाद विकास कार्यों के दौरान काटे जाने वाले पेड़ों के बदले क्षतिपूर्ति वनीकरण को लेकर वन विभाग के अधिकारियों के साथ अलग से स्थल निरीक्षण किया गया। इस संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी चितरपुर, गोपनीय शाखा प्रभारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, मंदिर समिति सदस्य और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएफसीएल में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का भव्य समापन, विजेताओं को किया गया सम्मानित



**रामगढ़** : बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल) में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह 2026 के तहत आयोजित एक माह लंबे सुरक्षा जागरूकता अभियान का समापन भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। राष्ट्रीय सुरक्षा माह का उद्देश्य कर्मचारियों में कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, दुर्घटनाओं की रोकथाम करना और सुरक्षित कार्य वातावरण तैयार करना था। पूरे माह चलाए गए अभियान में कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों, सावधानियों और जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित किया गया। इस दौरान कई रोचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें सेफ्टी क्विज, ऑन-जॉब सेफ्टी क्विज, हिंदी एवं अंग्रेजी सेफ्टी स्लोगन प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, बेस्ट 5एस परफॉर्मर डिवीजन अवॉर्ड तथा बेस्ट सेफ्टी कॉन्शियस डिवीजन अवॉर्ड शामिल रहे। कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुरक्षा के प्रति अपनी समझ और रचनात्मकता का परिचय दिया। समापन समारोह में इंटर डिवीजन हाउसकीपिंग प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें एफएडी डिवीजन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभाग की साफ-सफाई, अनुशासन और व्यवस्थित कार्यशैली की सराहना की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बेस्ट सेफ्टी कॉन्शियस परफॉर्मर का सम्मान सीपीपी-1 डिवीजन को दिया गया। यह पुरस्कार विभाग द्वारा सुरक्षा मानकों के निरंतर पालन और बेहतर कार्यसंस्कृति का प्रमाण माना गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों और टीमों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने, दुर्घटनामुक्त वातावरण बनाए रखने और सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। बीएफसीएल प्रबंधन ने कहा कि सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों में जागरूकता, जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को और मजबूत करते हैं।

### रांची में महिला आक्रोश रैली, कोडरमा से 250 कार्यकर्ता हुए शामिल




**कोडरमा** : मोराबादी मैदान से अल्बर्ट एक्का चौक तक आयोजित महिला आक्रोश रैली में कोडरमा जिला की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार कोडरमा जिला अध्यक्ष अनुप जोशी के नेतृत्व में लगभग 250 कार्यकर्ता 37 गाड़ियों के काफिले के साथ रांची पहुंचे और रैली में शामिल हुए। रैली में महिलाओं ने महिला बिल पास नहीं होने को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया और विपछ के कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गाँधी, सोनिया गाँधी, प्रियंका गाँधी और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमन्त सोरेन, कल्पना सोरेन के खिलाफ हाय हाय और मुदार्बाद के साथ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही, जिससे रैली का माहौल पूरी तरह आंदोलनात्मक बना रहा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए महिला बिल का पारित होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी यह लड़ाई जारी रहेगी। रैली में शामिल कार्यकताओं ने एकजुट होकर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए आवाज बुलंद की। रैली में जिला प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नितेश चन्द्रवंशी, महामन्त्री विजय यादव, नरेंद्र पाल जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव,जिला मंत्री सुनीति सेठ, जिला महिला मोर्चा महामन्त्री सबिता देवी, पूर्व जिला मंत्री सूरज प्रताप मेहता, मण्डल अध्यक्ष प्रिया देवी, इंदर वर्णवाल,नवीन चौधरी, संजय पासवान, सुनील भारती, सुजीत मेहता, सुनील भारती, रणजीत सिंह, सुनील यादव, नरेश यादव,संजय शर्मा, अंकित गुप्ता, सुधीर सेठ, सुबोध सिन्हा, खेम सिंह, कमल नयन, विपिन यादव, कौशल सिंह, मनोज कुमार, रासीमा देवी, कुमारी रंजना कुमारी गुड़िया, उर्मिला देवी, मनोज राम, उमा देवी, शंकर मोदी, निखिल कुमार, रंजन साव ,चीकू विश्वकर्मा, अशोक वर्मा, अरविंद मोदी आदि सैकड़ो की संख्या में कोडरमा जिला से सम्मिलित हुए।

### अवैध बोल्डर लदा दो हाइवा जब्त

**मरकच्चो** : कोडरमा पुलिस कप्तान कुमार शिवाशीष के निर्देश पर शनिवार की सुबह नवलशाही थाना पुलिस ने कोडरमा – गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवलशाही थाना भवन के समीप अभियान चला कर जाँच के दौरान बिना चलान के दो बोल्डर लदा हाइवा को जप्त किया है। जानकारी के अनुसार बोल्डर लोड हाइवा गिरिडीह जिला से नवलशाही की ओर आ रही थी इसी दौरान वाहन जाँच के दौरान नवलशाही थाना भवन के समीप बोल्डर लदा वाहन को रोक जाँच पदाधिकारी द्वारा चालक को बोल्डर से सम्बंधित कागजात की माँग किया गया लेकिन चालक द्वारा बोल्डर से सम्बंधित किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नही करने हाइवा को जप्त कर अग्रेसर करवाई हेतु नवलशाही थाना में सुरक्षित रखा गया है थाना प्रभारी सुमन कुमार ने जानकारी देते हुवे बताया की अवैध परिवहन के खिलाफ जाँच जारी रहेगा।

### झुमरी तिलैया में तीन दिवसीय राधा कृष्ण कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कल से

**झुमरी तिलैया** : श्री संकट मोचन मंदिर परिसर में श्री राधा-कृष्ण जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं को सपरिवार शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत 27 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे कलश यात्रा, वेदी पूजन, पंचांग पूजन एवं मंगल प्रवेश के साथ होगी। इसके बाद 28 अप्रैल को जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, अन्नाधिवास एवं शैयाधिवास जैसे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। मुख्य आयोजन 29 अप्रैल को प्रातः 8:30 बजे से महाभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा, छप्पन भोग एवं हवन के साथ किया जाएगा। वहीं, शाम 7:00 बजे से श्री पंकज मोदी, धनबाद द्वारा भक्ति भाव से ओतप्रोत भजन संध्या का आयोजन होगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से विशेष अनुरोध किया है कि जो लोग महाभिषेक एवं हवन में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित समय पर बिना अन्न ग्रहण किए शामिल हों। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री संकट मोचन मंदिर समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिक जानकारी के लिए श्रद्धालु दिए गए संपर्क नंबर 9955370200 एवं 7004265951 पर संपर्क कर सकते हैं।

## गोईलकेरा में घर से बुलाकर एक व्यक्ति की निर्मम हत्या

**गोईलकेरा** : पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोईलकेरा थाना क्षेत्र की कायदा पंचायत के दुगुनिया रोयगुटु में एक व्यक्ति की घर से बुलाकर हत्यारबंद अपराधियों ने निर्मम तरीके से हत्या कर दी। घटना शुक्रवार देर रात की है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण शनिवार को पुलिस ने गांव पहुंचकर शव बरामद किया। बताया जाता है कि दुगुनिया रोयगुटु निवासी रमेश चंपिया उर्फ चमरा के घर देर रात चार लोग पहुंचे। इसमें दो लोग हथियारबंद थे। इसके बाद उसे कुछ बात करने के लिए घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर ले गए। जहां उसकी डंडे से पीटकर व गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं शनिवार सुबह ग्रामीणों ने उसके शव को देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। वहीं मृतक की पत्नी के अनुसार चारों लोग अपने चेहरे को ढके हुए आए थे। वहीं बताया जाता है कि मृतक पूर्व में नक्सली गतिविधियों में शामिल रहा है तथा पूर्व में जेल जा चुका है।

## चाईबासा में पूर्व नक्सली की पीट-पीटकर हत्या इलाके में दहशत

**चाईबासा**: जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के दुगुनिया गांव में शुक्रवार देर रात पूर्व नक्सली रमेश चांपिया उर्फ चमड़ा की निर्मम हत्या कर दी गई। हथियारबंद लोगों ने उसे पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि रमेश पहले भाकपा माओवादी से जुड़ा हुआ था, लेकिन जेल से छूटने के बाद उसने संगठन से दूरी बना ली थी। इसके बाद से वह कथित तौर पर नक्सलियों के निशाने पर था। आशंका जताई जा रही है कि इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अवैध बालू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई 2 ट्रैक्टर जब्त, माफियाओं में हड़कंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बहरागोड़ा** : बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अख्तियार किया है। शनिवार को अंचल प्रशासन ने गुप्त सूचना के आधार पर मधुआबेड़ा स्थित स्वर्णरेखा नदी घाट पर छापेमारी कर अवैध बालू उत्खनन और परिवहन में लिप्त दो ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। हालांकि, कार्रवाई के दौरान एक अन्य ट्रैक्टर चालक मौके से भागने में सफल रहा।

**गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी**

जानकारी के अनुसार, मधुआबेड़ा घाट पर पिछले कई महीनों से बालू माफियाओं का वर्चस्व बना हुआ था। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि यहां से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर शनिवार को टीम ने अचानक दबिश दी। छापेमारी से घाट पर अफरा-तफरी मच गई। दो ट्रैक्टरों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। कार्रवाई के बावजूद **माफियाओं के हौसले बुलंद**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन समय-समय पर छापेमारी करता है और कई लोगों पर मामले भी दर्ज किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद बालू माफियाओं के हौसले पस्त नहीं हो रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद ये माफिया दोबारा सक्रिय हो जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यशैली और इन माफियाओं के "नेटवर्क" पर भी सवाल उठाए हैं।

**चौक-चौराहों पर अवैध वसूली का खेल**

मामले में एक चौंकाने वाला पहलू यह भी सामने आया है कि इन बालू माफियाओं के साथ-साथ क्षेत्र के कुछ स्थानीय युवा भी सक्रिय हैं। सूत्रों के अनुसार, विभिन्न चौक-चौराहों पर बालू लदे ट्रैक्टरों से देवी-देवताओं के नाम पर अवैध रूप से चंदा या वसूली की जाती है। यह खेल लंबे समय से खुलेआम चल रहा है, जिससे आम जनता में भी रोष है।

प्रशासन की चेतावनी

अंचल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब्त ट्रैक्टरों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां पाई गईं, तो संबंधित दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सूरज मंडल की पहल, 7 दिनों में मिलेगा नया 200 केवीए ट्रांसफार्मर

**सरिया** : बड़की सरैया नगर पंचायत के ठाकुरबाड़ी टोला में भीषण गर्मी के बीच नारकीय जीवन जी रहे लोगों के लिए राहत की बड़ी खबर है। इलाके में जारी गंभीर बिजली संकट को लेकर युवा नेता सूरज मंडल ने बगोदर विधानसभा के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि और झामुमो के वरिष्ठ नेता शत्रुघ्न प्रसाद मंडल से मुलाकात की और उन्हें जनता के दर्द से रूबरू कराया। युवा नेता ने साफ लफ्जों में कहा कि कम क्षमता के ट्रांसफार्मर के कारण बार-बार फॉल्ट हो रहा है, जिससे पूरा टोला घंटों अंधेरे में डूबा रहता है और इस चिलचिलाती गर्मी में लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। जनता की इस जायज समस्या पर 'ऑन द स्पॉट' एक्शन लेते हुए JMM नेता शत्रुघ्न मंडल ने तनिक भी देर नहीं की। उन्होंने मुलाकात के दौरान ही बिजली विभाग के जीएम को सीधे फोन लगा दिया और ठाकुरबाड़ी टोला की स्थिति से अवगत कराते हुए वहां तत्काल 200केवीए का नया और शक्तिशाली ट्रांसफार्मर लगवाने का कड़ा निर्देश दिया। शत्रुघ्न मंडल ने जनता को भरोसा दिलाया है कि महज 7 दिनों के अंदर नया ट्रांसफार्मर इंस्टॉल कर दिया जाएगा, साथ ही विभाग ने नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का लिखित आश्वासन भी दिया है। खटट नेता ने दोटूक कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।₹ मुलाकात के दौरान युवा नेता सूरज मंडल ने बिजली के अलावा वार्ड में ठप पड़ी जलापूर्ति और पीसीसी पथ निर्माण जैसे अन्य गंभीर मुद्दे भी प्रमुखता से रखे। इस पर भी शत्रुघ्न मंडल ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात की और जल्द से जल्द समाधान निकालने का ठोस आश्वासन दिया। खटट नेता की इस त्वरित और धमाकेदार पहल की स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की है। लोगों का मानना है कि 200केवीए का ट्रांसफार्मर लगते ही लो वोल्टेज और बार-बार बिजली कटने की कोढ़ जैसी समस्या से उन्हें हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

### महिलाओं के मुद्दों पर केवल दिखावटी राजनीति कर रही भाजपा : राकेश



**पूर्वी सिंहभूम**: जिला कांग्रेस के महासचिव राकेश साहू ने शनिवार को रांची में आयोजित भाजपा की महिला आक्रोश रैली को विफल बताया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर भाजपा केवल दिखावटी राजनीति कर रही है। जारी प्रेस बयान में राकेश साहू ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर भाजपा देशभर में लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिलाने की दिशा में कांग्रेस ने ऐतिहासिक काम किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही देश में महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी और आगे भी महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। साहू ने वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक इसे लागू नहीं किया है, जिससे उसकी मंशा पर सवाल उठता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता, विशेषकर महिलाएं, अब जागरूक हैं और वे किसी भी तरह के दुष्प्रचार में आने वाली नहीं हैं। उन्होंने लोगों से महिला आरक्षण कानून की वास्तविक स्थिति को समझने और तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में महिलाओं का समर्थन कांग्रेस के पक्ष में जाएगा, जिससे विभिन्न राज्यों में पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी।

## रेडमा में महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : पलामू के जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत रेडमा स्थित भगवती अस्पताल की चाहरदिवारी के पास से शनिवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। महिला की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष बताई जा रही है। शव पर शरीर और चेहरे पर कई जख्म के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर टीओपी टू की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। टीओपी टू प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। हालांकि महिला की मौत किस परिस्थिति में हुई, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। इधर घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश रंजन, शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार भी मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वाड की मदद से पुलिस ने जांच तेज कर दी है। महिला के साथ दुष्कर्म की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है और पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है।

## ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला** : खरसावां साख फाउंडेशन के तत्वावधान में भारतीय रिजर्व बैंक के 'मनी वाइज प्रोग्राम' के अंतर्गत शनिवार को पांड्रा पंचायत भवन में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता जागरूकता सह वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को बैंक खाता खोलने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही केवाईसी, डीबीटी और बैंक खातों में नॉमिनी जोड़ने की प्रक्रिया भी मौके पर ही पूरी कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वारुण कुमार चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता से ही ग्रामीण आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना तथा पेंशन, केसीसी लोन और अन्य योजनाओं की जानकारी देना था। इस दौरान पंचायत स्तर पर बीसी कैंप का भी आयोजन किया गया, ताकि लोगों को मौके पर ही बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम में साख फाउंडेशन के जिला प्रभारी अभिषेक कुमार गौतम, कुंवर, सीएफएल प्रभारी हरिराम माडी, सीएफएल ट्रेनर बबिता महतो एवं पंचायत सचिव अशोक कुमार महतो उपस्थित रहे। वहीं बैंक ऑफ इंडिया सरायकेला के बीसी अमृत महतो ने ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने में सहयोग किया।

## हजारीबाग रोड स्टेशन के बावजूद सरिया को नहीं मिला जिला दर्जा, सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया** : सरिया, जो अपनी भौगोलिक स्थिति और प्रशासनिक क्षमता के मामले में एक पूर्ण जिला बनने की सारी अहताएं पूरी करता है, आज अपनी पहचान के लिए तरस रहा है। 'हजारीबाग रोड' के नाम से मशहूर रेलवे स्टेशन वाले इस अनुमंडल मुख्यालय को जिला बनाने की मांग सालों पुरानी है, लेकिन सरकार और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी अब जनता के सब्र का बांध तोड़ रही है। यह क्षेत्र का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जो इलाका एक अलग जिला बनने की सभी योग्यताएं रखता है, वह राजनीतिक उदासीनता की फाइलों में दबा हुआ है। सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन मंडल ने कहा कि सबको पता है कि सरिया, जो वर्तमान में बगोदर-सरिया अनुमंडल का प्रशासनिक मुख्यालय है, एक जिला बनाने के लिए आवश्यक सभी मानक पूरे करता है। इसकी आबादी, संसाधन और विकास की क्षमता इसे एक स्वतंत्र जिला बनाने के लिए पर्याप्त है। यह एक अजीब विडंबना है कि रेलवे स्टेशन का नाम 'हजारीबाग रोड' है, लेकिन यह सरिया में स्थित है, जो इस क्षेत्र की अपनी विशिष्ट पहचान को दबाने का एक उदाहरण है। त्रिभुवन मंडल ने इस मांग को लेकर कई बार धरना दिया, आंदोलन किए और सड़कों पर उतरे, लेकिन उनकी आवाज फाइलों के नीचे ही दबकर रह गई। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश मंडल ने कहा की इस पूरे मुद्दे पर सबसे बड़ा सवालिया निशान यहाँ के जनप्रतिनिधियों पर है। क्या सांसद, क्या विधायक, किसी ने भी इस ज्वलंत मुद्दे को प्रभावी ढंग से विधानसभा या संसद में उठाने की जहमत नहीं उठाई। उनकी यह रहस्यमयी चुप्पी सरिया की जनता के साथ सीधा विश्वासघात है। क्या वे वोट बैंक की राजनीति में इस क्षेत्र के विकास को भूल चुके हैं अगर सरिया जिला बनता है, तो प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचेगा, विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी, बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, और सबसे महत्वपूर्ण, क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। यह सिर्फ एक मांग नहीं है, यह सरिया की अस्मिता और विकास का सवाल है। क्या सरकार अपनी नींद से जागेगी सवाल खड़े हैं, और सरिया की जनता अब जवाब चाहती है।

## जंगली हाथियों का कहर, एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां के चांडिल वन क्षेत्र अंतर्गत ईचागढ़ थाना क्षेत्र की सोड़ो पंचायत के हाड़ात गांव में जंगली हाथियों के हमले से एक ही परिवार की दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतकों की पहचान चाइना देवी और अमिता कुमारी के रूप में हुई है। वहीं कमलचंद महतो, मोहन महतो और सतुला देवी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों की आवाजाही लगातार हो रही थी। इसकी सूचना कई बार वन विभाग को दी गई लेकिन समय पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि यदि विभाग पहले ही सक्रिय हो जाता तो इतनी बड़ी त्रासदी टाली जा सकती थी। घटना के बाद वन विभाग और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची लेकिन ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा, घायलों के बेहतर इलाज और हाथियों के स्थायी समाधान की मांग की है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर निकली जागरूकता रैली, स्वास्थ्य कर्मियों को दिलाई शपथ



**लातेहार**: विश्व मलेरिया दिवस पर शनिवार को लातेहार सदर अस्पताल परिसर से जागरूकता रैली निकाली गयी। सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो व जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मरसा तोपनो ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। रैली शहर के मेन रोड होते हुए थाना चौक तक पहुंची। इससे पूर्व सदर अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों को मलेरिया की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। सिविल सर्जन कार्यालय में भी सभी कर्मियों को मलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए इस वर्ष की थीम की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मलेरिया से बचाव के उपायों जैसे साफ-सफाई, जल जमाव रोकने और मच्छरों से बचाव के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम में सिविल सर्जन, जिला मलेरिया पदाधिकारी, जिला वीबीडी सलाहकार, डीपीएम, डीपीसी आयुष्मान भारत, जिला कुष्ठ सलाहकार समेत स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।


**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

**भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–18/2026**

**आम इस्तेहार**

आवेदक सूरजदेव राम पिता–स्व0 रामेश्वर मांझी, ग्राम–धरमपुर, पो0+ थाना– लातेहार, जिला–लातेहार द्वारा विजय कुमार पिता–स्व0 गंगा राम, ग्राम+पो0–बरवैया कला, थाना–मनिका, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| चन्दनडीह | 50 | 181 | 0.04 एकड़ |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 378429 (District) 26-27 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
email – eedwsd.ranchiwest@gmail.com

**ई – प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/RW/SR-02/2026-27** दिनांकः– 24.04.2026

1. Name of Work :- Relocation of T/W by Drilling 125/115 mm dia 90 Mtr. Extra Deep Drilled Tube Well in all kinds of soil rock for installation of hand pump with D.T.H Rig machine all complete including supplying all materials, labours, tools, drilling, rigs, air compressor and equipments as well as fuel lubricant for making 125/115 mm dia boring etc and cost of transporting rig machine and other vehicle up to site work "TurnKey Basis" Under D. W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi for the Year 2026-27

| ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| SR/RW-I | 41 nos. | 4148625.00 | 83000.00 | 5000.00 | 74 दिन |
| SR/RW-II | 41 nos. | 4148625.00 | 83000.00 | 5000.00 | 74 दिन |
| SR/RW-III | 40 nos. | 4047439.00 | 81000.00 | 5000.00 | 72 दिन |
| SR/RW-IV | 40 nos. | 4047439.00 | 81000.00 | 5000.00 | 72 दिन |
| SR/RW-V | 40 nos. | 4047439.00 | 81000.00 | 5000.00 | 72 दिन |

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 28/04/2026 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समयः– 04/05/2026 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मत्रांलय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में अन्तिम तिथि एवं समय :– 04/05/2026 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– 05/05/2026 / 04.00 बजे अपराहन में।
6. तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-3512119
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पश्चिम,राँची

PR 378443 Drinking Water and Sanitation(26-27).D


# चोरी का ई-रिक्शा बेचने के इरादे से घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी का ई-रिक्शा बेचने की फिराक में घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की गई टोटो (ई-रिक्शा) के साथ चार बैटरियां भी बरामद की हैं। दोनों आरोपितों को अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भरत भवन के आसपास दो युवक संदिग्ध स्थिति में चोरी की ई-रिक्शा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना में सनहा दर्ज कर वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया और उनके निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। शनिवार को थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम में पुलिस अवर निरीक्षक गुफरान खान, अंजारुल हक, सहायक अवर निरीक्षक भरत भूषण सामड तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम तत्काल भरत भवन चौक के लिए रवाना हुई। बताए गए स्थान पर पहुंचने पर पुलिस ने दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस वाहन को देखते ही दोनों युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। मौके पर पूछताछ के दौरान दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद उन्हें थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम मो. हैदर (28) और मो. फरहान उर्फ बाबू (19) बताया। दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 20 अप्रैल को बंगला टांड क्षेत्र से एक ई-रिक्शा की चोरी की थी और उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने चट्टानी देवगांव क्षेत्र से चोरी किया गया ई-रिक्शा बरामद कर लिया। इसके अलावा पहले चोरी कर एक गैरेज में छिपाकर रखी गई चार बैटरियां भी जब्त की गईं। इस संबंध में चक्रधरपुर थाना में अज्ञात के विरुद्ध दर्ज मामले को आगे बढ़ाते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## खेड़ा अकेले नहीं, जब कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व की बयानबाजी बनी विवाद का पर्याय

भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में कार्य करना है। यह भूमिका तब और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है जब सत्ता पक्ष के निर्णयों पर सवाल उठाने की आवश्यकता होती है, लेकिन जब यह सवाल तथ्यों से परे जाकर आरोपों, अतिशयोक्ति और व्यक्तिगत हमलों में बदलने लगते हैं, तब लोकतांत्रिक विमर्श स्वभाविक है कि कमजोर पड़ता है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा से जुड़ा मामला भी कुछ ऐसा ही है, जोकि प्रवृत्ति की ओर इशारा करती है, जहां आखिरकार न्यायालय को हस्तक्षेप कर राजनीतिक बयानबाजी की सीमाएं तय करनी पड़ीं! गौहाटी हाई कोर्ट द्वारा खेड़ा के बयान पर की गई टिप्पणी पूरे राजनीतिक संवाद के स्तर पर सवाल उठाने वाला संकेत माना जाए तो कुछ गलत न होगा। खेड़ा द्वारा हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को न्यायालय ने गंभीरता से लिया और स्पष्ट किया कि किसी गैर-राजनीतिक व्यक्ति को राजनीतिक आरोपों में घसीटना अनुचित होने के साथ ही कानूनी दृष्टि से भी आपत्तिजनक है। वस्तुतः यह टिप्पणी इस बात का प्रमाण है कि अब न्यायपालिका राजनीतिक बयानबाजी को राजनीतिक भाषा मानकर नजरअंदाज करने के मूड में बिल्कुल नहीं है। पवन खेड़ा का यह तर्क कि उन्होंने सिर्फ सवाल उठाए थे, कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर सका है। यह वही प्रवृत्ति है, जो पिछले कुछ वर्षों में कांग्रेस की राजनीति में बार-बार देखने को मिली है, जहां आरोपों को प्रश्न का रूप देकर प्रस्तुत किया जाता है, ताकि कानूनी जवाबदेही से बचा जा सके। पर सच्चायी यही है कि कांग्रेस की इस रणनीति का प्रभाव जनता की धारणा पर पड़ता है और आम जनता भ्रमित होती है।

यदि इस घटना को व्यापक संदर्भ में देखें, तब यह भी समझ आता है कि पवन खेड़ा इस तरह के बयान देनेवालों में अकेले नहीं है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व, विशेषकर राहुल गांधी के बयानों का इतिहास भी इसी तरह के विवादों से भरा पड़ा है। चौकीदार चोर है जैसे नारे ने राजनीतिक माहौल को गमार्या जरूर था, किंतु जब मामला अदालत तक पहुंचा, तो राहुल गांधी को स्पष्टीकरण देना पड़ा और खेद भी व्यक्त करना पड़ा। इसी प्रकार राफेल सौदे को लेकर लगाए गए आरोप भी लंबे समय तक चर्चा में रहे, किंतु उन्हें भी न्यायालय में साबित नहीं किया जा सका। कहना होगा कि राहुल गांधी का मोदी सरनेम वाला बयान भी इसी कड़ी का हिस्सा है, जिसने उन्हें मानहानि के मामले में सजा तक दिलाई। यह अलग बात है कि आगे इस मामले में उन्हें राहत मिल गई, किंतु इस पूरे प्रकरण ने यह तो स्पष्ट कर ही दिया कि राजनीतिक बयानबाजी की भी एक सीमा होती है, जिसे पार करने पर कानूनी परिणाम भुगतने पड़ते हैं। इसी तरह से समय-समय पर देश के बाहर विदेशों में दिए गए बयानों को लेकर भी राहुल गांधी विवादों में रहे हैं। ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीय लोकतंत्र पर उठाए गए उनके तमाम प्रश्नों ने राजनीतिक बहस को और तेज किया है। स्वभाविक है, एक नेता प्रतिपक्ष के इस तरह के बयानों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि को प्रभावित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरी ओर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बयानबाजी भी कम विवादास्पद नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रावण से करना या उन्हें जहरीला कहना, यहां तक कि आतंकवादी तक कह देना, फिर वो अलग बात है कि बाद में इसके लिए मांफी भी मांगी गई, किंतु ये सभी बयान निश्चित ही भारतीय राजनीतिक मयार्दा के स्तर पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं? यदि इन सभी घटनाओं को एक साथ रखा जाए, तो एक स्पष्ट पैटर्न उभरता है। कांग्रेस के नेता पहले तीखे और गंभीर आरोप लगाते हैं, फिर उन्हें राजनीतिक विमर्श में फैलाया जाता है और जब प्रमाण की मांग होती है, तो या तो पीछे हटना पड़ता है या मामला अदालत तक पहुंच जाता है। ऐसे में स्वभाविक है कि यहां न्यायपालिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

### सूडोकु नवताल- 7776

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7775 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

# समुद्र की गहराइयों में भारत की शक्ति

डॉ. सत्यवान सौरभ




आधुनिक युग में युद्ध की प्रकृति ने पारंपरिक सीमाओं को पूरी तरह पार कर लिया है। अब यह केवल टैंकों, विमानों या सैनिकों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि एक बहुआयामी, जटिल और तकनीक-प्रधान प्रक्रिया बन चुका है, जिसमें ड्रोन, साइबर हमले, अंतरिक्ष-आधारित निगरानी प्रणालियाँ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हाइपरसोनिक मिसाइलें एक साथ कार्य करती हैं। इस परिवर्तित परिदृश्य में युद्ध किसी एक भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समुद्र, आकाश, भूमि और साइबर स्पेस के बीच निरंतर समन्वय के रूप में संचालित होता है। ऐसे वातावरण में भारत जैसी उभरती क्षेत्रीय एवं वैश्विक शक्ति के लिए अपनी सुरक्षा रणनीति को पुनर्परिभाषित करना अनिवार्य हो गया है। विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का विकास अब विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता बन चुका है, क्योंकि यह न केवल भारत की रक्षा क्षमता को सुदृढ़ करता है, बल्कि उसकी वैश्विक सामरिक स्थिति को भी मजबूत बनाता है।

हिंद महासागर क्षेत्र की बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियाँ इस आवश्यकता को और स्पष्ट करती हैं। यह क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग भी है। विश्व के अधिकांश तेल परिवहन और व्यापारिक जहाज इसी मार्ग से गुजरते हैं, और भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी पर निर्भर करती है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता या बाहरी हस्तक्षेप भारत की आर्थिक और रणनीतिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। चीन की बढ़ती समुद्री उपस्थिति, बंदरगाहों के विकास की उसकी नीति तथा क्षेत्र में उसकी सैन्य गतिविधियाँ भारत के लिए दीर्घकालिक चुनौती प्रस्तुत करती हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान की परमाणु क्षमताओं और उसकी नौसैनिक शक्ति में हो रही वृद्धि भी चिंता का विषय है। इन परिस्थितियों में भारत के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह अपनी समुद्री सुरक्षा को केवल पारंपरिक साधनों तक सीमित न रखे, बल्कि उसे परमाणु प्रतिरोधक क्षमता से भी सशक्त बनाए।

समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी संभावित विरोधी को यह स्पष्ट संदेश मिले कि यदि वह परमाणु हमला करता है, तो उसे समान या उससे अधिक प्रभावी जवाब का सामना करना पड़ेगा। यही सिद्धांत ह्वविश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोधह्ल की अवधारणा को जन्म देता है, जिसके तहत कोई भी देश अपनी सुरक्षा के लिए उतनी ही परमाणु क्षमता विकसित करता है जितनी संभावित खतरे को रोकने के लिए आवश्यक हो। भारत की नो फर्स्ट यूज नीति भी इसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि भारत पहले परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करेगा, लेकिन यदि उस पर हमला होता है, तो वह पूरी क्षमता के साथ जवाब देगा। इस नीति की विश्वसनीयता तभी संभव है जब भारत के पास ऐसी क्षमता हो जो प्रथम हमले के बाद भी सुरक्षित रहे और प्रभावी जवाब दे सके। यही वह स्थान है जहाँ समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता, विशेष रूप से परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियाँ, अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

पनडुब्बियाँ इस संदर्भ में सबसे प्रभावी माध्यम मानी जाती हैं, क्योंकि वे समुद्र की गहराइयों में लंबे समय तक गुप्त रूप से रह सकती हैं और उनका पता लगाना अत्यंत कठिन होता है। यही उनकी सेकंड स्ट्राइक क्षमता को सुदृढ़ बनाता है। अर्थात यदि देश के स्थलीय या हवाई ठिकाने नष्ट भी हो जाएँ, तो समुद्र में मौजूद पनडुब्बियाँ जवाबी हमला करने में सक्षम रहती हैं। यह क्षमता किसी भी विरोधी के लिए एक मजबूत निरोधक तत्व बन जाती है, क्योंकि उसे यह ज्ञात होता है कि वह पूर्णतः सुरक्षित नहीं है। इस प्रकार, समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता केवल युद्ध की स्थिति में ही नहीं, बल्कि शांति बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत ने इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वदेशी तकनीक पर आधारित परमाणु-संचालित पनडुब्बियों का विकास इस बात का संकेत है कि भारत अब अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए बाहरी स्त्रोतों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। इन पनडुब्बियों में लंबी दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों की क्षमता होती है, जो उन्हें रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। इसके साथ ही, आधुनिक तकनीकों जैसे मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टागेर्टेबल री-एंट्री व्हीकल (टक्रम्र) का उपयोग उन्हें और अधिक प्रभावी बनाता है, जिससे एक ही मिसाइल से अनेक लक्ष्यों को साधा जा सकता है। यह क्षमता न केवल सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि विरोधी के लिए रणनीतिक चुनौती भी प्रस्तुत करती है।

हालाँकि, केवल पनडुब्बियों का निर्माण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संचालन, रखरखाव और सुरक्षा के लिए भी एक सुदृढ़ तंत्र की आवश्यकता होती है। परमाणु पनडुब्बियाँ अत्यंत जटिल तकनीकी प्रणालियों पर आधारित होती हैं और उनका संचालन उच्च स्तर की विशेषज्ञता तथा प्रशिक्षण की माँग करता है। इसके अतिरिक्त, साइबर सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण पहलू बन चुकी है, क्योंकि आधुनिक युद्ध में साइबर हमले किसी भी सैन्य प्रणाली को निष्क्रिय कर सकते हैं। यदि पनडुब्बियों के संचार तंत्र या नियंत्रण प्रणाली को हैक कर लिया जाए, तो यह गंभीर खतरा बन सकता है। इसी प्रकार, अंतरिक्ष आधारित निगरानी प्रणालियाँ भी पनडुब्बियों की गोपनीयता को चुनौती दे सकती हैं, जिससे उनकी रणनीतिक उपयोगिता प्रभावित हो सकती है। भविष्य की रणनीति में इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना आवश्यक होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम संचार और उन्नत सेंसर तकनीक का उपयोग पनडुब्बियों की क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ कर सकता है। क्वांटम संचार विशेष रूप से सुरक्षित संचार का एक नया माध्यम प्रदान कर सकता है, जिससे दुश्मन द्वारा संचार को बाधित या अवरोधित करना लगभग असंभव हो जाएगा। साथ ही, उन्नत सेंसर और निगरानी प्रणालियाँ पनडुब्बियों को अधिक सटीक, प्रभावी और सुरक्षित बना सकती हैं।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, किंतु अंततः किसी भी देश की सुरक्षा उसकी अपनी क्षमताओं पर ही निर्भर करती है। भारत विभिन्न वैश्विक मंचों पर सक्रिय है और समुद्री सुरक्षा के लिए सहयोग को प्रोत्साहित करता है, परंतु उसे अपनी स्वदेशी क्षमताओं को भी समान रूप से सुदृढ़ करना होगा। इसके लिए अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाना, वैज्ञानिक संस्थानों को सशक्त बनाना तथा रक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक है।

समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का विकास केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक संतुलित और जिम्मेदार रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शांति और स्थिरता बनाए रखना है। एक मजबूत प्रतिरोधक क्षमता संभावित संघर्षों को रोकने में सहायक होती है और यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश आक्रामक कदम उठाने से पहले उसके परिणामों पर गंभीरता से विचार करे। इस प्रकार, यह क्षमता युद्ध को रोकने का एक प्रभावी माध्यम बन जाती है।

आधुनिक युग में भारत की समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का एक केंद्रीय तत्व बन चुकी है। यह न केवल भारत को बाहरी खतरों से सुरक्षित रखती है, बल्कि उसे वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और सक्षम शक्ति के रूप में स्थापित भी करती है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों और उभरती चुनौतियों के बीच, भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी रणनीति को निरंतर अद्यतन करता रहे और नई तकनीकों तथा विचारों को अपनाकर अपनी सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाए। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल वर्तमान के लिए, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी एक सुरक्षित और स्थिर वातावरण सुनिश्चित करेंगे।

# अब भाजपा संवारेगी आपके सात सांसदों का राजनीतिक भविष्य!

कृष्णमोहन झा



अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के संस्थापकों में से एक राघव चड्ढा पार्टी के 6 अन्य सांसदों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये हैं। गौरतलब है कि राघव चड्ढा को कुछ दिन पूर्व ही राज्य सभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाया गया था और तभी से यह अटकलें लगाई जा रहीं थीं कि वे आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे सकते हैं परंतु केजरीवाल को यह अंदाजा कतई नहीं था कि इसके बाद राघव चड्ढा 6 अन्य सांसदों को साथ लेकर भाजपा में शामिल होने की तैयारी में जुट जाएंगे। राघव चड्ढा सहित जिन सात सांसदों ने आम आदमी पार्टी छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है उनमें से एक अशोक मित्तल के यहाँ अभी कुछ ही दिन पूर्व ईडी का छापा पड़ा था। पार्टी के दस सांसदों में से एक साथ सात सांसदों की यह बगावत निश्चित रूप से आम आदमी पार्टी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए बहुत बड़ा झटका है। इन सात सांसदों के द्वारा भाजपा का दामन थाम लिए जाने के बाद अब राज्य सभा में आम आदमी पार्टी के जो तीन सांसद बचे हैं वे हैं संजय सिंह,नारायण दास गुप्त और बलवीर सिंह। राघव चड्ढा का दावा है कि चूंकि आम आदमी पार्टी के दस में से दो तिहाई अर्थात सात सांसद भाजपा में शामिल हुए हैं इसलिए उन पर दलबदल कानून लागू नहीं होता।राघव चड्ढा इसे सात सांसदों का भाजपा में विलय कहते हैं। जाहिर सी बात है कि दलबदल कानून के तहत सांसदी जाने का कोई खतरा उन्हें नहीं सता रहा है। उधर दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह इन सांसदों को सदस्यता से अयोग्य ठहराने के लिए राज्य सभा के सभापति को पत्र लिखेगी। अब भविष्य में जो भी स्थिति बने लेकिन इसमें दो राय नहीं हो सकती कि राघव चड्ढा सहित सात सांसदों ने जिस तरह अचानक सामूहिक रूप से भाजपा में शामिल होने के फैसले की घोषणा की वह केजरीवाल को स्तब्ध कर देने के लिए काफी है और यह फैसला इसलिए भी बहुत मायने रखता है क्योंकि अगले साल पंजाब विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और इन सांसदों का पंजाब से नजदीकी रिश्ता है। जाहिर सी बात है कि पंजाब की वर्तमान विधानसभा में पार्टी सदस्यों के बीच भी उनके समर्थकों की संख्या कम नहीं होगी इसलिए यह मानकर चलना चाहिए कि अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा के चुनावों में भाजपा इन सभी सांसदों को आम आदमी पार्टी के विरुद्ध अपने चुनाव अभियान में बड़ी जिम्मेदारी सौंपेगी।इसके अलावा यह भी उत्सुकता का विषय है कि आम आदमी पार्टी छोड़ कर खुद को भारतीय जनता पार्टी में विलीनीकृत करके बेहद खुश नजर आ रहे उक्त सातों सांसद की यह उम्मीद कब पूरी होती है कि अब उनका राजनीतिक भविष्य संवरने में ज्यादा देर नहीं है।

राघव चड्ढा सहित सात सांसदों द्वारा अपना भाजपा में विलय करने की घोषणा पर स्वराज इंडिया के संस्थापक योगेन्द्र यादव और सुप्रसिद्ध कानूनविद प्रशांत किशोर की जो प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं उन पर विशेष रूप से गौर किये जाने की आवश्यकता है क्योंकि राघव चड्ढा की तरह आम आदमी पार्टी के गठन में उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है लेकिन दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद जल्द ही उन्होंने वैचारिक मतभेदों के कारण आदमी पार्टी से अपने रिश्ते तोड़ लिए थे।उस समय योगेन्द्र यादव ने कहा था कि पार्टी अपने आदर्शों से भटक गई है जबकि प्रशांत भूषण ने पार्टी में लोकतंत्र की कमी को पार्टी छोड़ने की वजह बताया था। इनके अलावा आम आदमी पार्टी से दूरी बना लेने वाली बड़ी हस्तियों में किरण बेदी, आशुतोष श्रीवास्तव और शाजिया इल्मी और कुमार विश्वास भी शामिल थे।

राघव चड्ढा सहित सात सांसदों के भाजपा में उनके विलय की घोषणा पर योगेन्द्र यादव कहते हैं कि 'आज जो हुआ है वह सिर्फ कुछ लोगों द्वारा दुर्व्यवहार महसूस करने के कारण पार्टी छोड़ने का मामला नहीं है।राघव चड्ढा की शिकायत जायज हो सकती है लेकिन उनके खिलाफ 100 अन्य लोगों की शिकायतें भी हो सकती हैं। यह दलबदल विरोधी भावना को पूरी तरह नष्ट करता है। संविधान के खिलाफ जाता है और लोकतंत्र की मूल भावना को कमजोर करता है। अगर आप कर सकते हैं तो चुनाव लड़ने के लिए आगे क्यों न बढें? साथ योगेन्द्र यादव यह भी कहते हैं कि मैं ने कभी आम आदमी पार्टी को डिफेंड नहीं किया। उन्होंने पार्टी को ऐसी जगह में बदल दिया है जहाँ आप केवल सत्ता के लिए आते हैं।' सुप्रसिद्ध कानून विद प्रशांत भूषण ने सोशल मीडिया प्लेट फार्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में लिखा आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले पहले ग्रुप और आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सात नेताओं के हालिया ग्रुप में क्या अंतर है? पहली बार लोग तब पार्टी छोड़कर गए जब अरविंद केजरीवाल ने उन सिद्धांतों से समझौता किया जिन पर पार्टी की स्थापना हुई थी। राघव चड्ढा के नेतृत्व वाले दूसरे समूह ने सत्ता के सुख का आनंद लिया। राज्य सभा के लिए भी चुने गये। ये लोग पूरी तरह से अवसरवादिता के चलते बीजेपी में शामिल हुए हैं। इन नेताओं में कोई सिद्धांत नहीं है।'यह समझना कठिन नहीं है कि इन प्रतिक्रियायों में राघव चड्ढा के इस फैसले के प्रति समर्थन का कोई भाव है लेकिन इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि केजरीवाल की अधिनायकवादी कार्य शैली और कथित भ्रष्टाचार के मामले उनकी लोकप्रियता में भारी कमी की मुख्य वजह बने। दिल्ली विधानसभा के पिछले चुनावों में पार्टी की करारी शिकस्त के कारण अनेक नेताओं का आम आदमी पार्टी से मोहभंग हुआ। पंजाब विधानसभा के अगले चुनावों में पार्टी के लिए अपना पहले जैसा प्रदर्शन दोहरा पाना आसान नहीं होगा। अब देखना यह है कि पार्टी को एकजुट बनाए रखने में केजरीवाल क्या अपनी कार्य शैली में परिवर्तन की आवश्यकता महसूस करेंगे।

# संख्याओं के जादूगर रामानुजन की अद्भुत गणितीय यात्रा



योगेश कुमार गोयल

भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज रामानुजन थीटा तथा रामानुजन प्राइम ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया। करीब एक दशक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे प्रतिभावान तथा गूढ़ ज्ञान वाले पुरूषों और महिलाओं का जन्म कभी-कभार ही होता है। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था।

गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे।


एक दिन एक अंग्रेज की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जी. एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था रॉयल सोसायटी ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया।

रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की।

भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक श्रीनिवास रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए ह्वसंख्याओं का जादूगरह्ल भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज रामानुजन थीटा तथा रामानुजन प्राइम ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया।

## दैनिक पंचांग

**26 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.38 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मिथुन | 08.36 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.49 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.05 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 15.17 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.28 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.43 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 21.59 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 00.04 बजे से |
| | | कुंभ | 01.50 बजे से |
| | | मीन | 03.23 बजे से |
| | | मेष | 04.54 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2026 वर्ष का 116 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 18.07 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 20.27 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 22.28 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 06.14 बजे तदनन्तर गर 18.07 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 8.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 27'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872691
**जूलियन दिन** 2461156.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 08
**विशेष** महावीर स्वामी कैवल्य ज्ञान।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल

**साहिबगंज:** बैंगलोर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12509 से गिरने के कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बरहरवा-फरक्का रेलखंड के बोनीडांगा स्टेशन के आगे आहुतग्राम गांव के पास हुई। घायल युवक की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के रोशनगंज के मो. नसरुद्दीन (28) के रूप में हुई है। घटना की सूचना एक ट्रेन चालक ने बोनीडांगा स्टेशन पर दी। सूचना मिलते ही रेलकर्मी चंदन पंडित एवं आरपीएफ के हेड कांस्टेबल रामाशंकर मौके पर पहुंच घायल युवक को उठाकर बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल के भाई हाफीजुल ने बताया कि कुछ लोगों के साथ दोनों भाई काम करने के लिए मालदा से महाराष्ट्र जा रहे थे। ट्रेन में भीड़ होने के कारण सभी एक दूसरे से अलग हो गए। बाद में बोलपुर स्टेशन पर उतर वहां से बैंगलोर एक्सप्रेस (12509) पकड़ ली। इसी दौरान उसका भाई नसरुद्दीन ट्रेन के गेट के पास बैठा था। अचानक गेट बंद होने के दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से नीचे गिर गया। इस बीच प्राथमिक इलाज के बाद युवक की को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### साहिबगंज स्टेशन से बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज:** रेलवे स्टेशन पर चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार देर शाम स्टेशन परिसर में एक युवक की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी अनुसार रसूलपुर दहला निवासी सुरेश प्रसाद साह के पुत्र अभिषेक कुमार अपनी टीवीएस अपाची जेएच 18 जे 4800 स्टेशन परिसर स्थित पीपल के पेड़ के पास खड़ी कर रेलवे पूछताछ केंद्र पर ट्रेन की जानकारी लेने गए थे। कुछ ही देर बाद लौटने पर उनकी बाइक वहां से गायब मिली। पीड़ित युवक ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद उन्होंने रेल थाना में आवेदन देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। रेल थाना प्रभारी कैलाश महतो ने बताया कि युवक की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन परिसर में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं जिससे यात्रियों में असुरक्षा का माहौल है।

### साहिबगंज में मासिक सह विशेष लोक अदालत का आयोजन

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज साहिबगंज न्यायालय एवं राजमहल अनुमंडल न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत सह एन.आई. एक्ट से संबंधित मामलों के निपटारे हेतु विशेष लोक अदालत भी आयोजित की गई। लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से कुल 14 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया, जिसमें कुल 5,51,400 (पाँच लाख इक्यावन हजार चार सौ रुपये) की समझौता राशि प्राप्त हुई। इस पहल से न केवल लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे में मदद मिली, बल्कि पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय भी प्राप्त हुआ। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज सिंधु नाथ लामाये के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने लोक अदालत की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच आपसी सहमति से विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है।

# पाकुड़ में आंगनबाड़ी केंद्रों का डीसी ने किया निरीक्षण, बच्चों की सुविधाओं पर दिया जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत सोनाजोड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र सह प्री- नर्सरी स्कूल केंद्र रसीकटोला तथा हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत मणिडांगा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा, पोषण, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सर्वप्रथम सोनाजोड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र सह प्री-नर्सरी स्कूल केंद्र रसीकटोला का निरीक्षण किया। उन्होंने सेविका द्वारा बच्चों को दी जा रही समावेशी शिक्षा, दैनिक गतिविधियों एवं प्रारंभिक शिक्षण व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त ने बच्चों को प्रतिदिन कराई जा रही गतिविधियों के साथ- साथ पोषण वाटिका, बच्चों को दिए जाने वाले आहार एवं पोषाहार की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस दौरान उपायुक्त ने बच्चों के लिए उपलब्ध उपकरणों जैसे लंबाई एवं वजन मापने की मशीन का भी निरीक्षण किया तथा उनके नियमित उपयोग की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के अटेंडेंस रजिस्टर की जांच करते हुए उपस्थिति व्यवस्था की समीक्षा की। उपायुक्त ने केंद्र परिसर की साफ-सफाई, बच्चों के स्वास्थ्य एवं बढ़ती गर्मी को देखते हुए आवश्यक सावधानियों को अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। इसके पश्चात उपायुक्त ने हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत मणिडांगा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मणिडांगा आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षण एवं पोषण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। सेविका द्वारा केंद्र में बिजली एवं पेयजल की समस्या से अवगत कराए जाने पर उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द बिजली एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। यहां बच्चों को शिक्षा, पोषण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

## थाना दिवस में तीन मामले का हुआ निष्पादन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राधानगर थाना में शनिवार को सीआई हैदर अली की उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में जमीन संबंधित मामले का निष्पादन करने हेतु चार मामला सामने आया। जिसमें पुलिस पदाधिकारी तथा राजस्व कर्मचारी की मौजूदगी में दोनों पक्षों से बातचीत को सुनने के बाद तीन मामले का निष्पादन कर दिया गया। जबकि एक मामला का निष्पादन नहीं हो सका। वहीं उन दोनों पक्षों को अगले थाना दिवस में उपस्थित होकर मामले का निष्पादन करने को लेकर पहल करने की बात कही। मौके पर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक सुनील मेहता, राजस्व कर्मचारी दारा पासवान सहित अन्य राजस्व कर्मचारी को पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यालय के प्रवेश द्वार के पास गंदगी देख उपायुक्त ने जताई नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया, निमार्णाधीन मॉडल अस्पताल तथा विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, भवनों की स्थिति एवं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, प्रयोगशाला, शल्य कक्ष, पुरुष वार्ड एवं प्रसुति गृह का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी चिकित्सक डॉ. मंजर आलम से ली। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने निमार्णाधीन मॉडल अस्पताल का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रखंड की 182 स्वास्थ्य सहियाओं के बीच विभाग से प्राप्त किट का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट को शीघ्र हैंडओवर करने का निर्देश भी दिया। इसके पश्चात उपायुक्त ने पाकुड़िया ग्वालपाड़ा स्थित निर्माण के बाद बेकार पड़े उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय पहुंचकर भवन की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। भवन की स्थिति देखकर उन्होंने चिंता जताई। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि करोड़ों की लागत से बने इस भवन पर स्थानीय एक व्यक्ति का अवैध कब्जा है। उपायुक्त ने मौके पर विद्यालय भवन को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर भवन के सुदृढ़ीकरण का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया।

## हावड़ा जोन के प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर ने किया डीएमयू मेंटेनेंस शेड का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** हावड़ा जोन के प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर परमानंद शर्मा ने शनिवार को डीएमयू मेंटेनेंस शेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डीएमयू कारशेड में इलेक्ट्रिक मेमू पैसेंजर ट्रेन के मेंटेनेंस की तैयारी एवं पिट बढ़ाने व बनाने को लेकर उन्होंने यहां कार्यों का जायजा लिया है। पिट बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसको लेकर रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव जा चुका है। तत्काल उपलब्ध जगह पर पिट निर्माण कर लिया जाएगा। कुछ ईशु है, जमीन की दिक्कत है। अगर जमीन मिल जाये तो यहां 24 कोच के ट्रेन की पिट बनाई जाएगी। ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का नीतिगत फैसला रेलवे बोर्ड को लेना है। लेकिन जाहिरन उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग किया जाएगा। अभी प्रस्ताव व उपलब्ध जमीन पर 16 बोगी का मेंटेनेंस कर पाएंगे। कार्य अभी चल रहा है, प्लानिंग सही दिशा में है। इससे संतुष्ट हैं। इसी क्रम में रेलवे अधिकारियों की टीम ने कुछ दिनों पहले पूर्व में उपायुक्त हेमंत सती से मुलाकात कर जमीन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पिट लाइन निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने पर जोर दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि डीएमयू ट्रेनों के सुचारू संचालन और नियमित तकनीकी जांच के लिए पिट लाइन अत्यंत जरूरी है। इसके अभाव में मेंटेनेंस कार्य प्रभावित होता है, जिससे ट्रेनों की समयबद्धता और गुणवत्ता पर असर पड़ता है। बैठक में जमीन की उपलब्धता, चयनित स्थल और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को लेकर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। पूर्व डीसी हेमंत सती ने परियोजना को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए संबंधित विभागों को जमीन से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

## विश्व मलेरिया दिवस पर छात्रों को दी गई बचाव व उपचार की जानकारी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज:** जिले के मंडरो प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कौड़ी खुटौना के अंतर्गत मदर टेरेसा मेमोरियल स्कूल कौड़ी खुटौना भगैया में सिविल सर्जन रामदेव पासवान साहिबगंज की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसमें प्रवीर के द्वारा मलेरिया के बारे में सभी बच्चों को बताया गया। जिसमें मलेरिया के कारण, बचाव, ट्रीटमेंट के बारे में बताया गया। साथ ही साथ पानी के निकाश की समुचित व्यवस्था, हाथ धोने के प्रकार, मच्छरदानी का उपयोग, आई आर एस छिड़काव, आदि के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर अमन कुमार भारती, प्रवीर सिन्हा, रवि कुमार जाटव, सहिया चांदमुनी कर्मकार, डोरोथी मुर्मू, बोरोनिका सोरेन, टेरेसा सोरेन, बलराम मंडल, विजय पत्रकार, डायरेक्टर बोनिफास, प्रिंसिपल मैडम रीना जायसवाल के साथ साथ विद्यालय के अन्य सभी अध्यापकों ने रैली में भाग लिया।

उपायुक्त का बोरियो प्रखंड में सघन निरीक्षण, शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था पर विशेष फोकस

# विद्यालय में शिक्षकों की कमी पर सख्ती, स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दुबे द्वारा आज बोरियो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत बोरियो प्रखंड स्थित राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय से की गई। उपायुक्त ने विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, विषयों की समझ एवं विद्यालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रधानाचार्य की अनुपस्थिति को गंभीरता से संज्ञान में ली गई। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने प्रधानाचार्य का वेतन स्थगित करने एवं स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, रोस्टर एवं अन्य अभिलेखों की भी जांच की। साथ ही मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) के तहत बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। उन्होंने भोजन की स्वच्छता एवं पोषण मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई, जहां दो चापाकल एवं एक बोरिंग खराब पाए गए। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग को शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बांझी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने दवाइयों एवं टीकों की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया तथा प्रसव कक्ष, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, डायग्नोस्टिक कक्ष एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में पाकुड़ जिले को मिला गौरवपूर्ण सम्मान



**पाकुड़ :** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत शुक्रवार को रांची स्थित खेलगांव इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय भव्य समारोह में पाकुड़ जिले को विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की पंचायत व्यवस्था, स्वच्छता, सुशासन एवं जनभागीदारी के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को राज्य स्तर पर सराहा गया। यह सम्मान जिले के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है, जो पंचायत स्तर पर सतत विकास, पारदर्शिता एवं जनकल्याण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले को प्राप्त इन सम्मानों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं जनहित के प्रति निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने इस सफलता के लिए पूर्व उपायुक्त मनीष कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष जूली खिष्टमणि हेम्ब्रम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, डीपीएम ई-पंचायत आनंद प्रकाश सहित सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई दी। उपायुक्त ने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने, ग्रामीण विकास को गति देने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु सभी संबंधित इकाइयों ने समर्पण भाव से कार्य किया है। यही कारण है कि आज पाकुड़ जिला राज्य स्तर पर सम्मानित हुआ है। उपायुक्त ने कहा कि यह सम्मान केवल प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मियों एवं आम नागरिकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सभी संबंधित इकाइयों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते हुए जिले का नाम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक गौरवान्वित करने हेतु प्रेरित किया।

### पाकुड़ में फाइनेंस कर्मी पर फायरिंग बाल-बाल बचा कर्मचारी



**पाकुड़:** जिले के नगर थाना क्षेत्र के ग्वालपाड़ा (निमतल्ला) में शनिवार सुबह फायरिंग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना सुबह करीब 7:30 से 8:00 बजे के बीच की बताई जा रही है, जहां एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी पर गोली चला दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित मिथुन कुमार रजक एक निजी फाइनेंस कंपनी में फील्ड स्टाफ के रूप में कार्यरत हैं। बताया जाता है कि उनके पड़ोस में रहने वाले शिबू राउत से पहले से ही विवाद चल रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी को फाइनेंस कार्यालय से देर रात होने वाले शोर-शराबे से आपत्ति थी। इसी बात को लेकर शनिवार सुबह दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और फिर फायरिंग तक पहुंच गई। घटना के दौरान आरोपी ने देसी कट्टे से फायरिंग की। हालांकि गोली सीधे नहीं लगी, लेकिन बारूद के छींटे मिथुन के हाथ (बाजू) में लग गए। इस कारण वह बाल-बाल बच गए। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी के अनुसार, आसपास लगे CCTV कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई है, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान कर ली गई है। फिलहाल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर मे 12 लोगो ने किया रक्तदान



**साहिबगंज:** बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर मे 12 लोगो ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कर्मकार, डॉक्टर संतोष टूडू,डाक्टर प्रत्यूष कुमार सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में रक्तदान शिविर हुआ। जिसमें सबसे पहले चिकित्सक डॉक्टर संतोष टुडू ने रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूकता करने का काम किया। इस अवसर पर चिकित्सक डॉक्टर इफ्त अली, पत्रकार ब्रजनंदन कुमार, नागराज साह, शिक्षक अमित प्रमाणिक, संजय बासुकी, विजय भगत सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कर्मकार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता करने को लेकर बरहेट में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल 12 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन मो जाहीद, निशा खातून, विजय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भूमि विवाद में मारपीट में तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र के मोगलानीचक, नयाबाजार मोहल्ले में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में मोगलानीचक निवासी तफज्जुल शेख ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि बीते 23 अप्रैल को पड़ोस के कुछ लोग उनकी जमीन पर जबरन कुआं बनवाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने एकजुट होकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। पीड़ित के बयान के आधार पर थाना कांड संख्या 129/26 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आज समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्थापना शाखा, सामान्य शाखा, जिला निर्वाचन शाखा, नीलाम पत्र शाखा, भू-अर्जन कार्यालय, राजस्व शाखा, डीपीएमयू यूनिट तथा आपूर्ति कार्यालय, जिला विधि शाखा, नजारत आदि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में संचालित कार्यों तथा कार्यालय व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में पदस्थापित प्रत्येक पदाधिकारी एवं कर्मी का प्रमुख दायित्व है कि वे आम जनता की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### खराब रिजल्ट पर शिक्षा विभाग सख्त, 64 विद्यालयों पर गिरी गाज

**रामगढ़** : जैक ने मैट्रिक का रिजल्ट जारी कर दिया। रामगढ़ जिले के विद्यालयों का परफॉर्मेंस काफी खराब रहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने इस निराशाजनक रिजल्ट से मुंह मोड़ने के बजाय एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने जैक (झारखण्ड अधिविद्य परिषद) एवं सीबीएसई माध्यमिक परीक्षा 2026 के परीक्षाफल की समीक्षा के उपरांत जिले के सरकारी एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालयों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया। डीसी ऋतुराज के निदेर्शानुसार की गई समीक्षा में पाया गया कि जिले के कई विद्यालयों का परीक्षाफल संतोषजनक नहीं रहा है। शत-प्रतिशत परिणाम नहीं देने वाले 52 विद्यालयों को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। जिले के ऐसे 52 विद्यालय जिनका परीक्षाफल 100 प्रतिशत नहीं रहा है,उन्हें 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। इन विद्यालयों का उत्तीर्णता प्रतिशत 87 प्रतिशत से 99 प्रतिशत के बीच रहा है। चिंतनीय प्रदर्शन वाले 12 विद्यालयों पर गाज गिरी है। समीक्षा में 12 ऐसे विद्यालयों की पहचान की गई है जिनका परीक्षाफल अत्यंत निराशाजनक और चिंतनीय श्रेणी में है। इन स्कूलों में उत्तीर्णता का स्तर 68 प्रतिशत (न्यूनतम) तक गिर गया है। इन 12 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं संबंधित टी.जी.टी. शिक्षकों का वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त होने तक इनका वेतन भुगतान बंद रहेगा।

### विदाई समारोह में भावुक हुए एसपी, गीत गाकर रामगढ़ वासियों को कहा अलविदा

**रामगढ़** : रामगढ़ के निवर्तमान एसपी अजय कुमार अपने विदाई समारोह में काफी भावुक नजर आए। रामगढ़ के मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में आयोजित विदाई सम्मान समारोह में वह अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे। उन्होंने 1 साल 10 महीने के कार्यकाल में रामगढ़ जिलावासियों को ही अपना परिवार बना लिया था। जब लोगों ने उनके मृदुभाषी होने और बड़ी से बड़ी समस्या को बड़ी शालीनता से हल करने की बात की तो एसपी अजय कुमार ने इसका श्रेय अपनी पूरी टीम और रामगढ़ जिला वासियों को दिया। रामगढ़ जिले को उन्होंने बेहद प्यारा गीत सुनाकर अलविदा कहा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में उन्हें काफी प्यार मिला है। प्रशासनिक स्तर पर, पुलिस पदाधिकारी के द्वारा, मीडिया जगत से जुड़े लोग और समाज के प्रबुद्ध नागरिक उनके परिवार के ही अंग बन गए थे। उनके बारे में भी कई अनसुनी कहानियां सामने आई।

### जयपुर मोड़ गोलीकांड के चार अपराधी गिरफ्तार

**देवघर** : मोहनपुर थाना क्षेत्र के जयपुर मोड़ पर 23 अप्रैल की रात हुई लूट और गोलीकांड मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक आरोपित की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य आरोपित अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने एक मालवाहक मैजिक वाहन को रोककर चालक के साथ मारपीट की और पिस्टल के बल पर करीब दो हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन और वाहन लूट लिया था। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया और लूटा गया वाहन भी बरामद कर लिया।

# खूंटी में गहराया जल संकट, तजना नदी का जलस्तर घटने से साढ़े चार हजार घरों की जलापूर्ति ठप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी** : बढ़ती गर्मी के साथ झारखंड के खूंटी में जल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पानी की समस्या गहराने लगी है। खासकर खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है, जहां तजना नदी पर बने जलाशय (वीयर) का जलस्तर न्यूनतम स्तर पर पहुंचने से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुधवार को आंशिक जलापूर्ति के बाद गुरुवार से शहर में पानी की सप्लाई बंद हो गई, जिससे लगभग साढ़े चार हजार घर प्रभावित हुए हैं। लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में लोग एक-एक बाल्टी पानी के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। स्थिति को संभालने के लिए नगर पंचायत ने प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के जरिए पानी की आपूर्ति शुरू की है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण पूरे शहर में समुचित वितरण करना बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऊंचाई वाले इलाकों में समस्या और भी गंभीर है, जहां भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। अधिकांश कुएं सूख चुके हैं और कई स्थानों पर बोरिंग भी फेल हो रही है। उल्लेखनीय है कि खूंटी में तजना जलापूर्ति केंद्र का निर्माण 1970 के दशक में की गई थी। इसके बाद व्यवस्था को मजबूत करने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन हर साल गर्मियों में जल संकट की स्थिति जस की तस बनी रहती है। करीब सात वर्ष पहले 56 करोड़ रुपये की लागत से विश्व बैंक संपोषित शहरी जलापूर्ति योजना शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2045 तक की आबादी को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करना था। 3 दिसंबर 2025 से नियमित आपूर्ति भी शुरू हुई, लेकिन योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू स्थायी जल स्रोत को नजरअंदाज कर दिया गया। आज भी जलापूर्ति पूरी तरह तजना नदी के पुराने वीयर और इंटक वेल पर निर्भर है, जो हर साल गर्मी में सूख जाते हैं। नतीजतन, यह महत्वाकांक्षी योजना पहली ही गर्मी में विफल साबित होती नजर आ रही है। जल संकट से स्थायी समाधान के लिए तजना नदी में नए वीयर के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है। नगर पंचायत ने लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि अतिरिक्त जल भंडारण की व्यवस्था किए बिना हर साल यही संकट दोहराया जाएगा। फिलहाल अच्छी बारिश ही एकमात्र उम्मीद मानी जा रही है। यदि समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। नगर पंचायत की प्रशासक सृष्टि दीप्रिया मिंज ने बताया कि फिलहाल टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। नगर पंचायत के पास छह डीप बोरिंग और आठ टैंकर उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त टैंकर भी लगाए जाएंगे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के पांड्रासाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत पाताहातु गांव के समीप शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल गोप (21), पिता रेमो गोप, निवासी होरलोर गांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अनिल गोप पहले छात्र था, लेकिन वर्तमान में पढ़ाई नहीं कर रहा था। घटना के संबंध में मृतक के पिता रेमो गोप ने बताया कि अनिल अपने रिश्तेदार (फुआ) के घर भोया गांव गया हुआ था और देर रात हंटर बाइक से अपने घर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि पाताहातु गांव के पास सड़क पर अचानक एक गाय आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में अनिल गोप ने बाइक पर नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे स्थित एक हड़िया गोदाम की दीवार से जोरदार टक्कर मार दी। उसे गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पांड्रासाली ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। अनिल गोप अपने परिवार में छह भाइयों में सबसे छोटा था।

## टाटानगर स्टेशन पर 15 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। शुक्रवार देर रात चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से करीब 15 किलो गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई टाटानगर स्थित आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी अधिकारी एस.के. साव और रेल एसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में की गई। अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रेन के माध्यम से गांजा की खेप टाटानगर स्टेशन पहुंचने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों में शामिल दो व्यक्तियों को रोका गया, जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिहार के नवादा जिले के रजौली निवासी उपेंद्र कुमार (38 ) और विनोद साव (55 ) के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने गांजा की खेप को दूसरे राज्य तक पहुंचाने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी के पीछे कौन सा गिरोह सक्रिय है और इसका नेटवर्क किन-किन राज्यों तक फैला हुआ है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही जब्त गांजा को भी विधिवत सील कर आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नार्कोस के तहत की गई है।

## स्कॉर्पियो और बुलेट में टक्कर, सांसद प्रतिनिधि के इंजीनियर पुत्र की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ी गांव में नेशनल हाइवे पर स्कॉर्पियो और बुलेट के बीच शनिवार को भीषण टक्कर हो गई, जिससे बुलेट सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान जिले पाटन थाना क्षेत्र के कांके कला गांव निवासी और भाजपा सांसद वीडी राम के प्रतिनिधि ईश्वरी पांडे के पुत्र आकाश पांडे के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पड़वा थाना प्रभारी अंचित कुमार मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेज दिया। हादसे में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे खाई में गिर गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पांडव थाना प्रभारी ने बताया की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना शनिवार सुबह 8:00 बजे की है। स्कॉर्पियो पड़वा की ओर से जबकि बुलेट मेदिनीनगर की तरफ से आ रहा था। इसी क्रम में स्कॉर्पियो और बुलेट की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमे बुलेट सवार आकाश पांडे की मौके पर मौत हो गई। दो लोग जख्मी हुए हैं उन्हें इलाज के लिए भेजा जा रहा है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता एमएमसीएच पहुंचे और घटना पर दुख व्यक्त करते परिजनों का हौसला बढ़ाया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपी जाएगी। आकाश पांडे जूनियर इंजीनियर थे और ग्रासिम इंडस्ट्री रेहला में कार्यरत थे। ड्यूटी के लिए मेदिनीनगर स्थित घर से निकले थे। 4 साल पहले उनकी शादी हुई थी।

## विश्व मलेरिया दिवस पर प्रभात फेरी और जागरूकता रथ रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर** : विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले में जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रभात फेरी एवं जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इस दौरान लोगों को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार यादव ने बताया कि जागरूकता और मच्छरों से बचाव ही मलेरिया से बचने का सबसे आसान उपाय है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने आसपास जल जमाव न होने दें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। सिविल सर्जन डॉ. रमेश कुमार के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अभय कुमार यादव ने की। इस दौरान जिला भीबीडी सलाहकार डॉ. गणेश कुमार यादव के साथ संयुक्त रूप से प्रभात फेरी और जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली पुराना सदर अस्पताल परिसर से शुरू होकर आर मित्रा प्लस टू स्कूल, थाना रोड, बिग बाजार, बैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन रोड, दीनबंधु स्कूल चौक, राय एंड कंपनी मोड़ होते हुए टावर चौक मेन बाजार से पुनः सदर अस्पताल परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में एनएमटी स्कूल की छात्राएं, शिक्षक एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बरसात का मौसम आने वाला है, सावधान हो जाएं, अपने आसपास जल जमाव न होने दें, पानी जमा होगा जहां, मच्छर पनपेंगे वहां जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में मलेरिया की रोकथाम के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शपथ ग्रहण कराया गया।

# रामगढ़ लोक अदालत में 23 मामलों का निपटारा, 18.55 लाख का हुआ सेटलमेंट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न श्रेणी के मामलों का त्वरित, सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान किया गया। लोक अदालत में कुल 23 मामलों का निपटारा हुआ तथा 18 लाख 55 हजार रुपये की सेटलमेंट राशि तय की गई। लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, विद्युत अधिनियम से जुड़े मामले, भूमि अधिग्रहण विवाद, दीवानी एवं आपराधिक अपील, बैंक और बीमा विवाद, राजस्व मामले, चेक बाउंस तथा मोटर वाहन दावा मामलों की सुनवाई कर समाधान किया गया। इससे कई पक्षों को लंबित विवादों से राहत मिली। लोक अदालत वैकल्पिक विवाद समाधान प्रक्रिया (अउक्र) का प्रभावी माध्यम है, जहां दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा होता है। इससे समय की बचत होती है, न्यायालय शुल्क कम लगता है और आपसी संबंध भी बेहतर बने रहते हैं। साथ ही न्यायिक संसाधनों पर भी दबाव कम होता है। मामलों के निष्पादन के लिए चार न्यायिक पीठों का गठन किया गया था। बेंच नंबर-1 में पारिवारिक विवाद, बेंच नंबर-2 में विद्युत अधिनियम, भूमि अधिग्रहण, क्लेम केस, दीवानी एवं आपराधिक मामले,
बेंच नंबर-3 में चेक बाउंस मामलों, बेंच नंबर-4 में वन विभाग, बैंक, बीएसएनएल और पूर्व-विवाद मामलों की सुनवाई की गई। लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं, एलएडीसी, न्यायालय कर्मियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की कि वे अपने विवादों के त्वरित, सरल और न्यायपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालत का अधिकतम लाभ उठाएं। यह आयोजन एक बार फिर साबित कर गया कि संवाद, सहमति और समझौते से न्याय की राह आसान और प्रभावी बन सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ में जागरूकता संगोष्ठी, दूरचिकित्सा सेवाओं की भी हुई गहन समीक्षा




**रामगढ़** : विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में विशेष संगोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. स्वराज ने की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य आदतों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम मलेरिया समाप्ति के लिए संकल्प: अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. स्वराज ने कहा कि मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव के लिए दवा के साथ-साथ जनजागरूकता, साफ-सफाई और समय पर उपचार जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की भागीदारी से ही मलेरिया मुक्त समाज का सपना पूरा होगा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में डॉ. स्वराज और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह गैर संचारी रोग नोडल पदाधिकारी डॉ. तुलिका रानी की संयुक्त अध्यक्षता में दूरचिकित्सा सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें पंजीकृत चिकित्सकों के साथ परामर्श सेवा के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं पर चर्चा कर समाधान निकाला गया। अधिक से अधिक मरीजों तक यह सुविधा पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में डॉ. शमीम अख्तर, डॉ. जयश्री रागनी, डॉ. अपराजिता, डॉ. अम्बिका कुमारी, डॉ. मदन कुमार महतो, डॉ. मनिताप, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. मनीषा कुमारी, डॉ. अमित आनंद, विशाल तिर्की, डॉ. पुजा, डॉ. चेतन, बिरेन्द्र चतुवेर्दी, डॉ. रित्विक, डॉ. पी.एन. सिंह और डॉ. वी.के. सिंह सहित कई चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप कुमार सिन्हा, डॉ. पल्लवी कौशल, सुनील कुमार मधुकर, आमोद कुमार, विमल कुमार केशरी और मो. मिन्हाज अन्सारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।यह आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता, जनभागीदारी और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### खूंटी व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत, 16 मामलों का हुआ निष्पादन

**खूंटी** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत सह विशेष लोक अदालत (एनआई एक्ट) का आयोजन किया गया। लोक अदालत के दौरान विभिन्न मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए कुल पांच बेंचों का गठन किया गया। इसमें दीवानी प्रकृति के सुलहनीय मामले, विद्युत से संबंधित मामले तथा विशेष लोक अदालत के अंतर्गत एनआई एक्ट (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) से जुड़े मामलों को प्रस्तुत किया गया। आयोजित लोक अदालत के माध्यम से कुल 16 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। इनमें एनआई एक्ट के दो मामलों सहित अन्य 14 मामलों का निपटारा शामिल रहा। दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का समाधान कर त्वरित न्याय सुनिश्चित किया गया। एनआई एक्ट के अंतर्गत दो मामलों में कुल दो लाख रुपये का सेटलमेंट कराया गया, जबकि अन्य 14 मामलों में 25,500 रुपये की राशि का समझौता हुआ। इस प्रकार लोक अदालत ने न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाया, बल्कि पक्षकारों को समय और आर्थिक राहत भी प्रदान की। इस अवसर पर कई न्यायिक पदाधिकारी, पीएलबी (पारा लीगल वॉलंटियर्स) तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता को न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आम लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रभारी डालसा सचिव अर्जुन साव ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की लोक अदालतों का आयोजन कर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जाएगा, ताकि लोगों को शीघ्र और सस्ता न्याय मिल सके।

### खूंटी के मुरहू में अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**खूंटी** : मुरहू थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अफीम के कारोबार का पदार्फाश किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि एक आरोपित मौके से फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपितों के पास से 980 ग्राम अफीम, दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषभ गर्ग ने शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बामनोम निवासी जगदीश डहंगा (20), गुदड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कमरोड़ निवासी जबार पूर्ति (27) तथा सिमडेगा जिले के केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गझरिया निवासी रैजीश केरकेट्टा (23) शामिल हैं। एसपी ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली थी कि मुरहू थाना क्षेत्र के नील फैक्ट्री के पास कुछ लोग अफीम की खरीद-बिक्री के लिए इकट्ठा होने वाले हैं। सूचना की पुष्टि के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) वरुण रजक के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, वहां मौजूद लोग पुलिस को देखकर भागने लगे। हालांकि जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर तीन आरोपितों को पकड़ लिया, जबकि एक व्यक्ति अंधेरे और मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए आरोपितों की तलाशी लेने पर उनके पास से 980 ग्राम अफीम, दो मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपितों ने अफीम के अवैध कारोबार में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इस मामले में मुरहू थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। इस छापेमारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा पुलिस निरीक्षक फ्रांसिस जेवियर बाड़ा, मुरहू थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

संक्षिप्त डायरी

## बड़े भाई के तिलक से पहले छोटे ने खाया जहर

**पटना (एजेंसी)** बिहार के औरंगाबाद जिले में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई के तिलक से कुछ घंटे पहले ही जहर खा लिया. देखते ही देखते खुशियां मातम में बदल गई. युवक की हालत गंभीर बनी हुई है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. २ः औरंगाबाद शहर के नवाडीह मुहल्ले में शनिवार की शाम बड़े भाई का तिलक होने वाला था. घर में चहल-पहल थी. तिलक समारोह की तैयारियों के बीच रिश्तेदारों का आना शुरू हो गया था. इसी बीच घरेलू विवाद में छोटे भाई ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया. वहां से डॉक्टर ने मगध मेडिकल अस्पताल, गया रेफर कर दिया. जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. अचानक मातम में बदली खुशियां इस घटना से तिलक समारोह की खुशियां अचानक मातम में बदल गयीं. घटना के बाद घर में अफरातफरी मच गई और परिवार में कोहराम मच गया. जानकारी के अनुसार, नवाडीह बिगहा निवासी लालचंद राम के घर शनिवार की रात तिलक समारोह होना था. घर में उत्सव का माहौल था. सभी रिश्तेदार भी आ गये थे. घर और आसपास सजावट की जा रही थी. इसी बीच सुबह करीब 11 बजे यह खबर फैली कि दूल्हा लालचंद के भाई प्रेमचंद ने जहरीला पदार्थ खा लिया है. घटना के पीछे घरेलू विवाद की चर्चा तेज परिजन आनन-फानन में प्रेमचंद को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने काफी देर तक उसका उपचार किया. हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया. अस्पताल सूत्रों के अनुसार युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. घटना के पीछे घरेलू विवाद की चर्चा सामने आ रही है. लेकिन परिजन इस संबंध में कुछ भी बताने से बचते रहे. अस्पताल में मौजूद परिवार के सदस्यों ने मामले पर चुप्पी साधे रखी. पुलिस को भी घटना की सूचना दिए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है.

## महिला आरक्षण को लेकर सड़कों पर उतरीं महिलाएं, भाजपा का प्रदर्शन

**पटना (एजेंसी)** मोतिहारी में भाजपा महिला मोर्चा ने महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने के विरोध में जनआक्रोश मार्च निकाला है. बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस रैली में भाग लिया. नेताओं ने इसे महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा अहम मुद्दा बताते हुए जल्द पास करने की मांग की. मोतिहारी में महिला आरक्षण बिल को लेकर सियासी माहौल गरमाता नजर आया. उच्च सदन में बिल पारित नहीं होने से नाराज भाजपा महिला मोर्चा ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया और अपनी आवाज बुलंद की. जिला भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले जनआक्रोश मार्च निकाला गया, जो जिला परिषद कैंपस से शुरू होकर टाउन हॉल तक गया. इस रैली में बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं और पार्टी समर्थकों ने हिस्सा लिया और महिला आरक्षण की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की. कार्यक्रम में सांसद राधामोहन सिंह और विधायक प्रमोद कुमार समेत कई नेता मौजूद रहे. नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि महिला आरक्षण सिर्फ एक बिल नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण का मुद्दा है. रैली पूरी तरह शांतिपूर्ण रही और टाउन हॉल पहुंचकर संपन्न हुई. जिला सह मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकताओं का आभार जताया. महिला आरक्षण बिल 131वां संशोधन महिला आरक्षण बिल (131वां संविधान संशोधन) अप्रैल 2026 में लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत (352 वोट चाहिए थे) न मिलने से गिर गया, जहां केवल 298 वोट पड़े. एनडीए वाले इसका विरोध कर रहे हैं क्योंकि वे विपक्ष (कांग्रेस, सपा आदि) को जिम्मेदार ठहराते हैं, जो बिल को परिसीमन बिल से जोड़कर राजनीति कर रहे थे. इसके विरोध में एनडीए की महिला सांसदों ने संसद में धरना दिया, महिलाओं का अपमान के नारे लगाए.

## गर्मी की छुट्टी 15-20 मई के बीच संभावित, सरकारी स्कूलों में 1 जून से

**पटना (एजेंसी)** भीषण गर्मी को देखते हुए राजधानी के स्कूलों में गर्मी छुट्टी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। अलग-अलग स्कूलों ने अपने-अपने स्तर पर शेड्यूल तय करना शुरू कर दिया है, जबकि कुछ स्कूल प्रशासनिक आदेश का इंतजार कर रहे हैं। डॉन बॉस्को एकेडमी में 16 मई तक पढ़ाई और अन्य गतिविधियां चलेंगी। 16 मई को क्लास 4 से 12 तक के छात्रों के लिए पैरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित होगी। इसके बाद 17 मई से गर्मी छुट्टी शुरू हो जाएगी, जो 22 जून तक चलेगी। 22 जून को स्कूल फिर से खुलेगा। स्कूल की प्राचार्य मेरी अल्फोंसा के अनुसार, गर्मी छुट्टी में छात्रों को हर विषय से सिलेबस आधारित होमवर्क दिया जाएगा। खासकर 8वीं से 10वीं कक्षा के छात्रों को प्रोजेक्ट वर्क भी मिलेगा, जिसे वे छुट्टी के दौरान पूरा करेंगे। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से जुड़े कार्य मुख्य रूप से स्कूल में ही कराए जाएंगे, जबकि छुट्टी में सामान्य सिलेबस पर आधारित कार्य ही दिए जाएंगे। बाल्डविन के निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि अभी स्कूल में गर्मी छुट्टी की अंतिम तारीख तय नहीं हुई है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए फिलहाल स्कूल का समय घटा दिया गया है। सीनियर कक्षाएं दोपहर 12 बजे तक और छोटे बच्चों की कक्षाएं 11:30 बजे तक चल रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छुट्टी की घोषणा जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार होगी। सरकारी स्कूलों की बात करें तो डीईओ की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, सरकारी स्कूलों में 1 जून से 20 जून तक गर्मी छुट्टी होगी

## डमी पंजीयन कार्ड जारी, सीमित सुधार की सुविधा

**पटना (एजेंसी)** बिहार बोर्ड ने एनसीटीई मान्यता प्राप्त और समिति से संबद्ध डीएलएड संस्थानों में सत्र 2025-27 के नामांकित विद्यार्थियों के लिए डमी पंजीयन कार्ड पोर्टल सुधार के लिए उपलब्ध कराने की सूचना दी है। परीक्षा नियंत्रक (विविध) के अनुसार, संस्थान प्रमुख डमी कार्ड तीन प्रतियों में डाउनलोड कर दो प्रतियां हस्ताक्षर-मुहर के साथ विद्यार्थियों को देंगे और एक प्रति कार्यालय में रखेंगे। एक शिक्षक प्रशिक्षण विशेषज्ञ ने कहा, डमी कार्ड की जांच से बाद में परीक्षा आवेदन और प्रवेश पत्र में होने वाली दिक्कतें घटती हैं। समिति ने स्पष्ट किया कि केवल नाम या माता-पिता के नाम में छोटे अक्षरगत सुधार, जन्म तिथि, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग और विषय जैसी प्रविष्टियों में संशोधन हो सकेगा, पूर्ण पहचान बदलने पर पंजीयन रद्द होगा। एक अभ्यर्थी ने कहा, ह्लसमय रहते सुधार का मौका मिलने से राहत है। लंबित शुल्क और आवेदन 25.04.2026 से 28.04.2026 तथा लंबित आवेदन 29.04.2026 तक जमा न होने पर मूल पंजीयन कार्ड नहीं मिलेगा और परीक्षा आवेदन नहीं हो पाएगा; जिम्मेदारी संस्थान और विद्यार्थी की होगी।

# सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार से की मुलाकात, 'मार्गदर्शक' से लिया आशीर्वाद

### नीतीश कुमार से मिले सम्राट चौधरी: 'एनडीए उनके बताए रास्ते पर है



**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पुनौराधाम निकलने से पहले राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार से मिले। फ्लोर टेस्ट के वक्त सम्राट चौधरी ने स्पष्ट कहा था कि नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही एनडीए की सरकार चल रही है। उनके ही बताए रास्ते पर हमलोग चल रहे हैं। विधानसभा में फ्लोर टेस्ट आसानी से पास करने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाईटेड के अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिलने एक अणे मार्ग पहुंचे। उनके साथ ललन सिंह भी मौजूद थे। सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार से आशीर्वाद लिया। करीब 15 मिनट तक तीनों नेताओं के बातचीत हुई। इसके बाद सम्राट चौधरी एक अणे मार्ग से रवाना हो गए। विजय सिन्हा उज्जैन गए सम्राट चौधरी आज सीतामढ़ी स्थित पुनौराधाम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना करने वाले हैं। पूजा करने के बाद मुख्यमंत्री जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य से भी मिलने जाएंगे। इधर, पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा उज्जैन स्थित महाकालेश्वर पहुंचे हैं। सुबह वह अपने परिवार के साथ भस्म आरती में शामिल हुए। 'लालू ने मेरे ऊपर अत्याचार किया' एक दिन पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के कार्यकाल की खूब तारीफ की थी। सदन में उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश विकसित हो। उसी तरह नीतीश कुमार चाहते हैं कि बिहार समृद्ध हो। उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि पाठशाला किसी की बपौती नहीं है। विरासत से बाहर निकलिए। मुझे बिहार की 14 करोड़ की जनता का आशीर्वाद प्राप्त है। मुझे लालू यादव ने जेल भिजवाया था। मेरे साथ साथ मेरे परिवार के 22 लोग जेल गए थे। अगर लालू यादव ने मुझ पर अत्याचार नहीं किया होता तो आज मैं बिहार का मुख्यमंत्री नहीं रहता है। इसीलिए कोई किसी पाठशाला से नहीं निकलता है। पूरा एनडीए एक है। उन्होंने कहा कि मैं 1995 में जेल में रहा। अगर मैं 1995 में नाबालिग रहता तो क्या जेल में रहता। मैं कोर्ट गया। उन्होंने अपनी डिग्री के सवाल पर कहा कि मैंने अपने एफीडेविट में सारी बातें स्पष्ट कर दी है।

## सड़क हादसे में भीम आर्मी नेता की मौत, बाइक सवार दोस्त घायल



**पटना (एजेंसी)** बेतिया में सड़क हादसे में भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश की मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त गंभीर रूप से घायल है. शादी समारोह से लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. बेतिया में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं. सुबह-सुबह हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. बेतिया-लौरिया मुख्य मार्ग पर जिनवलिया के पास शनिवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी. इस हादसे में भीम आर्मी के लौरिया प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दोस्त प्रदीप राम गंभीर रूप से घायल हो गए. मामले की जांच में जुटी पुलिस मृतक की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया गांव निवासी बृजेश राम के बेटे सूर्य प्रकाश के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त शुक्रवार को नौतन में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे और वहीं से लौटते वक्त यह हादसा हो गया. परिजनों को सुबह करीब साढ़े छह बजे हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद घर में कोहराम मच गया. घायल प्रदीप राम को इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है.

## कटिहार में महिला पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**पटना (एजेंसी)** बिहार के कटिहार जिले में एक महिला पर धारदार हथियार से हमला किया गया. घटना के वक्त महिला अपने दामाद के घर पर थी. हमले के बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया. यहां उसकी गंभीर स्थिति को देख पटना रेफर कर दिया गया. कटिहार जिले के फलका थाना इलाके के वाहिद नगर टोला में शुक्रवार की रात अपराधियों ने एक महिला पर हमला किया. महिला अपने दामाद के घर आई हुई थी. रात के वक्त वह घर में सो रही थी, तभी उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया. इसके बाद महिला बुरी तरह से घायल हो गई. महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है. घटना की जांच में जुटी पुलिस घटना की सूचना मिलते ही फलका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला अपने दामाद के घर आई हुई थी. रात में सोने के दौरान अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से उस पर वार कर दिया. हमले में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई. लेकिन आखिर महिला पर किसने और किस वजह से वार किया, यह अब तक पता नहीं चल पाया है. घटना को लेकर क्या कहना है पुलिस का? परिजनों ने तुरंत घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति नाजुक देख पटना रेफर कर दिया. फिलहाल हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है

## एक्टर सोनू सूद ने अनंत सिंह से वीडियो कॉल पर की बात, बोले- मुंबई आइए ना हमारे पास




**पटना (एजेंसी)** बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने मोकामा के विधायक अनंत सिंह से वीडियो कॉल पर बात की. बातचीत के दौरान सोनू सूद ने अनंत सिंह को मुंबई बुलाया. इस पर अनंत सिंह ने हामी भी भर दी है. यह वीडियो कॉल अब काफी चर्चा में आ गया है. मोकामा के विधायक अनंत सिंह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं. बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने विधायक अनंत सिंह से वीडियो कॉल पर बातचीत की. इससे जुड़े वीडियो की खूब चर्चा हो रही है. वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान सोनू सूद ने अनंत सिंह को मुंबई बुलाया. इस पर विधायक अनंत सिंह ने भी हामी भरी. वीडियो कॉल पर क्या-क्या हुई बात? बातचीत के दौरान बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने जदयू विधायक अनंत सिंह को कहा, मुंबई आइए ना हमारे पास. इस पर अनंत सिंह ने कहा, आ जायेंगे. आगे सोनू सूद ने कहा, मैं भी आऊंगा आपके पास, लिट्टी चोखा खाने आपके घर. सोनू सूद के इतना कहने पर विधायक अनंत सिंह ने हामी भरी. बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद से बातचीत के दौरान अनंत सिंह का अंदाज फिर सोशल मीडिया पर पसंद किया जा रहा है. पहले भी सोनू सूद कर चुके हैं अनंत सिंह की तारीफ इससे पहले एक्टर सोनू सूद, विधायक अनंत सिंह की जमकर तारीफ भी कर चुके हैं. बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने एक पॉडकास्ट में उनके व्यक्तित्व की खुलकर तारीफ की थी. अनंत सिंह का अंदाज सोनू सूद को खूब पसंद आया था. सोनू सूद ने बताया था कि वह अपनी फिल्मों के लिए लगातार लिखते रहते हैं. इसी दौरान उन्हें अनंत सिंह का कैरेक्टर काफी प्रभावित करने वाला लगा. उन्होंने कहा था, मोकामा के विधायक अनंत सिंह की पर्सनैलिटी अलग है. पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान सोनू सूद ने एक पुराना वीडियो भी याद किया था. उस वीडियो में एक रिपोर्टर ने अनंत सिंह से पूछा था कि बिहार में बढ़ते मर्डर पर क्या कहेंगे. इस पर अनंत सिंह ने जवाब दिया था कि मर्डर को नहीं रोका जा सकता. उन्होंने आगे कहा कि अभी हम आपका मर्डर कर देंगे तो सरकार कैसे रोकेगी. सोनू सूद ने कहा कि उनका यह बेबाक अंदाज उन्हें काफी अलग बनाता है. वह जैसे हैं, वैसे ही सामने आते हैं.

## घर से निकला युवक बना लाश, बांस झुरमुट में मिला शव, घर का चिराग बुझा



**पटना (एजेंसी)** शिवहर के तरियानी में एक युवक का शव संदिग्ध स्थिति में मिला है. शव बांस के झुरमुट में मिला है. युवक बीती रात से ही लापता बताया जा रहा था. आज सुबह-सुबह शव मिलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है. पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है. शिवहर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां एक 23 साल के युवक की लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. घटना के बाद गांव में डर और मातम का माहौल है. मामला तरियानी थाना क्षेत्र के औरा मलिकाना गांव का है. यहां रहने वाले रामबाबू सहनी के बेटे राहुल कुमार का शव घर से करीब 500 मीटर दूर बांस के झुरमुट में पड़ा मिला. जैसे ही लोगों को इसकी जानकारी हुई, मौके पर भीड़ जुट गई और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. बेटे का शव देखते बेसुध हुए पिता परिजनों के मुताबिक, राहुल शुक्रवार रात खाना खाने के बाद घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा. परिवार वाले पूरी रात उसकी तलाश करते रहे, मगर कोई सुराग नहीं मिला. शनिवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने सूचना दी कि राहुल का शव बसवारी में पड़ा हुआ है. बेटे की लाश देखते ही पिता बेसुध हो गए. सूचना मिलते ही तरियानी और तरियानी छपरा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को संभाला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है. हर एंगल से हो रही जांच थानाध्यक्ष विनय प्रसाद ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है. फिलहाल मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा. पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि सच सामने आ सके.

## औरंगाबाद में 75 लाख से ज्यादा की लूट, सोने के कंगन, हार, अंगूठी के साथ नगद भी ले उड़े चोर



**पटना (एजेंसी)** बिहार के औरंगाबाद जिले में शुक्रवार की रात चोरों ने 75 लाख से ज्यादा की चोरी की. चोर घर से सोने के कंगन, हार, अंगूठी के साथ-साथ नगद भी ले उड़े. मामला दाउदनगर थाना इलाके का है. फिलहाल, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है. बिहार के औरंगाबाद जिले में चोरों ने शुक्रवार की रात जमकर आतंक मचाया. जिले के दाउदनगर थाना इलाके के दाउदनगर-औरंगाबाद रोड में भखरुआं तिवारी मुहल्ला में एक बंद घर में भीषण चोरी की घटना घटी है. श्रीनाथ तिवारी के घर से अज्ञात चोरों ने लगभग 75 लाख के सोना-चांदी के जेवरात और एक लाख रुपए नगद चुरा लिए. कहां हुई चोरी की घटना? जानकारी के मुताबिक, जिस घर में चोरी की घटना घटी है, वह दाउदनगर-औरंगाबाद रोड पर अरविंद हॉस्पिटल के सामने सड़क से लगभग 100 फीट दूर है. घटना की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार की देर रात स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन भी किया. चोरी के वक्त कहां थे घर के मालिक मिली जानकारी के अनुसार, घर के मालिक अपनी पत्नी के साथ रांची में थे. घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए घर के मालिक के भाई दशरथ तिवारी की ओर से दाउदनगर थाना में आवेदन दिया गया है. आवेदन में कहा गया है कि सोने के दो चेन और दो हार, चार सोने का कंगन, चार सोने की अंगूठी, चार सोने का झुमका, दो सोने का नथिया-मांगटिका (सभी मिलाकर करीब 500 ग्राम सोना होगा) की चोरी हुई, जिसकी कीमत लगभग 75 लाख रुपए होगी. घटना के बारे में पुलिस ने क्या कहा? इसके अलावा एक लाख रुपए नगद भी चुरा लिए गए. घर में रखे गोदरेज, बक्सा, अलमारी और बैग सभी को ढूंढ कर चोरों ने सोने-चांदी के सारे जेवरात चुरा लिए. इतना ही नहीं, चोरों ने तोड़फोड़ भी किया है. घटना के बारे में अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है.

## बेटी की एक कॉल के बाद खत्म हो गई जिंदगी, रात में पिता से मांगा था सहारा, सुबह मिली लाश




**तिरहुत-मुजफ्फरपुर (एजेंसी)** वैशाली जिले के काजीपुर थाना क्षेत्र के असाधरपुर गांव में एक विवाहिता गुंजन कुमारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ससुराल से बरामद हुआ। मृतका के पिता ने पति पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने जांच शुरू कर दी है। वैशाली जिले के काजीपुर थाना क्षेत्र के असाधरपुर गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ससुराल से बरामद किया गया है। महिला की मौत की खबर फैलते ही गांव में काफी संख्या में लोग जुट गए। सूचना मिलते ही काजीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के परिजनों से पूछताछ के बाद मामले की जांच में जुट गई। मृतका की पहचान असाधरपुर गांव निवासी सुमन कुमार की पत्नी गुंजन कुमारी के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतका के पिता रामेश्वर पासवान ने बताया कि गुंजन की शादी वर्ष 2020 में सुमन कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ वर्षों बाद से ही दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। गुरुवार की रात गुंजन ने फोन कर बताया था कि सुमन किसी लड़की को घर लेकर आया है। इसी बात को लेकर मृतका के पिता अपने परिजनों के साथ बेटी के ससुराल जाने के लिए निकल ही रहे थे कि तभी फोन पर सूचना मिली कि गुंजन की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के घर में कोहराम मच गया। जब परिजन ससुराल पहुंचे तो देखा कि गुंजन का शव संदिग्ध अवस्था में घर में पड़ा था और उसकी गर्दन पर फंदे का निशान था। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उसके पति ने गला दबाकर उसकी हत्या की है और घटना को अंजाम देने के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो गए। एफएसएल टीम ने की जांच घटना की सूचना मिलते ही काजीपुर थाना प्रभारी विजय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। इस दौरान एफएसएल (फॉरेंसिक) टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच के दौरान कुछ सैंपल एकत्र कर अपने साथ ले गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में काजीपुर थाना प्रभारी ने बताया कि असाधरपुर गांव में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके ससुराल से बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।



# पौधे को कैसे होता है पुष्पित होने का एहसास

वैज्ञानिकों ने अंतत: 80 साल पुरानी एक पहेली को हल करने का दावा किया है कि पौधों को यह बात कैसे पता चलती है कि उन्हें कब पुष्पित होना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह उनके जीन्स में होता है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के एक दल के अनुसार फूल खिलने की प्रक्रिया किसी पौधे के पुष्पित पल्लवित होने के लिए महत्वपूर्ण होती है और इसके उचित समय का पता लगाने में आणविक घटनाक्रमों का सिलसिला होता है। जिसमें पौधे की जैविक घड़ी और धूप शामिल है। दल का नेतृत्व करने वाले प्रोफेसर ताकातो इमाइजुमी ने कहा कि अरबीडोप्सिस नामक अध्ययन में यह समक्षने का प्रयास किया गया कि किसी सामान्य पौधे में फूलों के खिलने का काम कैसे होता है। इससे यह समक्षने में बेहतरी होगी कि धान, गेहूं और जौ जैसी फसलों के तौर पर उगे और जटिल पौधों में ये ही जीन्स किस तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा, यदि हम फूल उगने के समय को नियमित कर सकते हैं तो इसे बढ़ाकर या इसमें देरी कर उपज बढ़ाने में सक्षम हो सकते हैं। प्रणाली को समझने से हमें इसमें बदलाव की सहजता होती है। साल में विशेष समयों पर पौधों के पुष्पित होते समय उनकी पत्तियों में फ्लोवरिंग लोकस टी नामक प्रोटीन बनता है जो इस प्रक्रिया को प्रेरित करता है। यह प्रोटीन पत्तियों से शूट एपेक्स में पहुंचता है जो पौधे का वह हिस्सा है जहां कोशिकाएं एक जैसी होती हैं। इसका मतलब है कि ये कोशिकाएं पत्तियां या फूल बन सकती हैं। इस शूट एपेक्स में प्रोटीन में आणविक बदलाव होते हैं जो कोशिकाओं को फूल बनने की दिशा में बढ़ाते हैं।



**क्या तुम्हें पता है कि हम इनसानों की तरह ही पेड़-पौधे भी आपस में बातें करते हैं! वो हमारी बात समझ सकते हैं। पेड़-पौधों को म्यूजिक सुनना भी पसंद है। वैज्ञानिक शोध में भी यह बात सामने आई है कि पेड़, फूलों के माध्यम से बातचीत करते हैं। पेड़ों के कम्युनिकेशन से जुड़ी कुछ मजेदार बातें**



# फूल और पौधे भी करते हैं बातें

हमने भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस का नाम सुना है न। उन्होंने ही सबसे पहले यह बात बताई थी कि पौधे यानी प्लांट भी संवेदनशील होते हैं और जब कोई उन्हें प्यार करता है, तो वे महसूस करते हैं। उन्हें भी अच्छा संगीत प्रभावित करता है। और पता है? पौधे न सिर्फ किसी चीज को महसूस करते हैं, बल्कि अपनी बात कहते हैं। लेकिन बोल कर नहीं, कुछ दूसरे तरीकों से। वे हमारी तरह ही एक्टिव रहते हैं। वे खतरे को भांप कर अपनी रक्षा के उपाय भी करते हैं। अपने साथी पौधों को इसकी सूचना भी देते हैं। ये कोई कल्पना भर नहीं है, बल्कि इसे लेकर कई रिसर्च हुए हैं और उनसे ये बातें पता चली हैं। आज हम तुम्हें पौधों के बारे में कुछ ऐसी ही दिलचस्प बातें बता रहे हैं।

## अपनी रक्षा के लिए आवाज लगाते हैं पौधे

फूल-पौधे कई बार अपनी सुगंध के जरिये अपनी रक्षा के लिए मदद मांगते हैं। जब कोई कीट पत्तियों, डालियों, फूलों को खा रहा होता है, तो अपनी महक के जरिये पौधे अपने मददगार इन्सेक्ट को आकर्षित करते हैं। ये इन्सेक्ट महक से आकर्षित होकर पौधे के पास आते हैं और उसे नुकसान पहुंचाने वाले कीटों (पेस्ट्स) को खा जाते हैं। जैसे कि तंबाकू का पौधा अपने सलाइवा की मदद से हॉर्नवर्म के कैटरपिलर को पहचान लेता है और फिर एक केमिकल सिग्नल छोड़ता है, जो कैटरपिलर के दुश्मन को आकर्षित करता है। फिर कुछ ही घंटों में कैटरपिलर का दुश्मन इन्सेक्ट यानी कीट पौधे के पास आ जाता है और उसे कैटरपिलर से छुटकारा दिला देता है।

## खतरे को देख अपनी सुरक्षा बढ़ा देते हैं पौधे

पता है, पौधे अपने आसपास के पौधों के केमिकल सिग्नल्स को समझ सकते हैं और कई बार दूसरे पौधों पर कोई खतरा मंडराता है, तब उस सिग्नल को देख अपनी सुरक्षा को बढ़ा देते हैं, क्योंकि उन्हें पता चल जाता है कि कोई भूखा इन्सेक्ट आसपास ही है। करीब पांच-छह साल पहले 48 स्टडी का विश्लेषण किया गया था, जिनमें यह बात पता चली कि पौधे अपनी सुरक्षा बढ़ा देते हैं, जब उनके आसपास के पौधों को नुकसान पहुंचता है। जैसे कि जब सेजब्रश को हॉर्नवर्म नुकसान पहुंचाता है, तो वह अपनी सुरक्षा में ट्रिप्सीन प्रोटीनेज इन्हिबिटर्स (टीपीआईज) प्रोटीन रिलीज करता है। टीपीआईज इन्सेक्ट को प्रोटीन डाइजेस्ट करने से रोक देते हैं और इन्सेक्ट की ग्रोथ को भी रोक देते हैं। जब आसपास के पौधे, यहां तक कि दूसरी प्रजाति के पौधे, सेजब्रश के नुकसान को भांप लेते हैं तो अपनी सुरक्षा की तैयारी कर लेते हैं।

## एक-दूसरे से मुकाबला करते हैं पौधे

तुम्हें पता है! पौधे सूरज की रोशनी, अपनी पोजीशन के लिए आसपास के पौधों के साथ धक्कामुक्की भी करते हैं। यह बात अलग है कि ऐसा वे अपने तरीके से करते हैं। एक झगड़ालू प्लांट है नैपवीड। नैपवीड की जड़ें एक खास किस्म का केमिकल रिलीज करती हैं, जो उसे मिट्टी से पोषक तत्व प्राप्त करने में मदद करता है। साथ ही वो केमिकल नैपवीड के आसपास की देसी घास को भी खत्म कर देता है। इस तरह नैपवीड अपने आसपास की जगह हथिया लेता है। है न यह स्वार्थी और बदमाश पौधा! लेकिन कुछ प्लांट स्मार्ट भी होते हैं और इस केमिकल के खिलाफ सुरक्षा कवच बना लेते हैं। ल्यूपिन की जड़ें ऑक्जेलिक एसिड निकालती हैं, जो नैपवीड द्वारा रिलीज किए जाने वाले नुकसानदायक केमिकल के खिलाफ एक बैरिकेड बना देती है। यहां तक कि ल्यूपिन आसपास के पौधों की भी नैपवीड जैसे आक्रामक पौधों से रक्षा करता है।

## अपने सहोदर को पहचानते हैं पौधे

जब किसी पौधे के पास दूसरा कोई पौधा या पौधे उग रहे होते हैं, तो वह उसे महसूस कर सकता है। जानवरों की तरह उनमें भी अपने सहोदर को पहचानने और मदद करने की प्रवृत्ति होती है। वे सूरज की रोशनी और दूसरी चीजों को हासिल करने में एक-दूसरे की मदद करते हैं और जब कोई दूसरा पौधा उनके ऊपर छाने लगता है, तो वे भी और बढ़ने लगते हैं।

एक पौधा है 'सी रॉकेट'। उसके साथ एक प्रयोग किया गया। जब उसे एक गमले में अपने 'सिबलिंग' के साथ उगाया गया, तो उसकी जड़ें कम फैलीं। जब उसे 'अपरिचित पौधों' के साथ दूसरे गमले में उगाया गया, तो उसने अपनी जड़ें ज्यादा फैला लीं, ताकि वह मिट्टी से अपने लिए पोषक तत्व ज्यादा ले सके, सूरज की रोशनी ज्यादा ले सके। यानी जब पौधे अपने सिबलिंग के साथ उगते हैं, तो एक-दूसरे की जरूरतों का ज्यादा ध्यान रखते हैं। एक और एक्सपेरिमेंट से यह पता चला कि पौधे अपने सिबलिंग को केमिकल सिगनल के जरिये पहचानते हैं।

## मैमल्स के साथ भी संपर्क करते हैं पौधे

पौधे केवल इनसेक्ट को ही आकर्षित नहीं करते, चमगादड़ जैसे मैमल्स को संदेश भेज कर अपने पास बुला लेते हैं। एक मांसाहारी पिचर प्लांट है- नेपेंथेस हेम्सलेना। उसके पास चमगादड़ (बैट) को आकर्षित करने का एक अनूठा सिस्टम है। इस प्लांट का आकार कटोरे या घड़े जैसा होता है। एक नई स्टडी के मुताबिक, इस प्लांट का स्ट्रक्चर ऐसा होता है कि उसके कारण चमगादड़ उसके पास खिंचे चले आते हैं और अपने मल-मूत्र के जरिये इस पिचर प्लांट को पोषक तत्व प्रदान करते हैं।





## कितने तरह की स्केटिंग

रोलर स्केटिंग, आइस स्केटिंग, इन लेन स्केटिंग। रोलर स्केटिंग का भारत में बहुत चलन है। इसे सीखना आसान है।

# स्केटिंग करो फिट रहो

स्केटिंग उतनी ही आसान और सुरक्षित है जितना कि दूसरे गेम खेलना, जैसे साइकिल चलाना, बास्केटबॉल या अन्य गेम खेलना। आजकल बहुत से स्कूलों में स्केटिंग सिखाई जाती है।

स्केटिंग केवल मनोरंजन का ही साधन नहीं है, बल्कि तुम इसे अपना कॅरियर भी बना सकते हो। स्केटिंग के भारत में बहुत से प्रक्षिशण केंद्र हैं, जो बच्चों को चुनकर उन्हें दूसरे देशों में चैम्पियनशिप के लिए भेजते हैं। लेकिन ये सब बातें करने से पहले यह जानो कि स्केटिंग के क्या फायदे हैं – स्केटिंग एक ऐसी व्यायाम की मशीन है, जिसको करने से तुमको मजा भी आता है और चुस्त और स्वस्थ रहते हो। पैरों की ताकत बढ़ती है। शरीर की सभी मसल्स की एक्सरसाइज हो जाती है।

रीढ़ की हड्डी भी सही रहती है।

हाथों और पैरों का सामंजस्य बनाए रखने में मदद मिलती है। दिमाग और समझने की क्षमता बढ़ती है। चौकन्ना रहकर सीखते हो।

स्केटिंग करना भागना और साइकिल चलाने से अधिक फायदेमंद है। तुमको सब बच्चों से मिलने का और बात करने का मौका मिलता है और नई जानकारी मिलती है।





# वृहस्पति का नया चंद्रमा!

दोस्तों, तुम्हें तो पता ही होगा कि वृहस्पति के पास सबसे अधिक उपग्रह हैं। अब ताजा खबर यह है कि वैज्ञानिकों ने इसका एक और नया उपग्रह खोज निकालने का दावा किया है। इसे वृहस्पति का 17वां उपग्रह माना जा रहा है। दरअसल, पिछले साल अरीजोना यूनिवर्सिटी और मैसाचुसेट्स के वैज्ञानिकों ने वृहस्पति के चारों ओर एक आकृति को चक्कर काटते देखा था। फिर स्पेसवॉच कार्यक्रम के तहत धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों को स्कैन कर दिया गया। जब उन्होंने इस नए उपग्रह को देखा तो उन्हें लगा कि यह या तो कोई क्षुद्रग्रह है या कोई धूमकेतु।

(क्षुद्रग्रह बर्फ और धुएं का छोटा सा हिस्सा होता है और सूर्य के चारों तरफ घूमता रहता है। जब यह सूर्य के पास पहुंचता है तो यह धूमकेतु वाष्पीकृत होकर सिर और पूंछ में तब्दील हो जाता है। सौर मंडल में क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति के बीच बड़े पैमाने पर पाए जाते हैं।)

वैज्ञानिकों ने इस बात पर विचार किया कि जो यह नई चीज दिखाई दे रही है, वह अगर क्षुद्रग्रह और धूमकेतु नहीं है तो आखिर क्या है? वैज्ञानिक इस बात को लेकर बड़ी उलझन में थे। वे सोच रहे थे कि हमने जो पिछले महीने ऑर्बिट में देखा था, वह आखिर क्या था? (सौर मंडल में ऑर्बिट एक ऐसा रास्ता है, जिसमें एक वस्तु दूसरी वस्तु के चारों ओर घूमती है। ऑर्बिट में हर चीज अपने आप में खास होती है।) वैज्ञानिकों ने पाया कि वृहस्पति ग्रह के चारों ओर घूमने वाला यह नया उपग्रह है, जो पहले नहीं देखा जा सका था। यही वजह है कि वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह के लिए कोई खास नाम नहीं रखा है। फिलहाल इसे एस/1999 जे नाम से पुकारा जा रहा है।

नए पाए गए उपग्रह का व्यास 5 किमी है। इसका मतलब यह है कि इस उपग्रह के एक छोर से दूसरे छोर तक पैदल चलने में केवल 5 किमी का सफर करना होगा। इस तरह देखा जाए तो यह वृहस्पति ग्रह का सबसे छोटा उपग्रह है। केवल वृहस्पति का ही नहीं, बल्कि इस सौर मंडल का यह सबसे छोटा उपग्रह होगा। इस उपग्रह के पाए जाने से पहले वृहस्पति का जो सबसे छोटा उपग्रह था, उसका नाम लेडा था। लेडा का व्यास 8 से 16 किमी तक था। अगर तुम ध्यान से देखोगे तो यह देखोगे कि इससे पहले भी वृहस्पति के उपग्रहों में हलचल दिखाई दी है। कुछ दिनों पहले वृहस्पति का सबसे बड़ा उपग्रह भी खोजा गया था। सबसे बड़े उपग्रह ने बहुत हलचल मचाई। यह उपग्रह हमारे सौर मंडल में पाया जाने वाला अकेला उपग्रह है, जहां धरती की तुलना में ज्वालामुखी गुण कहीं ज्यादा पाए जाते हैं। हम सभी यह जानते हैं कि यह वृहस्पति का आखिरी उपग्रह नहीं है। यह उपग्रह अपने अंदर बहुत से रहस्य समेटे हुए है, जो वक्त के साथ खोजने पर सामने आएंगे।

## हमारा चांद सबसे अनूठा

हमारे पास यानी पृथ्वी के पास एक ही चांद है, जिसे हम चंदा मामा कहते हैं। अपने सौरमंडल का सबसे चमकीला है अपना चंद्रमा। तुम्हें तो मालूम ही है कि हमारे और सूर्य के बीच में दो और ग्रह हैं। सूर्य के सबसे करीब बुध है और दूसरे स्थान पर शुक्र। हम तीसरे स्थान पर हैं। बुध और शुक्र के पास कोई चंद्रमा नहीं है, लेकिन हमारे पास एक चंद्रमा है। उस पर सूर्य की रोशनी पड़ती है और वह चमकता रहता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि हम कभी भी पूरे चांद को नहीं देख पाते। हमेशा उसका एक ही हिस्सा हम देख पाते हैं। जानते हो ऐसा क्यों होता है? ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जितने समय में वह हमारी पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है, उतने ही समय में अपनी धुरी पर भी एक चक्कर लगा लेता है। इस कारण हमें उसका एक ही हिस्सा दिखता है और दूसरा हिस्सा हमेशा अंधेरे में रहता है। चांद को पृथ्वी का एक चक्कर लगाने में लगभग 27 दिन 7 घंटे और 43 मिनट का समय लग जाता है। यह हमारी पृथ्वी से काफी करीब भी है। पृथ्वी से इसकी औसत दूरी लगभग 3 लाख 84 हजार 400 किलोमीटर है। यानी पृथ्वी से चंद्रमा की दूरी कभी कम और कभी अधिक हो जाती है। जब चंद्रमा पृथ्वी से दूर होता है, उस समय यह दूरी लगभग 4 लाख 5 हजार 500 किलोमीटर होती है और जब चंद्रमा पृथ्वी के करीब आ जाता है तो दोनों के बीच की दूरी 3 लाख 56 हजार 300 किलोमीटर हो जाती है। शायद तुम्हें यह मालूम नहीं होगा कि समुद्र में बड़ी-बड़ी लहरें कब और क्यों उठती हैं। यह अपने चंद्रमा के कारण ही होता है। जब चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी कम होती है तो समुद्र में ऐसी लहरें उठती हैं। इसका कारण है चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल। वैसे तो यह बल पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के छठे हिस्से के बराबर है, लेकिन समुद्र के पानी पर उसका असर हो ही जाता है। अगर तुम वहां जाना चाहो तो रॉकेट से सिर्फ 13 घंटे में पहुंच सकते हैं। प्रकाश को तो इतनी दूरी तय करने में दो सेकेंड भी नहीं लगते हैं। चंद्रमा का व्यास 3476 किलोमीटर है। अगर तुम ऐसे चार चंद्रमाओं को मिला दोगे तो जितना बड़ा चंद्रमा बनेगा, उतनी ही बड़ी है हमारी पृथ्वी। यानी हमारी पृथ्वी का लगभग एक चौथाई आकार है चंद्रमा का। यहां न तो हवा है और न ही मौसम। वैज्ञानिकों ने यह भी पता लगा लिया है कि पृथ्वी की एक बड़ी टक्कर से चंद्रमा बना। यह टक्कर आज से लगभग 4.5 अरब वर्ष पहले हुई थी।

# दिल्ली कैपिटल्स नहीं तोड़ पाई पंजाब किंग्स का तिलिस्म, श्रेयस अय्यर की टीम ने रचा इतिहास, सबसे बड़ी रन चेज को दिया अंजाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी दिल्ली कैपिटल्स पंजाब किंग्स का तिलिस्म नहीं तोड़ पाई। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने दिल्ली के खिलाफ 265 रनों का टारगेट हासिल कर इतिहास रच दिया है। पंजाब कि टीम अब सिर्फ आईपीएल में ही नहीं बल्कि टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा टारगेट चेज करने वाली टीम बन गई है। इस दौरान पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर ने धमाकेदार पारी खेली।

इस दौरान प्रभसिमरन सिंह ने 26 गेंदों पर 76 रनों की धमाकेदार पारी खेली तो अय्यर ने 36 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाए। दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में कुल 529 रन बने जो आईपीएल इतिहास में एक मैच में दोनों टीमों द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के लिए केएल राहुल ने 152 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को 264 के स्कोर तक पहुंचाया। ये राहुल के आईपीएल करियर का छठा शतक था। राहुल आईपीएल के इतिहास में बतौर भारतीय 150 रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। वहीं दूसरी तरफ नीतिश राणा का दिल टूटा। वह शतक के करीब पहुंचे, मगर पूरा नहीं कर पाए। राणा 91 के निजी स्कोर पर आउट हुए।



# DC vs PBKS मैच के दौरान बड़ा हादसा, लुंगी एनगिडी सिर के बल बुरी तरह गिरे, मैदान पर बुलानी पड़ी एम्बुलेंस




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरुण जेटली स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ कैच लेते समय लुंगी एनगिडी सिर पर जोरदार गिर पड़े जिस कारण माहौल गंभीर हो गया और एनगिडी को अस्पताल ले जाने के लिए मैदान पर एम्बुलेंस बुलानी पड़ गई।

पंजाब किंग्स जब 265 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो 2.3 ओवर में कैच लेने की कोशिश में एनगिडी बुरी तरह गिर पड़े। एनगिडी ने प्रियांश आर्य के बल्ले से निकली एक ऊंची गेंद को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह गेंद का अंदाजा ठीक से नहीं लगा पाए और जमीन पर गिर पड़े; उनके सिर का पिछला हिस्सा जोर से जमीन पर लगा।

गिरने की गंभीरता तुरंत बाद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ उनकी ओर दौड़ पड़े; इस घटना से कई लोग साफ तौर पर घबराए हुए दिख रहे थे। कुलदीप यादव, डेविड मिलर और अन्य खिलाड़ी पास ही खड़े थे और उनके चेहरों पर चिंता साफ झलक रही थी, जबकि फिजियो इस दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज का इलाज करने के लिए दौड़ते हुए मैदान पर पहुंचे।

मेडिकल स्टाफ ने तुरंत एनगिडी के गले में नेक ब्रेस (गले का पट्टा) पहना दिया, और मैदान पर स्ट्रेचर लाया गया; इसके तुरंत बाद एक एम्बुलेंस भी आ गई, जो चोट की गंभीरता का साफ संकेत था। एक शुरुआती सकारात्मक संकेत के तौर पर, लाइव विजुअल्स में एनगिडी इलाज के दौरान डॉक्टरों से बात करते हुए दिखे, जबकि सभी जरूरी सावधानियां बरती जा रही थीं।

जैसे-जैसे स्थिति सामने आ रही थी, पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग भी मैदान पर आ गए, जबकि दुश्मंथा चमीरा संभावित %कनकशन सब्स्टीट्यूट% (चोट लगने पर बदलने वाले खिलाड़ी) के तौर पर वार्म-अप करने लगे। मैदान के बीच में कई तनावपूर्ण मिनटों के बाद एनगिडी को सावधानीपूर्वक स्ट्रेचर पर लेटाकर मैदान से बाहर ले जाया गया और आगे की मेडिकल जांच के लिए एम्बुलेंस में अस्पताल भेजा गया।

# अभिषेक शर्मा की वृंदावन में चप्पल चोरी, भड़के भारतीय बल्लेबाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से गेंदबाजों के छक्के छुड़ा रहे सनराइजर्स हैदराबाद के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा के साथ वृंदावन में एक अजीबोगरीब घटना हो गई। अपनी मां के साथ बांके बिहारी मंदिर दर्शन करने गए अभिषेक की चप्पलें मंदिर परिसर से गायब हो गईं, जिससे वह काफी नाराज और परेशान नजर आए। यह घटना एक प्रशंसक द्वारा बनाए गए वीडियो के माध्यम से सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह वीडियो इसी आईपीएल सीजन का है या पहले का।

जानकारी के अनुसार, अभिषेक शर्मा अपनी मां के साथ भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन करने पहुंचे थे। जब वह पूजा-अर्चना के बाद मंदिर से बाहर निकले, तो जहां उन्होंने अपनी चप्पलें उतारी थीं, वे वहां नहीं मिलीं। वीडियो में सनराइजर्स के इस विस्फोटक सलामी बल्लेबाज को मंदिर के बाहर इधर-उधर अपनी चप्पलों की तलाश करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो बनाने वाले प्रशंसक ने इसमें पीछे से कमेंट्री करते हुए पूरे वाकये को बयां किया। उसने कहा कि अभिषेक शर्मा और उनकी माताजी की चप्पलें भीड़भाड़ के कारण कहीं इधर-उधर हो गई हैं और लाख तलाशने के बावजूद नहीं मिल रही हैं। इस घटना से भारतीय बल्लेबाज अभिषेक काफी नाराज और परेशान दिखे, क्योंकि उन्हें नंगे पैर ही रहना पड़ रहा था। प्रशंसक ने आगे बताया कि किसी ने जानबूझकर अभिषेक शर्मा की चप्पलें गायब नहीं की थीं, बल्कि अत्यधिक भीड़ के कारण वे अपनी जगह से हट गई थीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, मंदिर प्रशासन ने तुरंत हस्तक्षेप किया और अभिषेक शर्मा के लिए नई चप्पलों की व्यवस्था की, जिसके बाद ही वह वहां से निकल पाए। यह घटना एक ऐसे समय में हुई है जब अभिषेक शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 (स्रोत के अनुसार) में बल्ले से धमाल मचा रहे हैं।

अभिषेक ने मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक सात मैचों में कुल 323 रन बनाए हैं, जिसमें उनकी सबसे बड़ी और विस्फोटक पारी 135 रनों की रही थी, जो उन्होंने हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए पिछले ही मैच में बनाई थी। इस दमदार प्रदर्शन के साथ वह लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। वृंदावन में हुई इस मामूली लेकिन असहज घटना ने निश्चित रूप से उन्हें कुछ देर के लिए परेशान किया होगा, लेकिन उम्मीद है कि इसका असर उनके शानदार खेल पर नहीं पड़ेगा। यह घटना दर्शाती है कि आम लोगों की तरह ही खिलाड़ी भी ऐसी परेशानियों का सामना करते हैं।

# आईपीएल 2026: पंत और रहाणे के बीच करो या मरो की जंग

**-प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए जीतना जरुरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का घमासान जारी है और इस बीच लखनऊ सुपर जायंट्स तथा कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाला मुकाबला सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि कप्तानों के धैर्य और नेतृत्व क्षमता की असली परीक्षा बन गया है। दोनों ही टीमों के कप्तान, ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे, अपनी-अपनी टीमों के निराशाजनक प्रदर्शन के चलते भारी दबाव में हैं। यह भिड़ंत दोनों टीमों के लिए प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए करो या मरो का युद्ध साबित होगी, जहाँ एक हार उन्हें टूर्नामेंट से लगभग बाहर कर सकती है।




कोलकाता नाइट राइडर्स का इस सीज़न में प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद टीम प्रबंधन ने अजिंक्य रहाणे पर अपना भरोसा बरकरार रखा था, लेकिन इस सीज़न में भी टीम अपेक्षित लय हासिल करने में नाकाम रही है। उन्हें अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए सात मैच खेलने पड़े, और वह भी टीम के सामूहिक प्रयास के बजाय रिंकू सिंह की शानदार पारी की बदौलत ही संभव हो पाई थी। टीम की तेज गेंदबाजी और स्पिन विभाग में साफ तौर पर कमजोरी दिखाई दे रही है, जिससे विरोधी बल्लेबाज आसानी से रन बटोर रहे हैं। वरुण चक्रवर्ती का फॉर्म टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है, और लगातार प्लेइंग इलेवन में बदलाव करने से टीम का संतुलन बिगड़ गया है। अजिंक्य रहाणे ने व्यक्तिगत रूप से कुछ मैचों में रन अवश्य बनाए हैं, लेकिन टी20 प्रारूप के हिसाब से उनकी स्ट्राइक रेट उम्मीद के मुताबिक नहीं रही है, जो टीम को तेज शुरुआत देने में बाधा डालती है। लगभग 38 वर्ष की आयु को देखते हुए, इस तेज-तर्रार फॉर्मेट में लंबे समय तक कप्तानी की जिम्मेदारियां निभाना उनके लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है, और उनके फैसलों पर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स का हाल भी कुछ ठीक नहीं है। टीम ने अब तक खेले गए मैचों में सिर्फ दो जीत दर्ज की हैं और प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा उन पर लगातार मंडरा रहा है। लगातार चार हार ने टीम का मनोबल पूरी तरह से तोड़ दिया है और वे आत्मविश्वास की कमी से जूझते दिख रहे हैं। कप्तान ऋषभ पंत खुद भी खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं, जो टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की एक अच्छी पारी खेलने के बाद, पंत अगली पांच पारियों में सिर्फ 72 रन ही बना पाए हैं, जो उनकी क्षमता से बहुत कम है। हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वे मात्र तीन गेंदों का सामना कर शून्य पर आउट हो गए थे, जिससे उनकी आलोचना में और भी इजाफा हुआ है। लखनऊ का अपने घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड भी बेहद खराब रहा है; पिछले सीज़न में उन्होंने 8 में से 6 मैच गंवाए थे, और इस सीज़न में भी वे 3 मैच हार चुके हैं। कुल मिलाकर, 24 मैचों में उन्हें केवल 9 जीत मिली हैं, जो घरेलू लाभ न उठा पाने की कहानी कहती है। निकोलस पूरन और एडेन मार्करम जैसे विदेशी खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है, जिससे टीम की बल्लेबाजी और संतुलन दोनों प्रभावित हुए हैं।

हालांकि, कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए एक अच्छी खबर यह है कि श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की वापसी से उनकी गेंदबाजी मजबूत हुई है। उनकी सटीक यॉर्कर गेंदबाजी टीम के लिए एक बड़ा हथियार साबित हो सकती है, जो आखिरी ओवरों में रन रोकने में मददगार होगी। इन दोनों कप्तानों के रिकॉर्ड भी उनकी टीमों की मौजूदा स्थिति को बखूबी दर्शाते हैं- अजिंक्य रहाणे ने केकेआर के लिए 20 मैचों में 6 जीत और 12 हार देखी हैं, जबकि ऋषभ पंत ने एलएसजी के लिए 21 मैचों में 8 जीत और 13 हार का सामना किया है। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि दोनों ही कप्तानों को न सिर्फ अपनी टीमों को जीत की राह पर लाना होगा, बल्कि अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन से भी मिसाल कायम करनी होगी, वरना उनके कप्तानी करियर पर तलवार लटक सकती है।

# टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट से पहले पाकिस्तान दौरे पर जाएंगी जिम्बाब्वे

हरारे । 12 जुलाई से इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्वकप महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारी के लिए जिम्बाब्वे की टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी । यह पहली बार होगा जब जिम्बाब्वे की महिला टीम पाक का दौरा करेगी ।इसे दोनों देशों के क्रिकेट संबंधों में एक नया दौर शुरु होगा ।इस दौरे से जहां दोनो टीमों को अभ्यास का अवसर मिलेगा ।वहीं महिला क्रिकेट के वैश्विक विकास में भी इससे सहयोग मिलेगा ।इस दौरे में जिम्बाब्वे तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और इतने ही टीम 20 मुकाबले खेलेगी। सभी मैच पाकिस्तान के कराची स्थित प्रतिष्ठित नेशनल बैंक स्टेडियम में खेले जाएंगे ।कार्यक्रम के अनुसार, जिम्बाब्वे की टीम 29 अप्रैल को कराची पहुंचेगी ।इसके बाद, 3 मई से एकदिवसीय मैचों के साथ दौरे की आधिकारिक शुरुआत होगी । एकदिवसीय सीरीज के बाद, 12 मई से तीन मैचों की टी-20 सीरीज शुरु होगी ।इससे दोनो ही टीमों को खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी क्षमताओं को आंकने का अवसर मिलेगा ।पिछले कुछ समय से लगातार खराब प्रदर्शन से परेशान पाक टीम के लिए भी यह सीरीज तैयारी के लिहाज से बेहद अहम रहेगा ।जो 12 जून से शुरू होगी ।घरेलू हालातों में एक अंतरराष्ट्रीय टीम के खिलाफ खेलना, टीम को अपनी रणनीति को परखने, विभिन्न खिलाड़ियों को आजमाने और विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले अपनी लय हासिल करने का बेहतरीन अवसर होता है ।

# आरसीबी ने लगाई अंक तालिका में छलांग, दूसरे स्थान पर पहुंची

नई दिल्ली ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 34वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से मात देकर अंक तालिका में बड़ी छलांग लगाई है। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में विराट कोहली की 81 और देवदत्त पडिक्कल की 55 रन की शानदार पारियां गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन के शतक पर भारी पड़ गईं। गुजरात टाइटंस द्वारा दिए गए 206 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य को आरसीबी ने 18.5 ओवर में ही आसानी से हासिल कर लिया। कोहली और पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई 115 रन की साझेदारी इस जीत का मुख्य कारण बनी ।इस जीत के साथ, आरसीबी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जिससे प्लेऑफ की दौड़ और भी रोमांचक हो गई है। रन चेज के उस्ताद विराट कोहली ने जैकब बेथेल के जल्दी आउट होने के बाद गुजरात के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। गुजरात के बल्लेबाजों ने पहली पारी में काफी संभलकर रन बनाए थे, लेकिन कोहली ने पिच की उछाल और गति को बखूबी समझा ।उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा जैसे तेज गेंदबाजों का आसानी से सामना किया और मैदान के चारों ओर रन बटोरे ।इस जीत के साथ आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को नेट रन रेट के आधार पर पीछे छोड़ते हुए अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया ।मौजूदा चैंपियन टीम ने अब सात मैचों में पांच जीत दर्ज कर ली हैं और वे सीजन के महत्वपूर्ण दौर में मजबूत स्थिति में दिख रहे हैं। अंक तालिका की ताजा स्थिति पर नजर डालें तो श्रेयस अय्यर की टीम पंजाब किंग्स 6 मैच खेलकर 5 जीत और एक बेनतीजा रहे मुकाबले के दम पर 11 अंकों के साथ टॉप पोजिशन पर काबिज है। गुजरात को हराने के बाद, नेट रन रेट में सुधार के चलते आरसीबी 7 मैचों में 5 जीत और 10 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर आ चुकी है ।तीसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है, जिनके पास भी 7 मैच खेलने के बाद 5 जीत से 10 अंक हैं ।इस मुकाबले में अपनी शानदार पारी के दम पर विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। इतने ही मुकाबले के बाद 4 जीत से 8 अंक लेकर सनराइजर्स हैदराबाद चौथे नंबर पर है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 3 जीत हासिल करने के बाद पांचवें स्थान पर है।

# बांग्लादेश की नाहिदा और शर्मिन पर आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन का जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के खिलाफ बुधवार को राजशाही में खेले गए दूसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के अलग-अलग स्तर 1 के उल्लंघनों के लिए बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर और शर्मिन सुल्ताना पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। दोनों खिलाड़ियों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला है, जो पिछले 24 महीनों में उनका पहला ऐसा अपराध है। यह घटनाएँ खेल भावना और क्रिकेट के सम्मान को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करती हैं।




स्पिनर नाहिदा को श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू को 17वें ओवर में आउट करने के बाद एक एनिमेटेड सेंड-ऑफ देने के लिए दंडित किया गया था। इस तरह का व्यवहार अक्सर विपक्षी खिलाड़ी के प्रति असम्मानजनक माना जाता है और खेल की गरिमा के विरुद्ध होता है। दूसरी ओर, बल्लेबाज शर्मिन को बांग्लादेश की पारी के 16वें ओवर में एलबीडब्ल्यू आउट दिए जाने के बाद अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए दंडित किया गया। उन्होंने मैदान से जाने में देरी की और फैसले से असहमति व्यक्त करते हुए अपने बल्ले की ओर इशारा किया, जो अंपायर के निर्णय पर सवाल उठाने के समान है।

मैच अधिकारियों ने इन उल्लंघनों को गंभीरता से लिया। आरोप ऑन-फील्ड अंपायरों एलोइस शेरिडन और रोकैया सुल्ताना, तीसरे अंपायर डॉली रानी सरकार और चौथे अंपायर शथिरा जाकिर जेसी द्वारा लगाए गए थे। एक औपचारिक सुनवाई से बचने के लिए, नाहिदा और शर्मिन दोनों ने अपने अपराधों को स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी सुप्रिया रानी दास द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को भी स्वीकार कर लिया। आईसीसी इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करता है, क्योंकि यह युवा खिलाड़ियों के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित करता है और खेल की छवि को धूमिल करता है। यह घटनाएँ खिलाड़ियों को मैदान पर अपने आचरण के प्रति अधिक सचेत रहने की याद दिलाती हैं।

# विराट कोहली ने अभिषेक शर्मा से छीनी ऑरेंज कैप, आईपीएल 2026 में बने नंबर वन बल्लेबाज




नई दिल्ली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का रोमांच अपने चरम पर है, और हर गुजरते मैच के साथ ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस और भी दिलचस्प होती जा रही है ।टूर्नामेंट के 34वें मुकाबले में जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीमें आमने-सामने उतरीं, तो किसी ने नहीं सोचा था कि एक ही मैच के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में इतना बड़ा फेरबदल देखने को मिलेगा ।इस मैच में विराट कोहली के बल्ले से निकली आतिशी पारी ने न केवल बेंगलुरु को एक महत्वपूर्ण जीत दिलाई, बल्कि किंग कोहली को एक बार फिर रनों के शिखर पर लाकर खड़ा कर दिया है, जिससे उन्होंने ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है ।इस मैच के बाद आईपीएल 2026 की ऑरेंज कैप लिस्ट पूरी तरह बदल गई है ।मैच से पहले जो विराट कोहली टॉप-5 से बाहर थे, अब वह सीधे पहले पायदान पर पहुंच गए हैं ।विराट ने इस सीजन में अब तक 7 मैचों में 328 रन बना लिए हैं और वह फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं ।विराट के ठीक पीछे सनराइजर्स हैदराबाद के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का नाम है ।अभिषेक ने भी इस सीजन में अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है और वह 7 मैचों में 323 रनों के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हैं ।उनके ही साथी और हैदराबाद के विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 7 मैचों में 320 रन बनाकर तीसरे स्थान पर बने हुए हैं ।हैदराबाद के इन दो बल्लेबाजों और विराट कोहली के बीच रनों का अंतर बहुत कम है, जिससे आने वाले मैचों में यह जंग और भी रोचक होने वाली है ।गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 6 मैचों में 297 रनों के साथ चौथे नंबर पर आ गए हैं, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स के संजू सैमसन 7 मैचों में 293 रनों के साथ पांचवें पायदान पर खिसक गए हैं ।

# आरसीबी आक्रामक अंदाज में खेलती रहेगी : बोबाट

बेंगलुरु । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने कहा है कि उनकी टीम इस सत्र में आगे भी आक्रामक रणनीति से ही खेलती रहेगी ।बोबाट ने कहा कि कप्तान रजत पाटीदार के नेतृत्व में टीम जिस प्रकार से आगे बढ़ रही है उससे हम सभी उत्साहित हैं ।कप्तान टीम की सभी योजनाओं को बेहतर तरीके से अमल में लाने में सफल हुए हैं ।बोबाट ने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ी निडर होकर खेल रहे हैं और इसी कारण टीम को आगे भी सफल होने की उम्मीद है ।उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि हम आक्रामक क्रिकेट ही खेलते रहे मैं चाहता हूं कि हम साहसी बनें ।बोबाट ने विशेष रूप से उन अवसरों पर ध्यान देने को कहा है जब साहस की सबसे अधिक जरुरत होती है। उनके अनुसार, ऐसे मौकों पर साहसी बनें जब सच में हिम्मत की जरूरत हो ।जब मैच दांव पर लगा हो या हालात थोड़े कठि हो जाएं, अगर हम हर दौर में आक्रामक और साहसी बने रहें तो मुझे लगता है कि हम वैसा ही खेलेंगे जैसा हम खेलना चाहते हैं ।यह टीम को हर प्रकार के हालातों में चाहे वह दबाव भरे हो या चुनौतीपूर्ण, अपनी स्वाभाविक आक्रामक शैली से न हटने को प्रेरित करता है ।बोबाट ने पाटीदार को इस आक्रामक सोच का एक प्रमुख उदाहरण बताया ।उन्होंने कहा कि पाटीदार टीम की रणनीति पर बने रहे हैं और मैदान पर लगातार आक्रामक तरीके से फैसले लेते रहे हैं। उन्होंनें कहा, हम अपनी रणनीति में आक्रामक तरीकों को प्राथमिकता देते हैं पर मैदान पर रजत को अपने फैसले स्वयं लेते हैं और वह इसमें काफी कुशल हो गये हैं। ।पाटीदार की सबसे बड़ी खासियत उनका शांत स्वभाव है जिससे उनपर दबाव नहीं पड़ता है ।।जब हालात थोड़े मुश्किल हो जाते हैं तो वह शांत रहने और अपनी सोची हुई योजनाओं पर टिके रहते हैं। बोबाट ने कहा ।उन्होंने आगे कहा कि बल्लेबाजी में पाटीदार का यह शांत और आक्रामक स्वभाव उन्हें आगे बढ़कर टीम की अगुवाई करने में बहुत अच्छा बनाता है।




# श्रीलंका को 2027 एकदिवसीय विश्वकप में खिताबी दावेदार बनाना है लक्ष्य : कर्स्टन

कोलंबो । श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के नये मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने अपना पद संभाल लिया है और श्रीलंकाई टीम को 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए तैयार करने की योजना भी बना ली है ।कर्स्टन का कहना है कि वह एकदिवसीय विश्व कप के लिए एक ऐसी मजबूत टीम तैयार करना है, जो खिताब की दौड़ में एक प्रमुख दावेदार के तौर पर सामने आये ।कर्स्टन ने टीम को बेहतर बनाने की अपनी रणनीति की जानकारी देते हुए कहा, हम सभी प्रारुप में टीम से बेहतर प्रदर्शन चाहते हैं क्योंकि आने वाले समय में विश्वकप के अलावा कई और मुकाबले भी हैं। ।2027 का एकदिवसीय विश्व कप अगले साल अक्टूबर और नवंबर में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा ।श्रीलंका के लिए इसमें बेहतर प्रदर्शन करना आसान नहीं होगा। साल 2011 के बाद से टीम एक बार भी एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई है ।वहीं कर्स्टन ने साफ कर दिया है कि उनकी प्राथमिकता सभी प्रारूपों के लिए एक सबसे संतुलित और सक्षम टीम तैयार करना है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस समय मेरी प्राथमिकता यही है, और मैंने इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है ।हमारा ध्यान अलग-अलग प्रारूपों में विभिन्न भूमिकाओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने पर केंद्रित है, जिससे टीम हर स्थिति में मजबूत दिख सके ।इससे साफ है कि उका यह दिखाता है कि वह केवल एक-दिवसीय क्रिकेट पर नहीं, बल्कि सभी प्रारुपों के लिए बेहतर टीम तैयार करने पर जोर दे रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंका ने हाल ही में टी20 विश्व कप के कुछ मैचों में कुछ अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे यह पता चलता है कि खिलाड़ियों में काफी क्षमताएं मौजूद है। हमें बस इस क्षमता को निरंतरता में बदलने की जरूरत है, कर्स्टन ने जोर दिया ।उनका मानना है कि सही मार्गदर्शन और दृढ़ता के साथ, श्रीलंकाई टीम निश्चित रूप से 2027 विश्व कप में अपना प्रभाव दिखा सकती है ।

# राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने पर खुशदिल शाह का फूटा गुस्सा, बोले- 700-800 रन बनाकर भी ड्रॉप किया

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज खुशदिल शाह राष्ट्रीय टीम में चयन न होने से गहरे हताश हैं। वर्तमान में पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे खुशदिल ने हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए अपनी निराशा व्यक्त की। यह नाराजगी पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा के साथ एक बातचीत के दौरान सामने आई, जहां खुशदिल ने टीम से बाहर रखे जाने पर अपना पक्ष रखा। खुशदिल ने गुरुवार को लाहौर कलंदर्स के खिलाफ गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स को पांच विकेट से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां उन्होंने मात्र 14 गेंदों में 44 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। इस मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मैच के बाद खुशदिल शाह ने रमीज राजा से स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं अन्य खिलाड़ियों से अलग हूँ। मैं न तो सोशल मीडिया पर सक्रिय रहता हूँ और न ही पुरानी बातों का रोना रोता हूँ कि मेरे साथ क्या गलत हुआ। मैंने हाल ही में पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 700-800 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक और कई बड़ी पारियां शामिल हैं। इतने सब के बावजूद, मुझे टीम से ड्रॉप कर दिया गया। खुशदिल ने आखिरी बार सितंबर 2025 में यूएई के खिलाफ पाकिस्तान के लिए खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए अब तक 15 वनडे और 38 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।


लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में, लाहौर कलंदर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उनके सलामी बल्लेबाज फखर जमां ने 41 गेंदों में 61 रन और अब्दुल्ला शफीक ने 36 गेंदों में 62 रन की शानदार पारियां खेलीं। मोहम्मद और सिकंदर रजा ने 18-18 रन का योगदान दिया, जबकि डेनियल सैम्स ने 20 और कप्तान शाहीन अफरीदी ने 10 रन बनाए। कराची किंग्स के लिए मोईन अली ने दो विकेट लिए, जबकि हसन अली और रिजवानुल्लाह को 1-1 विकेट मिला।

200 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करने उतरी कराची किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही, जब डेविड वॉर्नर और जेसन रॉय सस्ते में आउट हो गए। रॉय 5 गेंद में 9 और रीजा हैंड्रिक्स 9 गेंद में 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सलमान आगा ने 15 गेंद में 14 रन बनाए। हालांकि, मोईन अली ने 17 गेंद में 39 रन की दमदार पारी खेली और आजम खान ने 8 गेंद में 14 रन का योगदान दिया। कप्तान डेविड वॉर्नर ने एक छोर संभाले रखा और 44 गेंदों में 9 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 63 रन बनाए। लेकिन यह खुशदिल शाह की विस्फोटक पारी थी, जिसने कराची किंग्स को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। लाहौर के लिए उबैद शाह ने तीन विकेट चटकाए, पर वे टीम को जीत नहीं दिला पाए। खुशदिल की यह पारी ऐसे समय में आई है जब वह राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह को लेकर जूझ रहे हैं, और उनके इस प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं पर निश्चित रूप से दबाव बढ़ा दिया है।



# कैंसर बचाव के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं : उपराष्ट्रपति

एजेंसी




**जयपुर :** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि कैंसर से लड़ने और विजय प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क से मजबूत रहना जरूरी है। उन्होंने कैंसर से बचाव के लिए विशेष रूप से युवाओं से नशीले पदार्थों और तंबाकू आदि से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कैंसर से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कैंसर उपचार के अंतर्गत कीमोथेरेपी जैसी कठिन उपचार विधि के स्थान पर नवीनतम चिकित्सा अनुसंधानों में टैबलेट के जरिए उपचार की पहल उत्साहजनक है। उपराष्ट्रपति शनिवार को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में कैंसर सरवाइवर्स डे के अवसर पर कैंसर सोसाइटी द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुद्ध पानी की उपलब्धता सबके लिए आवश्यक है। प्रतिवर्ष कैंसर के रोगी बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कैंसर के उपचार के तहत कैंसर रोगियों को प्रति वर्ष पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज मिलता है। इसमें सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी जैसे प्रमुख कैंसर उपचार शामिल हैं। यह योजना देशभर के सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में ब्रेस्ट, फेफड़े और मुंह के कैंसर सहित अन्य प्रकारों के इलाज को कवर करती है। गरीब मरीजों के इलाज के लिए एकमुश्त 15 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भी ग्रामीण क्षेत्रों में 75 प्रतिशत राशि का व्यय कैंसर बचाव के लिए किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर इस समय देश में द्वितीय सबसे अधिक होने वाला कैंसर है। इसके बचाव के लिए वेक्सिनेशन के साथ उपचार के लिए कारगर प्रयासों की पहल केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा की गई है। राजस्थान कैंसर से लड़कर उससे मुक्त होने वालों में अग्रणी है। जो लोग कैंसर से लड़कर आज यहां उपस्थित हैं, वे प्रेरणा देने वाले हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि जिस तरह से टीबी मुक्त अभियान चलाकर उससे मुक्ति के प्रभावी प्रयास हुए हैं, उसी तरह कैंसर मुक्त राजस्थान अभियान चलाकर प्रभावी प्रयास किए जाने की जरूरत है। बागड़े ने कहा कि तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट वालों को कैंसर अधिक होता है। इसलिए इनसे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक वातावरण जीवन को ऊर्जा देता है। जल में घुलने वाले केमिकल, खेती में रसायनिक उर्वरकों के उत्पादों से कैंसर होता है। इसलिए आमजन को शुद्ध पानी, केमिकल मुक्त उत्पाद कैसे मिले, इस पर अधिकाधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि कैंसर जागरूकता के लिए प्रभावी प्रयास जरूरी है। उन्होंने राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इससे पहले उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन, राज्यपाल बागडे तथा चिकित्सा मंत्री खींवसर ने कैंसर सर्वाइवर से संबंधित फिल्म का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन अग्रवाल एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## हर जरुरतमंद को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : ऊर्जा मंत्री तोमर

एजेंसी



**ग्वालियर :** मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को ग्वालियर में अपने रेसकोर्स रोड स्थित 38 नम्बर सरकारी कार्यालय पर आमजन की समस्याएं सुनी और उनका त्वरित निदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आम जनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। हर जरुरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना प्रदेश सरकार का संकल्प है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हर जिला, तहसील स्तर पर आम जनों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला अभी थमने वाला नहीं है। शहर के प्रत्येक नागरिक को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना ही शासन की प्राथमिकता है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने आह्वान किया कि हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाएंगे और एक नया स्वस्थ, हरा-भरा, नशा मुक्त समाज बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए साथ मिलकर अपना सहयोग देना होगा। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन, नगर निगम, विद्युत विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर आवेदक की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।

## महापौर ने स्वामी दयानंद अस्पताल में अत्याधुनिक एडवांस आई केयर सेंटर का किया उद्घाटन

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शनिवार को स्वामी दयानंद अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक में स्थापित एडवांस आई केयर सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल भी वहां उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि, यह केंद्र आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ सेवाओं से सुसज्जित है, जिससे पूर्वी दिल्ली सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्चस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान महापौर ने अस्पताल के लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट एवं आईसीयू का निरीक्षण किया तथा यहां उपलब्ध अत्याधुनिक कंटीन्यूअस रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि, इसके साथ ही अस्पताल में उच्चस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधाओं के तहत एनडी याग लेजर मशीन, ग्रीन लेजर मशीन तथा ऑप्टिकल कोहरेंस टोमोग्राफी मशीन ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। ये मशीनें ग्लूकोमा एवं डायबिटिक रेटिनोपैथी जैसी गंभीर नेत्र रोगों की रोकथाम और दृष्टि सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली के नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वामी दयानंद अस्पताल में एडवांस आई केयर सेंटर की स्थापना इस दिशा में एक मजबूत कदम है। नगर निगम निरंतर प्रयास कर रहा हैं कि हर नागरिक को समय पर, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले। आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता के माध्यम से दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## सुरक्षा और कार्यकुशलता को बढ़ाने को लेकर एनएफआर द्वारा बुनियादी ढांचे का हो रहा आधुनिकीकरण

एजेंसी




**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे अपने बुनियादी ढांचे की निरंतर निगरानी और आधुनिकीकरण के माध्यम से रेल परिचालन की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

पूरे जोन में ट्रेनों की सुरक्षित और कुशल आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत प्रणालियों को अपनाना इसका एक प्रमुख फोकस क्षेत्र बना हुआ है। मार्च 2026 के दौरान, एनएफआर ने सिग्नलिंग और सुरक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं।

जोन के कटिहार, अलीपुरद्वार, रंगिया और लामडिंग मंडलों के पांच स्टेशनों पर क्लैम्प प्रकार लॉकिंग के साथ थिक वेब स्विच प्वाइंट मशीनें स्थापित की गई हैं। कटिहार, अलीपुरद्वार और तिनसुकिया मंडलों के सात स्टेशनों पर सिस्टम इंटीग्रिटी परीक्षण किया गया, जबकि सभी मंडलों में 32 लेवल क्रॉसिंग गेटों को कवर करते हुए व्यापक सिस्टम इंटीग्रिटी परीक्षण अभियान भी पूरा किया गया। इसके अतिरिक्त, लामडिंग और रंगिया मंडलों में कई लेवल क्रॉसिंग गेटों को परिचालन सुरक्षा बढ़ाने के लिए इंटरलॉक किया गया है। सिग्नलिंग अवसंरचना को और सुदृढ़ करते हुए, कटिहार, लामडिंग और रंगिया मंडलों के विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेटों पर 10 स्लाइडिंग बूम स्थापित किए गए हैं। तिनसुकिया मंडल के 02 स्टेशनों पर ऑटोमैटिक फायर डिटेकशन एवं अलार्म सिस्टम चालू की गई है, जिसमें 02 स्थानों पर उन्नत एस्पिरेशन प्रकार प्रणालियों में अपग्रेडेशन भी शामिल है। इसके अलावा, तिनसुकिया मंडल के 02 लेवल क्रॉसिंग गेटों पर पुराने यांत्रिक प्रणालियों को बदलकर इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर स्थापित किए गए हैं, जिससे रेल-सड़क क्रॉसिंग पर सुरक्षा में सुधार हुआ है। सिग्नलिंग केबल की मेगरिंग 11 स्टेशनों और 12 लेवल क्रॉसिंग गेटों पर की गई है, ताकि विश्वसनीयता और उपयुक्त इन्सुलेशन प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। सुरक्षा उपकरणों की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए सभी मंडलों में विभिन्न क्षमताओं की कुल 1,258 सिग्नलिंग बैटरियों को बदला गया है। इसके साथ ही, पूरे जोन में 246 ग्लूड जॉइंट्स और 92 इंटीग्रेटेड प्रकार के सिग्नल एलईडी का प्रतिस्थापन भी किया गया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोघाट में किया रोड शो

**हुगली :** हुगली जिले के गोघाट में चुनावी माहौल के बीच भारतीय जनता पार्टी ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए जोरदार प्रचार अभियान चलाया। शनिवार को पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में गोघाट के बेतरा इलाके में वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो किया। जानकारी के अनुसार, वे हेलीकॉप्टर से बेतरा पहुंचे और वहां से खुली गाड़ी में सवार होकर बदनगंज बस स्टैंड तक रोड शो किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। पूरे इलाके में भाजपा के झंडे, बैनर और नारों से माहौल गूंज उठा। रोड शो के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि 4 मई के बाद पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में गुंडाराज और भ्रष्टाचार का अंत होगा।

## बीईएमएल में 'आदित्य' परिसर के उद्घाटन ने हाई-स्पीड रेल प्रौद्योगिकी को एक नया आयाम दिया : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी



**बेंगलुरु :** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु स्थित बीईएमएल लिमिटेड के तिप्पसंद्र परिसर में हाई-स्पीड रेल उत्पादन के लिए निर्मित अत्याधुनिक 'आदित्य' कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में हाई-स्पीड रेल तकनीक का विकास भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाई-स्पीड रेल तकनीक अत्यंत जटिल और उन्नत तकनीकी क्षमता की मांग करती है। भारत में इस तकनीक का स्वदेशी विकास न केवल रेलवे क्षेत्र के लिए बल्कि देश की औद्योगिक और तकनीकी प्रगति के लिए भी एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि नव-निर्मित 'आदित्य' कॉम्प्लेक्स को फिलहाल बी-28 कोचों के विकास और निर्माण के लिए तैयार किया गया है, जो भविष्य की हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड ट्रेनों के आने से बड़े शहरों के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी और वे एकीकृत आर्थिक क्षेत्रों के रूप में विकसित होंगे। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि चेन्नई और बेंगलुरु के बीच यात्रा समय घटकर लगभग 73 मिनट रह जाएगा, जिससे व्यापार, उद्योग, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। रेल संपर्क को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मुंबईझबेंगलुरु के बीच नई रेल सेवाएं शुरू करने की घोषणा भी की गई। मंत्री ने बताया कि हुबली मार्ग से एलएचबी कोचों वाली नई मेल एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएगी। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस भी जल्द शुरू की जाएगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक आरामदायक और तेज होगी। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए मंत्री ने मंगलुरुझबेंगलुरु वंदे भारत सेवा शुरू करने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इस सेवा को आगे मडगांव और अन्य तटीय शहरों से जोड़ने की संभावना पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इससे कर्नाटक के तटीय और आंतरिक क्षेत्रों के बीच आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हासनझमंगलुरु सेक्शन का विद्युतीकरण कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही रेलवे सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम भी लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और परिचालन दक्षता दोनों में सुधार होगा।

## एक नजर

### नेपाल में चीन के राजदूत ने की कानून मंत्री से मुलाकात



**काठमांडू:** नेपाल की कानून, न्याय एवं संसदीय मामलों की मंत्री सोविता गौतम से चीन के राजदूत झैंग माओमिंग ने शिष्टाचार मुलाकात की। राजदूत माओमिंग ने नवनियुक्त मंत्री गौतम को बधाई दी।
मंत्री गौतम ने बताया कि नेपाल सरकार सुशासन, तीव्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास, डिजिटल परिवर्तन और प्रभावी सार्वजनिक सेवा प्रदान करने को उच्च प्राथमिकता देकर काम कर रही है। इस दौरान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक मित्रता एवं साझेदारी को और मजबूत बनाने, निवेश, पर्यटन तथा कानून और न्याय क्षेत्र में सहयोग विस्तार करने के विषय पर सकारात्मक चर्चा हुई। मंत्रालय के अनुसार न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल परिवर्तन, ज्ञान आदान-प्रदान और विधि के शासन को मजबूत करने के मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग बढ़ाने की समझ बनी।

### पुलिस रिमांड के बाद सांसद अमृतपाल सिंह को डिब्रूगढ़ जेल वापस भेजा गया



**डिब्रूगढ़ :** 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख और खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह को शनिवार को डिब्रूगढ़ पुलिस स्टेशन में दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल पुनः भेज दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून/राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत उनकी हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद पंजाब पुलिस द्वारा उन्हें दोबारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद, शुक्रवार को सांसद को एक स्थानीय अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। यह मामला फरवरी, 2024 में जेल की एनएसए सेल से कुछ गैर-कानूनी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद होने से जुड़ा है। यह कार्यवाही ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास चंदन सैकिया के सामने हुई, जिसमें सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस स्टेशन से पेश किया गया।

### औद्योगिक इकाइयों और पावर प्लांट में सुरक्षा नियमों के सख्त पालन के निर्देश

**कोरबा :** जिले में औद्योगिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में आज शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों और पावर प्लांट्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर ओंकार यादव ने सक्ती जिले के ग्राम सिंघीतरई में हाल ही में हुई दुर्घटना का हवाला देते हुए सभी उद्योगों को सतर्क रहने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर यादव ने कहा कि, कोरबा एक प्रमुख औद्योगिक जिला है, इसलिए यहां सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपकरण, मशीनें और संसाधन उपलब्ध होना चाहिए और उनका नियमित रूप से सही संचालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने सपत्नीक किए महाकाल के दर्शन, भस्म आरती में भी हुए शामिल



**उज्जैन :** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को धर्मपत्नी सुशीला देवी के साथ मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचकर विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दर्शन किये। उन्होंने सपत्नीक भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया और बिहार की समृद्धि, कल्याण, और सनातन संस्कृति की सकारात्मक ऊर्जा के लिए प्रार्थना की। बिहार में इन दिनों नई सरकार के गठन की कवायद चल रही है। एक दिन पहले यानी शुक्रवार को ही बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्वास मत जीता है। इसी बीच पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा शनिवार तड़के करीब चार बजे उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर में नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती के दर्शन किए और भगवान महाकाल का स्मरण किया। आरती के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन-अभिषेक कर कान में अपनी मनोकामना भी कही। उन्होंने मंदिर के चांदी द्वार से भगवान महाकाल को जल अर्पित किया। इस दौरान पुजारियों ने विधि-विधान से उनका पूजन-अभिषेक कराया। दर्शन के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा कि कालों के काल महाकाल की नगरी उज्जैन में सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि हर बिहारी का गौरव बना रहे, सभी स्वस्थ रहें और महाकाल की कृपा सब पर बनी रहे। भस्म आरती में भांग-चन्दन से सजे बाबा महाकाल, उमड़ा जनसैलाब शनिवार को वैशाख शुक्ल पक्ष की नवमी पर तड़के हुई भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का भाग-चंदन से विशेष श्रृंगार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। बाबा महाकाल के दर्शन के लिए भक्त देर रात से ही कतारों में लग गए थे।
मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार तड़के हुई भस्म आरती में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में विराजित सभी देव प्रतिमाओं का विधिवत पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। भव्य श्रृंगार में बाबा महाकाल को रजत ह्यॐह्न बिल्वपत्र मुकुट, रुद्राक्ष की माला अर्पित की गई। मस्तक पर त्रिपुण्ड, त्रिशूल, डमरू और शेषनाग के रजत मुकुट से अलंकृत किया गया। इसके साथ ही रजत की मुंडमाल, रुद्राक्ष और सुगंधित पुष्पों की मालाएं पहनाई गईं, जिससे बाबा का स्वरूप अत्यंत आकर्षक नजर आया।

### दलबदल कानून अपने उद्देश्य में विफल, पुनर्विचार की जरूरत : शांता कुमार



**शिमला :** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि भारत में जिस भावना के साथ दलबदल कानून बनाया गया था, वह अपने उद्देश्य को पूरा करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है। उन्होंने वर्तमान कानून की खामियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज की व्यवस्था ऐसी है जिसमें यदि कोई व्यक्ति अकेले चोरी करता है तो उसे सजा मिलती है, लेकिन यदि पूरा समूह मिलकर घर लूट ले तो उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के राज्यसभा के सात सांसदों के मामले में दलबदल के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होना इस कानून की कमजोरियों को दशार्ता है। शांता कुमार ने शनिवार को एक बयान में देश की राजनीति के गिरते स्तर पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति सेवा, ईमानदारी और राष्ट्रहित के लिए की जाती थी, लेकिन आज यह केवल सत्ता और कुर्सी तक सीमित होकर रह गई है। उन्होंने कहा कि गुलाम भारत के समय राजनीति पूरी तरह देश के लिए समर्पित थी। भगत सिंह जैसे हजारों देशभक्तों ने मातृभूमि की सेवा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, लेकिन आजाद भारत में राजनीति का केंद्र बिंदु राष्ट्रहित की बजाय व्यक्तिगत और राजनीतिक स्वार्थ बन गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से आग्रह किया कि दलबदल कानून पर पुनर्विचार किया जाए और ऐसे प्रावधान लाए जाएं जो सामूहिक दलबदल को भी स्पष्ट रूप से दंडनीय बनाएं।

### दिल्ली-एनसीआर में सोमवार से गर्मी से राहत की उम्मीद



**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर के लोगों को भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से रविवार को भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पश्चिम की दिशा से आने वाली गर्म हवाओं के कारण दिल्ली का तापमान सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर चला गया है। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है क्योंकि इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश का भी पूवार्नुमान है।
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार का अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात में उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। अगले दिन दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में 26 अप्रैल को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। इस दिन यहां का अधिकतम तापमान 41-43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है जबकि न्यूनतम तापमान कई जगहों पर सामान्य से अधिक रह सकता है। हवाओं की गति दोपहर में 25 किमी और शाम में 15 किमी रहने की संभावना है। दिल्ली में 27 अप्रैल को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है क्योंकि इस दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश का पूवार्नुमान है। दिन के समय हवा की गति 30-40 किमी और न्यूनतम तापमान कई जगहों पर सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। दिल्ली के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अगले 3 दिनों के दौरान लू चलने की चेतावनी दी है। इस सप्ताह पश्चिम बंगाल, सिक्किम समेत पूर्वोत्तर भारत में कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**